खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 37°C
न्यूनतम : 22°C

हल्द्वानी, रविवार 24 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 267 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 | 6 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



तीन बार ईंधन मूल्य में वृद्धि, सरकार में नेतृत्व संकट का संकेत : खड़गे पेज 2



एसआरएच के खिलाफ मैच के बाद कोहली ने हेड से नहीं मिलाया हाथ खेल टाइम्स



ट्रम्प की धमकियों पर ईरान का पलटवार पेज 11



'पेड्डी' दे सकती है रामचरण के करियर को नई पहचान बॉलीवुड


# ट्रम्प ने पीएम मोदी को दिया अमेरिका आने का न्योता

## अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो दिल्ली में प्रधानमंत्री से मिले, अमेरिकी मीडिया बोली: यह डैमेज कंट्रोल की कोशिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सेवा तीर्थ में मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता दिया। दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो-पैसिफिक सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में पश्चिम एशिया की स्थिति और ईरान संकट पर भी बातचीत हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी एलिसन हूकर भी मौजूद थीं। रुबियो की यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के सिर्फ 7 दिन बाद हो रही है। ऐसे में अमेरिकी मीडिया का कहना है कि रुबियो की यह यात्रा सिर्फ कूटनीतिक नहीं बल्कि डैमेज कंट्रोल मिशन भी है। ट्रम्प की हालिया चीन यात्रा ने एशिया की राजनीति में नई बेचैनी पैदा कर दी है। बीजिंग में ट्रम्प ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की। उन्होंने शी को महान नेता और खास दोस्त बताया। रिपोर्ट के मुताबिक, रुबियो का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है।



- दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो- पैसिफिक सहयोग आदि मुद्दों पर चर्चा की

### भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना वेनेजुएला

**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मच गई है। ऐसे वक्त में जब मिडिल ईस्ट के देशों की तेल सप्लाई पर असर पड़ा, तब वेनेजुएला अचानक भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर बनकर उभरा है। एनर्जी ट्रैक करने वाली एजेंसी केप्लर के डेटा के मुताबिक, वेनेजुएला ने मई 2026 में सऊदी अरब और अमेरिका दोनों को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल रूस और यूएई ने ही वेनेजुएला से ज्यादा तेल सप्लाई किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने भारत को वेनेजुएला से होने वाली तेल सप्लाई अप्रैल के मुकाबले करीब 50 फीसदी बढ़ गई है।

### 19वें रोजगार मेले में 51000 युवाओं को जॉब लेटर मिले

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने 51 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए अपाइंटमेंट लेटर दिए। इसमें चुने गए युवाओं को रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग, वित्तीय सेवा और उच्च शिक्षा समेत कई सरकारी विभागों में नौकरी मिली। देश के 47 शहरों में हुए 19वें रोजगार मेले में पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से बातचीत भी की। इससे पहले देशभर में 18 रोजगार मेले हो चुके हैं, जिनमें करीब 12 लाख युवाओं को अपाइंटमेंट लेटर दिए जा चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा मैंने कई देशों की बड़ी कंपनियों के नेताओं के साथ बातचीत की।

## संक्षिप्त समाचार



ऐश्वर्या राय बच्चन फ्रांस के कान्स में आयोजित 79वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फिल्म द बर्थडे पार्टी के प्रीमियर के दौरान।

### सुप्रीम कोर्ट ने मामलों की लिस्टिंग को लेकर नया आदेश किया जारी

**नई दिल्ली।** ईद- उल- अज़हा (बकरीद) की छुट्टी में बदलाव के कारण सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने मामलों की लिस्टिंग को लेकर नया आदेश जारी किया है। सीजेआई के निर्देशानुसार, अब 28 मई को अदालत में छुट्टी रहेगी और 27 मई को नियमित कामकाज होगा। अधिवक्ता और वादकारी ध्यान दें कि 28 मई के सूचीबद्ध मामले अब एक दिन पहले यानी 27 मई को ही सुनवाई के लिए टेक-अप किए जाएंगे।

### नीट पेपर लीक की आरोपी फिजिक्स टीचर सस्पेंड

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के स्कूल सेठ हीरालाल सरस्वती प्रशाला ने सीनियर फिजिक्स लेक्चरर मनीषा संजय हवलदार को नीट पेपर लीक में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तारी के बाद तुरंत सस्पेंड कर दिया है। स्कूल सेक्रेटरी डा. सतीश गावड़े ने बताया कि मनीषा, 1992 से संस्थान में फिजिक्स की लेक्चरर हैं। उनके पास एमएससी, बीएड की डिग्री है। वह 30 जून को रिटायर होने वाली हैं। गावड़े ने मनीषा के इस काम को छात्रों, संस्थान और देश के साथ विश्वासघात बताया।

### अमरनाथ से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें आई

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि 6 से 7 फीट का शिवलिंग अपना आकार ले चुका है। इस दौरान सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने सबसे पहले शिवलिंग के दर्शन भी किए। अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई 2026 से शुरू होकर 9 अगस्त 2026 तक चलेगी। इन दिनों रास्ते में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है।

### राघव चड्ढा रास की याचिका समिति के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** 'आप' छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राघव चड्ढा को उच्च सदन की याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने हाल ही में राज्यसभा की याचिका समिति का पुनर्गठन किया था। उन्होंने इस समिति के लिए सदन के दस सदस्यों को मनोनीत किया है और श्री चड्ढा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# लश्कर की करतूत था पहलगाम हमला

## NIA की चार्जशीट में खुलासा, पाकिस्तान के कसूर में रहता है मास्टरमाइंड साजिद जट्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था। यह खुलासा नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की चार्जशीट में हुआ है। हमले का मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा आतंकी सैफुल्लाह उर्फ सैफुल्लाह साजिद जट्ट उर्फ लंगड़ा था। साजिद, पाकिस्तान के लाहौर में कसूर में रहता है।

साजिद जट्ट ही आतंकियों का मेन हैंडलर था। हमले के दौरान उसने तीनों आतंकियों से लगातार संपर्क बनाए रखा। वह उन्हें रियल टाइम डायरेक्शन दे रहा था। उसने ही हमले वाली जगह बैसरन वैली की लोकेशन भेजी थी। हमले के दौरान भी वह लगातार आतंकियों से बात कर रहा था। 15 दिसम्बर 2025 को दाखिल चार्जशीट की डिटेल्स अब सामने आई हैं। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम से 6 किमी दूर बैसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट्स की मौत हुई थी। 16 लोग घायल हुए थे। लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था। एनआईए चार्जशीट के मुताबिक टूरिस्ट गाइड परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार वक्त रहते जानकारी देते, तो हमला को टाला जा सकता था। दोनों गाइड ने आतंकियों को बैसरन में देखा था, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बताया। दोनों गाइड्स गिरफ्तार हो चुके हैं। हमले से एक दिन पहले तीनों आतंकियों ने गाइड परवेज की झोपड़ी में खुदा के नाम पर मदद मांग कर खाना खाया। जाते वक्त रोटी-सब्जी भी साथ ले गए थे। तीनों आतंकियों ने फायरिंग से पहले बैसरन घाटी में एक पेड़ के नीचे खाना खाया। वारदात के बाद तीनों ने धार्मिक नारे लगाते हुए हर्ष फायरिंग भी की थी। चार्जशीट के मुताबिक यह हमला धर्म के आधार पर टारगेटेड मर्डर का है, जिसमें 25 टूरिस्ट और एक लोकल की मौत हुई। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में मारे गए तीन पाकिस्तानी आतंकियों को भी आरोपी बनाया है। साजिद, 2005 में बॉर्डर क्रॉस करके दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में घुसा था। पैर में गोली लगने के कारण साजिद नकली पैर लगाता है। इसलिए उसे लंगड़ा कहा जाता है। उस पर भर्ती, फंडिंग, घुसपैठ और आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देने के आरोप हैं। 2019 में साजिद जट्ट लंगड़ा ने ही लश्कर के प्रॉक्सी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को खड़ा किया था। उसे जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों का हैंडलर और ऑपरेशनल कमांडर माना जाता है। एनआईए ने उसे कई हमलों की साजिश से जोड़ा है, जिनमें पहलगाम हमला, डांगरी हमला, पुंछ एयरफोर्स काफिले पर हमला और रियासी बस हमला शामिल हैं। आतंकी लंगड़ा और उसके तीनों गुर्गे 20 अक्टूबर 2024 को श्रीनगर की जेड मोड़ टनल फायरिंग में भी शामिल थे।

- 2019 में द रेजिस्टेंस फ्रंट बनाया था साजिद जट्ट ही आतंकियों का मैन हैंडलर था



### भारत ने हमले के विरोध में पाक पर की थी एयरस्ट्राइक

भारत ने पहलगाम हमले का बदला लेते हुए 6-7 मई की रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक की। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। भारत ने 24 मिसाइलें दागीं थीं। इसमें 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।एनआईए के मुताबिक पहलगाम आतंकी हमले में शामिल पाक आतंकी फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान भाई और हमजा अफगानी को सुरक्षा बलों ने 28 जुलाई, 2025 को ढेर कर दिया था। भारत के टॉप वांटेड में शामिल आतंकी लंगड़ा पर 10 लाख का इनाम है।


# तीसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल व CNG के दाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे महंगा होकर 99.51 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसके दाम 92.49 रुपये पर पहुंच गए हैं।

इसके अलावा दिल्ली- एनसीआर में सीएनजी की कीमतें 1 रुपये किलो बढ़ गई हैं। इस बदलाव के बाद दिल्ली में सीएनजी अब 81.09 प्रति किलो मिलेगी। पिछले 10 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले सरकार ने 15 मई को सीएनजी के दाम 2 रुपये और फिर 18 मई को 1 रुपये बढ़ाए थे। नई कीमतें 23 मई से लागू हो गई हैं। ईंधन की कीमतों में 9 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। 4 दिन पहले 19 मई को पेट्रोल और डीजल के दामों में एवरेज 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि, 15 मई को भी कीमतों में 3 प्रति लीटर का इजाफा किया गया था। में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि से ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे। ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी। सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा देखने को मिल सकता है। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

- पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे और सीएनजी एक रुपये किलो तक हुई महंगी



# लेह के पास सेना का चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**नई दिल्ली।** लेह के पास पूर्वी लद्दाख के ऊंचे इलाके वाले तांगत्से सेक्टर में एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन एक वरिष्ठ कमांडर समेत भारतीय सेना के तीन जवान सुरक्षित बच गए।

उन्हें मामूली चोटें आई हैं। यह घटना 20 मई को लद्दाख के ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाके में एक ऑपरेशनल उड़ान के दौरान हुई थी। इस दुर्घटना की जानकारी शुक्रवार को ही सामने आई। लद्दाख दुनिया के सबसे मुश्किल उड़ान वाले इलाकों में से एक है। अधिकारियों के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में सेना की तीसरी इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल सचिन मेहता सवार थे।

- तीन अधिकारियों को आई मामूली चोटें

# तेलंगाना में हीटवेव से 16 मौतें

**नई दिल्ली।** देश का अधिकांश हिस्सा तेज गर्मी और लू की चपेट में है। तेलंगाना में अब तक गर्मी और हीटवेव की वजह से 16 मौतें हो चुकी हैं।

राज्य के राजस्व मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के 11 राज्यों में तापमान 40 डिग्री से 47 डिग्री के बीच रहा। इन 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। सबसे ज्यादा तापमान यूपी के बांदा में 47 डिग्री और एमपी के नौगांव में 46.8 डिग्री रहा। अगले 2 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। शुक्रवार को दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में सभी शहर भारत के रहे। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा के कई शहर दोपहर से पहले ही 42 से 44 डिग्री तक पहुंच गए। अकेले उत्तर प्रदेश के 22 शहर गर्म शहरों की लिस्ट में थे। सुबह 10:50 बजे ओडिशा का बलांगीर 45 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। दोपहर होते-होते विदर्भ के ब्रह्मपुरी में देश का सबसे ज्यादा 47.2 डिग्री तापमान रहा।



- यूपी के बांदा में पारा 47 डिग्री रहा

# कॉकरोच जनता पार्टी का दावा: वेबसाइट बंद, इंस्टाग्राम हैक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार को सरकार पर इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने और वेबसाइट बंद करने का आरोप लगाया।

पार्टी ने सुबह 8.25 बजे एक्स पोस्ट में बताया कि सीजेपी का इंस्टाग्राम अकाउंट एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। इसके बाद पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने दोपहर 1.14 बजे एक्स पर कहा कि सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे। अभिजीत ने लिखा कि सरकार कॉकरोच से इतनी डरी हुई क्यों है? लेकिन यह तानाशाही रवैया भारत के युवाओं की आंखें खोल रहा है। आप अकाउंट को हैक करके उन पर रोक लगा सकते हैं, लेकिन आप इस आंदोलन को हैक नहीं कर सकते। इधर, पर्यावरणविद और शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने 'कॉकरोच मूवमेंट' का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मैं न बेरोजगार हूं, न आलसी, इसलिए पार्टी का सदस्य नहीं बन सकता। लेकिन मैं खुद को ऑनरेरी कॉकरोच मानता हूं। सोशल मीडिया पर सीजेपी के अकाउंट बनने के बाद 8 दिनों के दौरान इंस्टाग्राम पर दोपहर 2 बजे तक 2 करोड़ 20 लाख फॉलोअर्स हो चुके हैं। एक्स पर पहला अकाउंट ब्लॉक हो गया था। 21 मई को नया अकाउंट बना और उस पर भी फॉलोअर्स की संख्या 2 लाख पार हो चुकी है। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को दावा किया था कि उन्हें व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकियां मिली हैं।




- फाउंडर बोले- सरकार तानाशाह, आंदोलन नहीं रोक सकती, सोनम वांगचुक ने कहा: मैं भी कॉकरोच

## मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन,गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र के 75 जिलों में चलेगी बाल श्रमिक विद्या योजनाः योगी

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रमिक राज्य की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। श्रमिकों को सम्मानजनक जीवन, शिक्षा और सुरक्षित कार्य वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा में शनिवार को मुख्यमंत्री ने कई निर्देश दिए। उन्होंने बाल श्रमिक विद्या योजना को नए प्रावधानों के साथ सभी 75 जिलों में लागू करने को कहा। अभी यह योजना 20 जिलों में चल रही है। योजना में 8 से 18 वर्ष के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों से जोड़कर आर्थिक मदद दी जाती है। मुख्यमंत्री ने 'सेवामित्र व्यवस्था' को और प्रभावी बनाने को कहा। सरकारी विभागों में भी इसके उपयोग से पारदर्शिता बढ़ेगी और स्थानीय रोजगार मिलेगा। पोर्टल पर अभी 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं।

### मायावती आज करेंगी चुनावी तैयारियों की समीक्षा

**लखनऊ (ब्यूरो)।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती रविवार को लखनऊ में पार्टी की बड़ी और विशेष बैठक को संबोधित करेंगी। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह बैठक रविवार सुबह 11 बजे बसपा राज्य कार्यालय, 12 माल एवेन्यू में होगी। बैठक में उत्तर प्रदेश के सभी स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष शामिल होंगे। इसमें पार्टी संगठन की जमीनी और आर्थिक मजबूती तथा सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने को लेकर पिछली बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी। बैठक में आगामी विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों और पार्टी प्रत्याशियों के चयन को लेकर गहन समीक्षा होगी।

## पीएम पर अभद्र टिप्पणी, अजय राय पर केस

**महोबा, वार्ता**



- महोबा पुलिस ने विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, बिना सूचना निकाला था काफिला


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ महोबा पुलिस ने विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि सदर कोतवाली में भाजपा कार्यकर्ता नीरज रावत की तहरीर पर कांग्रेस नेता अजय राय के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राय शुक्रवार को प्रशासन को पूर्व सूचना दिए बिना महोबा पहुंचे और मुख्यालय स्थित सिंह वाहिनी नगर (समद नगर) में अपहरण एवं गैंगरेप की शिकार नीट छात्रा तथा उसके परिजनों से मुलाकात की। तहरीर के अनुसार अजय राय के काफिले के कारण नगर की यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के दौरान उन्होंने सार्वजिनक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कथित तौर पर अशोभनीय एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भावनाएं आहत हुईं। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, सचिव ब्रजराज सिंह अहिरवार तथा 25 से 30 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 126(2), 352, 196(1), 189(2) और 132 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अजय राय के कथित बयान को लेकर महोबा में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा कार्यकर्ता और मोदी समर्थक सड़कों पर उतर आए थे, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई थी। हालांकि, विवाद बढ़ने पर अजय राय ने सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो को भाजपा द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से तैयार किया गया बताते हुए इसे उन्हें बदनाम करने की साजिश करार दिया।

## उप्र में बिजली कटौती राजनीतिक मुद्दा बनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- भीषण गर्मी में बिजली संकट पर सियासी घमासान शुरू
- विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्ताधारी भाजपा विधायकों ने भी चरमराती बिजली व्यवस्था पर सवाल खड़े किए

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती अब बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गई है। विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने भी अपने क्षेत्रों में चरमराती बिजली व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही यह मामला सियासी तूल पकड़ चुका है। विपक्ष के साथ ही अपनी पार्टी के विधायकों का आरोप झेल रहे ऊर्जा मंत्री अरविद कुमार शर्मा ने कहा है कि वे सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सुझावों का स्वागत करते हैं और जनता की शिकायतों के समाधान के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। दरअसल लखनऊ पूर्व से भाजपा विधायक ओपी श्रीवास्तव ने ऊर्जा मंत्री अरविद कुमार शर्मा को पत्र लिखकर अपने क्षेत्र इंदिरा नगर, मुंशीपुलिया, लक्ष्मणपुरी, रवीन्द्रपल्ली, निशातगंज, कल्याणपुर, महानगर, विकास नगर और गोमती नगर समेत कई इलाकों में अघोषित बिजली कटौती से जनता को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। इससे पहले सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह और लखनऊ उत्तर के विधायक नीरज बोरा भी अपने क्षेत्रों में बिजली संकट को लेकर मंत्री को पत्र लिख चुके हैं। कुछ दिन पहले ही मंत्री बने ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने भी आंधी से क्षतिग्रस्त हुए बिजली तंत्र के कारण आपूर्ति बाधित होने पर चिंता जताई थी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने उत्तर प्रदेश बिजली निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर सिद्धार्थनगर जिले में लम्बी बिजली कटौती की शिकायत की।

उन्होंने कहा कि इटवा विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर कटौती की जा रही है और तत्काल आपूर्ति बहाल करने की मांग की। वहीं बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भीषण गर्मी में कम आपूर्ति और कटौती से गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और मेहनतकश लोगों का जीवन कष्टदाई हो गया है। उन्होंने सरकार से तत्काल सुधार और नए बिजलीघरों से आपूर्ति बढ़ाने की अपील की। इधर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी बिजली की मांग और दाम तो बढ़ रहे हैं, लेकिन आपूर्ति नहीं बढ़ रही। उन्होंने सरकार की नई उत्पादन क्षमता को लेकर योजना पर सवाल उठाए।

### कई जिलों में सुबह 11 बजे से सड़कों पर सन्नाटा पसर गया

## उप्र में लगा लू का कर्फ्यू, जल्द पड़ेंगी फुहारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- अधिक इलाकों में लू का असर रात को भी दिखने लगा
- बिजली की किल्लत से यूपी के लोग परेशान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार जारी है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भीषण लू तथा पश्चिमी हिस्सों में तेज धूलभरी हवाओं और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।

इस बीच प्रचंड गर्मी और लू से शनिवार को भी लोग बेहाल रहे। सुबह 11 बजे से सड़कों पर आमतौर पर सन्नाटा पसर गया। सड़कों पर यातायात सामान्य से काफी कम रहा। इस दौरान व्यवसायिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं हालांकि सड़क किनारे बेल का शर्बत, आम का पना, गन्ने का रस, लस्सी, नीबूं पानी और कोल्ड ड्रिक्स बेचने की पौ बारह रहीं। प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में लू का असर रात को भी दिखने लगा है। गर्म हवाएं रात को भी सता रही है।

मौसम के तल्ख मिजाज के बीच राज्य में बिजली की मांग पीक आवर्स में 30 हजार मेगावाट से अधिक पहुंचने लगी है। बिजली विभाग मांग और आपूर्ति में तालमेल बैठाने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहा है मगर जर्जर ट्रांसफार्मरों और केबिलों के दगा देने से कई इलाकों में बिजली की आवाजाही लगातार बनी हुई है। बिजली की किल्लत से परेशान कुछ स्थानों पर विद्युत उपकेंद्रों पर उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच नोकझोंक आम होती जा रही है। गर्मी और लू के चलते बीमारियों ने भी पांव पसारना शुरु कर दिया है, नतीजन अस्पतालों और नर्सिंग होम्स में मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। इनमें से अधिकांश मरीज डिहाइड्रेशन,बुखार के थे। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि गर्मी को देखते हुए तेल मसाला युक्त भोजन, बासी भोजन,फास्ट फूड आदि से परहेज करें। भूख से कुछ कम खाएं और खीरा, ककड़ी, पपीता, खरबूजा और तरबूज आदि फल भरपूर मात्रा में लें। मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा शनिवार को जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहा, जबकि तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया।

### वेस्ट यूपी में 23 व 24 को पड़ेंगी बौछारें

मौसम विभाग ने बताया कि 23 और 24 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिनकी गति झोंकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने के साथ लू से भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान के अनुसार 25 से 27 मई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में भीषण लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने गर्म रात (वार्म नाइट) की भी चेतावनी जारी की है। 28 और 29 मई को पश्चिमी एवं पूर्वी दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, हालांकि कई इलाकों में लू का असर जारी रहने की संभावना है।

## डंपर ने एक परिवार के पांच सदस्यों को रौंदा, चार मरे

**बाराबंकी, वार्ता**

- मां जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह सड़क किनारे मच्छरदानी लगाकर सो रहे एक परिवार को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। इस हादसे में पिता, दो बेटे और एक बेटी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मां जिदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम झांसा निवासी नीरज चौहान (36) अपनी पत्नी आरती (34), पुत्र अनुराग (12), आशू (8) तथा पुत्री आंशिक (10) के साथ भीषण गर्मी के कारण सड़क किनारे जमीन पर मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब तीन बजे महमूदाबाद की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक डंपर ने अनियंत्रित होकर पूरे परिवार को रौंद दिया। हादसा इतना भयावह था कि नीरज चौहान और बड़े पुत्र अनुराग की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल आरती, आशिका और आशू को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां रास्ते में मासूम अंशिका व आशू ने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के चार लोगों की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75415.35
निफ्टी 23719.30
सोना 159490 प्रति 10 ग्राम
चांदी 285000 प्रति किलो

## केंद्र सरकार को 286588 करोड़ रुपये देगा रिजर्व बैंक

**मुंबई, वार्ता**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) लेखा वर्ष 2025.26 की अपनी शुद्ध आय में से 2,86,588.46 करोड़ रुपये केंद्र सरकार को हस्तांतरित करेगा। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 623वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025.26 के लिए रिजर्व बैंक के वार्षिक खातों पर विचार-विमर्श किया। जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025.26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही जिसमें वर्तमान व्यापक आर्थिक परिस्थितियों, बैंक के वित्तीय प्रदर्शन और उपयुक्त जोखिम बफर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025.26 के लिए 1,09,379.64 करोड़ रुपये आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) में स्थानांतरित करने और लेखा वर्ष 2025.26 के लिए 2,86,588.46 करोड़ रुपये की अधिशेष राशि केंद्र सरकार को हस्तांतरित करने की मंजूरी दी। संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचा (ईसीएफ) सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 4.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत के बीच बनाए रखने का लचीलापन प्रदान करता है। केंद्रीय बोर्ड ने कहा है कि सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने का निर्णय लिया गया है। वित्त वर्ष 2024.25 में यह राशि 44,861.70 करोड़ रुपये थी जिसे बढ़ाकर 1,09,379.64 करोड़ रुपये किया गया है। केंद्रीय बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बैंक की सकल आय में सालना 26.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साथ ही जोखिम प्रावधानों से पहले व्यय में 27.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025.26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2024.25 में यह आंकड़ा 3,13,455.77 करोड़ था। बैंक की बैलेंस शीट 31 मार्च 2026 तक 20.61 प्रतिशत बढ़कर 91,97,121.08 करोड़ रुपये हो गई। बैठक में वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य तथा उससे जुड़े जोखिमों की भी समीक्षा की गई।

### भारतीय सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव धन शोधन के मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारतीय सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव अजय सहगल को धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया है। ईडी अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहगल को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। यह मामला पंजाब सरकार से सनटेक सिटी परियोजना के लिए धोखाधड़ी से 'जमीन के इस्तेमाल में बदलाव' हासिल करने के लिए नकली सहमति पत्र जमा करने से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि हमने जीएमएडीए और जमीन के इस्तेमाल में बदलाव से जुड़े घोटाले में एक गिरफ्तारी की है। ईडी ने पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।

## चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी देखी गई। चीनी के भाव में टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,859.37 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 10 रुपये की गिरावट में 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 23 रुपये और चना दाल की 18 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल आठ रुपये और मूंग दाल सात रुपये सस्ती हुई। तुअर दाल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल 44 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति चार रुपये और पाम ऑयल तीन रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 35 रुपये और सोया तेल की 30 रुपये बढ़ गई। मूंगफली तेल 21 रुपये महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया जबकि चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहेः दाल.दलहनः दाल चना 7659.61 रुपये, मसूर काली 8112.36 रुपये, मूंग दाल 10154.89 रुपये, उड़द दाल 10837.37 रुपये, तुअर दाल 11271.36 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : गेहूं दड़ा 2774.21 रुपये और चावल 3859.37 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3245.79 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस 4326.25 रुपये और गुड़ 5040.47 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17896.53 रुपये, मूंगफली तेल 18984.22 रुपये, सूरजमुखी तेल 17532.65 रुपये, सोया तेल 14988.16 रुपये, पाम ऑयल 13573.90 रुपये और वनस्पति 15007.50 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## मदरसा बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित अरबी व फारसी की मुंशी-मौलवी और आलिम बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 का परिणाम शुक्रवार को दोपहर 3 बजे घोषित कर दिया गया।

परिणाम की घोषणा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ने ओम प्रकाश राजभर और दानिश अंसारी ने की। मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 17,722 अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। राजभर ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिसकी निगरानी सीधे मदरसा बोर्ड मुख्यालय से की गई। इस तरह पूरी परीक्षा नकलविहीन और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई है। उन्होंने बताया कि सेकेंडरी यानी मुंशी-मौलवी परीक्षा में कुल 62,232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 47,036 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 15,196 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस स्तर पर दीनियात, फारसी, उर्दू साहित्य, सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिदी जैसे विषय अनिवार्य थे। राजभर ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी यानी आलिम परीक्षा में कुल 18,701 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 16,175 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2,526 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस स्तर पर दीनियात, फारसी, उर्दू साहित्य और सामान्य अंग्रेजी जैसे विषय अनिवार्य थे।

वहीं गृह विज्ञान, सामान्य हिदी, तर्कशास्त्र एवं दर्शनशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, सामान्य विज्ञान, तिब और टंकण जैसे विषय वैकल्पिक के तौर पर थे। छात्रों के लिए किसी एक वैकल्पिक विषय का चयन अनिवार्य रखा गया था। मदरसा बोर्ड परीक्षा में अरबी और फारसी दोनों भाषाएं शामिल हैं, जिससे पारंपरिक इस्लामिक शिक्षा के साथ भाषाई अध्ययन को भी बढ़ावा मिल रहा है। गौरतलब है कि मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 9 फरवरी से 14 फरवरी के मध्य आयोजित की गई थीं। परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। प्रथम पाली सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें मुंशी और मौलवी की परीक्षाएं कराई गईं। वहीं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली, जिसमें आलिम अरबी और फारसी की परीक्षाएं आयोजित की गईं। प्रदेशभर में कुल 277 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा केंद्रों का निर्धारण जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया था, जिसे अंतिम रूप से निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण के स्तर पर गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा प्रदान किया गया।

## तीन बार ईंधन मूल्य वृद्धि, सरकार में संकट का संकेत

**नई दिल्ली, वार्ता**



- कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान कोई राहत नहीं दी : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल के दाम में आठ दिन के भीतर तीसरी बार वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा स्थिति को देखकर लगता है कि सरकार में नेतृत्व का संकट पैदा हो गया है जिसके कारण बार-बार ईंधन के दाम बढ़ाए जा रहे हैं।

खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान सरकार ने जनता को राहत नहीं दी, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी कर लगाकर लोगों पर बोझ डाला और अब संकट की स्थिति में भी सरकार आम लोगों को राहत देने के बजाय बार-बार और लगातार ईंधन की कीमतों में वृद्धि कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल पर रोजाना लगभग 1000 करोड़ रुपये का केंद्रीय कर लगाया गया है, लेकिन जब अंतर्राष्ट्रीय दाम कम थे तब जनता को उसका लाभ नहीं पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के दौरान इटली, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, ब्रिटेन और आयरलैंड जैसे देशों ने अपनी जनता को राहत देने के लिए ईंधन पर करों में कटौती अथवा राहत पैकेज दिए, लेकिन भारत में इसके विपरीत कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि इटली ने ईंधन पर एक्साइज कटौती की, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी ने करों में कमी कर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत दी, ब्रिटेन ने घरों को ऑयल सहायता तथा ईंधन एवं बिजली पर करों में राहत दी, जबकि आयरलैंड ने राहत पैकेज के जिरए ईंधन कीमतों में कमी की। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया कि वह बताएं 'इस लूट की किश्त किस-किस को जा रही है' और आरोप लगाया कि सरकार में 'लीडरशिप क्राइसिस' वास्तविक है, जिसे अब देश की जनता समझ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 के पुराने बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय श्री मोदी पेट्रोल को 30 रुपये प्रति लीटर करने की बात करते थे लेकिन आज कीमतें 100 रुपये प्रति लीटर के करीब पहुंच चुकी हैं। तिवारी ने कहा कि वादा 30 का किया था, लेकिन जनता को 100 रुपये का पेट्रोल मिल रहा है।

### कांग्रेस आलाकमान से मिले सतीशन

**नई दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने शनिवार को यहां कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ ही पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार सतीशन ने श्रीमती गांधी तथा खड़गे के अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कई अन्य नेताओं से भी मुलाकात की। श्रीमती गांधी से उन्होंने उनके आवास 10 जनपथ में मुलाकात की जबकि खड़गे से मिलने वह उनके 10, राजा जी मार्ग स्थित आवास पर पहुंचे। सतीशन ने कहा कि मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद वह पहली बार दिल्ली आए हैं और इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से शिष्टाचार भेंट की है।

### सिंगरौली खनन मामले में संवेदनशीलता से विचार करे सरकारः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के सिगरौली के घने जंगल क्षेत्र में कोयला खनन परियोजना के खिलाफ कानूनी चुनौती का विकल्प अभी खुला है और सरकार को पर्यावरण तथा जनहित से जुड़े इस मामले में संवेदनशीलता के साथ विचार करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक पर लिखा कि पिछले वर्ष मई में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मध्य प्रदेश के सिगरौली जिले के घने जंगल क्षेत्र में कोयला खनन के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 7000 एकड़ का यह क्षेत्र वर्ष 2011 में जंगलों की समृद्धि और हाथी कॉरिडोर की मौजूदगी के कारण खनन के लिए 'नो-गो एरिया' के रूप में चिह्नित किया गया था।

# सीएम ने नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन 2026 के काउंटडाउन रन को किया फ्लैग ऑफ

## मुख्यमंत्री ने 'क्यालु- हिम तेंदुआ' शुभंकर का किया अनावरण, प्रतिभागियों के साथ प्रतीकात्मक दौड़ में हुए शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन 2026 के काउंटडाउन रन कार्यक्रम का फ्लैग ऑफ किया और मशाल प्रज्ज्वलित कर प्रतीकात्मक दौड़ में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 31 मई 2026 को होने वाले नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन के शुभंकर ष्क्यालु- हिम तेंदुआष का अनावरण भी किया।







■ देश के 27 राज्यों और 2 देशों से 900 से अधिक प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण
■ कहा, नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन, रोजगार और युवा उद्यमिता को देगा नई गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सीमांत क्षेत्रों में नई ऊर्जा, नए अवसर और नए विश्वास को जागृत करने का अभियान है। उन्होंने कहा कहा कि कार्यक्रम में युवाओं का उत्साह, ऊर्जा और आत्मविश्वास यह दर्शाता है कि देवभूमि उत्तराखंड के युवाओं में साहस, संकल्प और देश के लिए कुछ बड़ा करने का जज्बा कूट-कूट कर भरा है। उन्होंने कहा कि आज यहां गूंज रहे युवाओं के कदम आने वाले समय में नीति घाटी की ऊंचाइयों पर इतिहास रचेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दौड़ केवल शारीरिक क्षमता की परीक्षा नहीं, बल्कि इच्छाशक्ति, धैर्य और आत्मविश्वास को मजबूत करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि नीति घाटी जैसे दुर्गम एवं चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में दौड़ने के लिए बुलंद हौंसला, हिमालय जैसा अडिग विश्वास और चुनौतियों को स्वीकार करने का साहस आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों को देवभूमि उत्तराखंड के साहस, पर्यटन और सामर्थ्य का ब्रांड एंबेसडर बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखंड केवल प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ता नया उत्तराखंड है। उन्होंने कहा कि नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन नए उत्तराखंड की शक्ति और सामर्थ्य के प्रदर्शन का प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह विजन कि सीमावर्ती गांव देश के अंतिम नहीं, बल्कि पहले गांव हैं, इस आयोजन के माध्यम से साकार हो रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन, रोजगार, होमस्टे, स्थानीय उत्पादों और युवा उद्यमिता को नई गति प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 31 मई को नीति घाटी की पावन एवं दुर्गम धरती पर आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम उत्तराखंड के खेल एवं एडवेंचर टूरिज्म के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि देश के 27 राज्यों और 2 अन्य देशों से 900 से अधिक प्रतिभागियों ने इस महाआयोजन के लिए पंजीकरण कराया है, जो युवाओं में इस आयोजन के प्रति बढ़ते आकर्षण का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में फिट इंडिया मूवमेंट, खेलो इंडिया एवं राष्ट्रीय खेलों जैसे अभियानों के माध्यम से खेल और फिटनेस को जनआंदोलन बनाया जा रहा है। इस अवसर पर सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पर्यटन विकास परिषद नरेन्द्र भंडारी एवं अनेक प्रतिभागी मौजूद थे।

# चारधाम में आस्था का सैलाब: दर्शनार्थियों की संख्या पहुंची 20.76 लाख के पार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** चारधाम दर्शन को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। चारों धामों में दर्शन को श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन व्यवस्थाएं दुरुस्त होने से यात्रा सुचारु रूप से चल रही है। आज शनिवार को रिकॉर्ड 96 हजार 116 तीर्थयात्रियों ने चारधाम दर्शन किए। कुल दर्शनार्थियों का आंकड़ा 20 लाख 76 हजार को पार कर चुका है जबकि केदारनाथ में 08 लाख 11 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। उच्च हिमालयी क्षेत्र की यात्रा होने से आपदा प्रबंधन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मौसम प्रतिकूल होने पर हर एक श्रद्धालु की सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए।

■ केदारनाथ में पहुंच चुके हैं 08 लाख 11 हजार से अधिक श्रद्धालु
■ शनिवार को एक दिन में रिकॉर्ड 96 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन

धामी सरकार के कुशल यात्रा प्रबंधन के चलते चारधाम यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यात्रा का विगत 19 अप्रैल को श्रीगणेश हुआ था और आज शनिवार 23 मई तक यानी 35 दिनों में 20 लाख 76 हजार 553 श्रद्धालु चारधाम दर्शन कर चुके हैं। इनमें केदारनाथ में 8,11,923, बद्रीनाथ में 5,56,437, गंगोत्री में 3,52,162 और यमुनोत्री धाम में 3,56,031तीर्थयात्री पहुंचे हैं।

### हेमकुंट साहिब में कपाटोद्घाटन के साक्षी बने 6605 श्रद्धालु

विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्री हेमकुंट साहिब के कपाट आज शनिवार को आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। पहले दिन 06 हजार 605 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था शनिवार सुबह रवाना होकर हेमकुंट साहिब पहुंचा. 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से पूरी लोकपाल घाटी गूंज उठी।

आज शनिवार को एक दिन में ही चारों धामों में 96 हजार 116 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। बद्रीनाथ में सर्वाधिक 32,219 तीर्थयात्री पहुंचे। जबकि केदारनाथ में 29,787, यमुनोत्री में 16,213 और गंगोत्री धाम में 17,897 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

## दो दिवसीय उत्तराखण्ड दौरे पर पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त

# सीईसी ने सीमांत पोलिंग बूथ का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उत्तरकाशी।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार दो दिवसीय उत्तराखण्ड दौरे के लिए शनिवार को उत्तरकाशी पंहुचे। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डॉ. बी.वी. आर.सी. पुरुषोत्तम ने उत्तरकाशी स्थित झाला हैलीपैड पर उनका स्वागत किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सीमांत जिले के पोलिंग बूथ का स्थलीय निरीक्षण किया और विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गंगोत्री धाम पंहुचकर धर्मपत्नी के साथ गंगोत्री मंन्दिर के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त रविवार को देहरादून में एसआईआर के सम्बंध में तैयारियों की समीक्षा करेंगे।



■ हर्षिल में बीएलओ मिंटो देवी के काम को सराहा, पूरे देश के लिए प्रेरणा बताया
■ एसआई आर कार्य में समर्पण के साथ जुटे सभी बीएलओ को सैल्यूट: ज्ञानेश

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार दो दिवसीय उत्तराखण्ड दौरे पर शनिवार को उत्तरकाशी पंहुचे। इस दौरान उन्होंने भारत-चीन सीमा से सटे उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री विधानसभा के सीमांत गांव हर्षिल में स्थित पोलिंग बूथ का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर के साथ विस्तृत संवाद किया तथा एसआईआर की मैपिंग आदि के बारे में जानकारी ली।इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बी. वी.आर.सी.पुरुषोत्तम ने आगामी एसआईआर की मैपिंग, एएसडीडी सूची के सम्बंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र,उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी,ईआरओ गंगोत्री/एसडीएम शालिनी नेगी सहित पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

**'स्मार्ट' तकनीक से मतदाता सूची का शुद्धीकरण:** इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बूथ लेवल ऑफिसर्स ग्राउंड लेवल पर कर्मठता के साथ बीएलओ ऐप के माध्यम से सूची में शामिल "एब्सेंट,शिफ्टेड,डेथ, डूप्लीकेट और विदेशी मतदाताओं" को चिन्हित कर मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य कर रहे हैं,साथ ही 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बीएलओ मिंटू देवी के कार्यों जमकर सराहना की।

# आईटीआई और उद्योगों के बीच बढ़ा समन्वय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** आईटीआई प्रशिक्षुओं एवं स्थानीय उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा कौशल आधारित रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन सीम. ेंस, टाटा स्ट्राइव, आईटीआई तथा जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार के संयुक्त सहयोग से किया गया।

■ कोटद्वार में आयोजित कार्यशाला में 08 एमओयू हस्तांतरित

कार्यशाला के दौरान आईटीआई एवं विभिन्न उद्योगों के मध्य 08 एमओयू हस्तांतरित किए गए, जिससे तकनीकी प्रशिक्षण और औद्योगिक आवश्यकताओं के बीच तालमेल को और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में 25 से अधिक उद्योगों तथा आईटीआई के 40 से अधिक प्रशिक्षुओं ने सहभागिता करते हुए 11 नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए। इनमें से कई प्रोजेक्ट्स को उद्योगों के लिए उपयोगी एवं व्यवहारिक माना गया।

कार्यशाला में स्थानीय उद्योगों, आईटीआई प्रतिनिधियों, प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। प्रतिभागियों ने इस पहल को कौशल शिक्षा और उद्योगों के बीच मजबूत साझेदारी की दिशा में प्रभावी कदम बताया। कार्यक्रम में कुल 110 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षुओं को उद्योगों की कार्यप्रणाली, तकनीकी आवश्यकताओं और रोजगार संभावनाओं की जानकारी भी दी गयी। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग एवं प्रबंधक राजेन्द्र प्रकाश आर्य, सिडकुल निर्माता संघ के अध्यक्ष सुनील गुप्ता एवं सचिव विवेक चौहान, आईटीआई कोटद्वार के प्रधानाचार्य सुशील कुमार तथा आईटीआई दुगड्डा के प्रधानाचार्य गोविंदा उपस्थित रहे। वहीं सीमेंस एवं टाटा स्ट्राइव की ओर से सैबल अदक, प्रसन्न सिंह नेगी एवं सुभाष डबराल ने कार्यशाला के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# श्रीनगर में पेयजल संकट गहराया सूखे नलों से लोगों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गर्मियों की शुरुआत के साथ ही श्रीनगर शहर में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र के तोल्यूसैंण, अपर बाजार, गणेश बाजार, भक्तियाना सहित कई इलाकों में पिछले कई दिनों से पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे रोजाना पानी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन नलों से एक बूंद पानी भी नहीं आ रहा है। बाजार क्षेत्र निवासी अमित डूंगरियाल, राहुल रौथाण, गंगा सिंह और मनोज ने बताया कि पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति बाधित होने के कारण उनकी दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। खाना बनाने, कपड़े धोने और अन्य घरेलू कार्यों में उन्हें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तोल्यूसैंण क्षेत्र की निवासी रेखा, संगीता और मीना देवी ने बताया कि पहले पानी कम मात्रा में आ रहा था, लेकिन शनिवार सुबह से आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई है। स्थिति यह है कि उन्हें अपने दैनिक कार्यों के लिए अन्य लोगों के घरों से पानी भरने को मजबूर होना पड़ रहा है। पेयजल संकट से परेशान उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जलापूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे मजबूरन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन और घेराव करने को बाध्य होंगे। जल संस्थान के सहायक अभियंता अर्पित मित्तल ने बताया कि तोल्यूसैंण में पंप का वॉल खराब होने के चलते पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। उम्मीद है कि सांय और रविवार तक पेयजल आपूर्ति सुचारू हो जायेगी।

■ शीघ्र जलापूर्ति बहाल न होने पर आंदोलन की चेतावनी

### गढ़वाल विवि में 2 जून से 11 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश

**श्रीनगर।** हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में 2 जून से ग्रीष्मकालीन अवकाश होंगे।

इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आदेश जारी किया गया है। बताया गया है कि पूर्व में दिए गए अतिरिक्त दीपावली एवं होली अवकाशों का समायोजन करते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश निर्धारित किया गया है।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ओपी. गुसाईं ने बताया कि विश्व. विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों को आगामी डेढ़ माह तक ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ मिलेगा। दो जून से 11 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा।

## हिमालय की उत्तुंग शिखरों पर गूंजी 'जो बोले सो निहाल'

# श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा का श्रद्धापूर्ण आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** हिमालय की निर्जन और विहंगम ऊँचाइयों, जहाँ प्रकृति अपनी श्वेत चादर ओढ़कर मौन तपस्या में लीन रहती है, शनिवार को वह स्थान आस्था के ज्वार से आंदोलित हो उठा। समुद्र तल से 15,000 फीट की दुर्गम ऊंचाई पर स्थित सिखों के पवित्र तीर्थ 'श्री हेमकुंड साहिब' के कपाट एक बार फिर से जन-आस्था के लिए खोल दिए गए। पहले ही दिन लगभग 6,500 श्रद्धालुओं ने बर्फीली पगडंडियों को पार कर गुरु के चरणों में मत्था टेका।

**आध्यात्मिक ओज और सैन्य अनुशासन का संगम:** यात्रा का शुभारंभ अत्यंत भव्य और गरिमामयी रहा। प्रातः 9 बजे बेस कैंप से 'पंज प्यारों' की अगुवाई में पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब की शोभायात्रा प्रारंभ हुई। मुख्य ग्रंथी ने जब पवित्र स्वरूप को अपने शीश पर धारण किया, तो वातावरण में गूँजते कीर्तनों और शबद के मधुर स्वरों ने हिमालय की नीरवता को भक्तिमय संगीत में परिवर्तित कर दिया। इस अवसर पर भारतीय सेना के बैंड ने जहाँ एक ओर अपनी मार्शल धुनों से वीरता का संचार किया, वहीं दूसरी ओर भक्तिपूर्ण धुनों से वातावरण को आध्यात्मिक ऊँचाइयों पर पहुँचा दिया। उल्लेखनीय है कि यात्रा मार्ग से दुर्गम बर्फ को हटाकर उसे सुगम बनाने का जो भगीरथ कार्य भारतीय सेना के जवानों ने किया, वह श्रद्धा और सेवा के अनूठे मेल को दर्शाता है। दरबार हॉल में पहुँचने के उपरांत 'सुखमनी साहिब' के पाठ और रागी भाई शुभदीप सिंह द्वारा प्रस्तुत आत्मिक कीर्तन ने संगत को भावविभोर कर दिया।



**अतुलनीय सेवा के लिए कृतज्ञता:** श्री हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के चेयरमैन नरिंदर जीत सिंह बिंद्रा ने संगत को संबोधित करते हुए भावुक स्वर में भारतीय सेना के योगदान को नमन किया।

### सेवा और सम्मान का पर्व

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यात्रा प्रबंधन की धुरी रहे सरदार सेवा सिंह की उपस्थिति में भारतीय सेना के ब्रिगेडियर बत्रा (कमांडेंट) और कर्नल वीरेंद्र ओला को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए 'सीरोपा' भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में, भीड़ प्रबंधन और कुशल प्रशासनिक व्यवस्था के लिए इंस्पेक्टर चित्रगुप्त और सब-इंस्पेक्टर अमनदीप को भी सम्मानित किया गया। देश के कोने-कोने और विदेश से आए श्रद्धालुओं के साथ शुरू हुई यह यात्रा, केवल एक तीर्थयात्रा नहीं, बल्कि गुरु गोबिंद सिंह जी के पावन धाम के प्रति अटूट विश्वास और हिमालय की विषम परिस्थितियों में भी अटूट श्रद्धा का एक जीवंत महाकाव्य है।



# पंतनगर में बिताए क्षण मेरे जीवन की अनमोल धरोहर: डा. सुधांशु त्रिवेदी

## ज्ञान, विज्ञान और संस्कार का संगम बना पंतनगर विश्वविद्यालय में 'ज्ञान दीक्षा 2026' कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नवाचार एवं जीवन मूल्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'ज्ञान दीक्षा 2026' कार्यक्रम का एक नई पहल के रूप में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र, प्रख्यात चिंतक एवं राज्यसभा सांसद डा. सुधांशु त्रिवेदी एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिवेंद्र कुमार कश्यप द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने वाला शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता और जीवन मूल्यों को विकसित करने वाली एक सशक्त पाठशाला है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जीवन के चार वर्ष किसी भी विद्यार्थी के जीवन के 'स्वर्णिम दिवस' होते हैं, जिनकी स्मृतियां जीवनभर ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज का युग केवल सूचना प्राप्त करने का नहीं, बल्कि ज्ञान को व्यवहार में उतारने और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का है। ज्ञान का अर्थ इन्फार्मेशन होता है, जबकि दीक्षा व्यक्ति को जीवन की दिशा और उद्देश्य प्रदान करती है, जिसके लिए गुरु और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने विश्वविद्यालय जीवन में ऐसा वातावरण तैयार करें, जो उन्हें सकारात्मक सोच, रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी की ओर प्रेरित करे। डा. त्रिवेदी ने कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय की संस्कृति, अनुशासन और शैक्षणिक परंपरा देशभर में एक अलग पहचान रखती है।



यहां केवल शिक्षा ही नहीं दी जाती, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन के वास्तविक अनुभव, टीम भावना, संघर्ष की क्षमता और नेतृत्व के गुण भी सिखाए जाते हैं। उन्होंने अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए कहा कि पंतनगर में बिताए गए क्षण आज भी उनके जीवन की सबसे अनमोल धरोहर हैं। मुख्य अतिथि ने विज्ञान, तकनीक, क्वांटम कंप्यूटिंग, कॉस्मिक एनर्जी, चेतना एवं आधुनिक शिक्षा व्यवस्था पर भी अपने विचार व्यक्त किए। डा. त्रिवेदी ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्म युवाओं के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन उनका सकारात्मक और रचनात्मक उपयोग करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपनी ऊर्जा और समय का सही दिशा में उपयोग करें तथा अनुशासन, ईमानदारी और आत्मविश्वास को जीवन का आधार बनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करने के लिए नियमों का पालन, सकारात्मक दृष्टिकोण, परिपक्व सोच और आत्ममूल्यांकन अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एसके कश्यप ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि 'ज्ञान दीक्षा 2026' जैसी एक नई पहल विद्यार्थियों को नवीन सोच, प्रेरणा और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करेगी। आथितियों का स्वागत कार्यवाहक कुलसचिव डा. आरएस जादोन ने किया। डा. विपिन ध्यानी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने मुख्य अतिथि, अतिथियों एवं उपस्थित सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक एवं जीवन में नई ऊर्जा प्रदान करने वाला है। कार्यक्रम का संचालन सह अधिष्ठात्री छात्र कल्याण डा. छाया शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की नियंत्रक, निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण, सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण शिक्षकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं सभी डिग्री प्रोग्राम के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एक नजर

### बकरा ईद: कोतवाली पुलिस ने किया फ्लैगमार्च

**काशीपुर।** आगामी बकरा ईद त्यौहार को लेकर काशीपुर कोतवाली पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च कर आमजन से शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा से त्यौहार मनाये जाने की अपील की। काशीपुर कोतवाली पुलिस ने कोतवाल हरेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में गत शाम बकरा ईद त्यौहार को लेकर नगर के मोहल्ला अल्लीखां क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल द्वारा क्षेत्र में आमजन से शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस दौरान पुलिस ने खुले में कुर्बानी न करने, निर्धारित स्थानों पर ही धार्मिक गतिविधियां संपन्न करने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

### सार्वजनिक माफी मांगे कांग्रेस नेता: कविता यादव

**काशीपुर।** पूर्व पार्षद कविता यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस पर गद्दार शब्द जैसी अभद्र टिप्पणी की गई जिसका मै और भारतीय जनता पार्टी इसकी घोर और कड़ी शब्दों में निंदा करती है। श्रीमती यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करना देश के 140 करोड़ नागरिकों अपमान है उन्होंने कांग्रेस और उसके नेताओं से तत्काल सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की बात की। उन्होंने बताया कि कांग्रेस लगातार चुनावी हार के कारण उसके नेता हताशा में इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक चुनौतियों के बावजूद आर्थिक मुद्दों पर मजबूती दिखाई है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को देश हित के मुद्दों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और व्यक्तिगत टिप्पणियों से बचना चाहिए।

### जैव विविधता संरक्षण का संदेश लेकर लौटे विद्यार्थी

**अल्मोड़ा।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वैश्विक प्रभाव हेतु स्थानीय स्तर पर कार्यवाही थीम पर आयोजित कार्यक्रम में चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन और क्ले एक्टिविटी जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। प्रभारी निदेशक डा. आईडी भट्ट ने बच्चों से प्रकृति संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि 'वृक्ष पुरुष' किशन सिंह मलड़ा और जमुना प्रसाद तिवारी ने भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विचार रखे।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई

**बागेश्वर।** पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा के निर्देशन में चलाए जा रहे आपरेशन प्रहार अभियान के तहत जनपद पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। जनपद पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए कुल 43 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, गलत तरीके से वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। इसी क्रम में थाना कपकोट पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक बाइक चालक को रेट्रो साइलेंसर लगाकर वाहन चलाते हुए पकड़ा। पुलिस ने मौके पर ही बाइक से रेट्रो साइलेंसर उतरवाया तथा चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई अमल में लाई। पुलिस प्रशासन ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने तथा अनावश्यक रूप से तेज आवाज वाले साइलेंसर का प्रयोग न करने की अपील की है।

### गाडर पुल पर नशे में चढ़ गया नेपाली, हड़कंप

**बागेश्वर।** शनिवार को कपकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत रिठाबगढ़ के पास एक नेपाली मूल का युवक नशे की हालत में गाडर पुल के ऊपर चढ़ गया। पुल पर चढ़ने के बाद युवक नीचे उतरने में असमर्थ हो गया और वहीं बैठ गया। घटना को देखकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल इसकी सूचना कपकोट पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची। संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। रेस्क्यू के बाद पुलिस ने युवक को समझाइश दी और भविष्य में इस प्रकार की हरकत न करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि नशे की हालत में या जानबूझकर इस तरह के जोखिम भरे कार्य न करें। पुलिस ने कहा कि आगे यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की हरकत करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रेस्क्यू टीम में फायर सर्विस चालक लक्ष्मण सिंह सामंत, पवन कुमार, फायरमैन पुष्कर सिंह, अंजुल पांडे सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### डामरीकरण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**कपकोट।** कपकोट क्षेत्र के दूनी-सुकुंडा मोटर मार्ग में हाल ही में हुए डामरीकरण कार्य की गुणवत्ता पर स्थानीय लोगों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि 74 लाख रुपये की लागत से कराया गया सड़क का डामरीकरण महज दो दिन के भीतर ही उखड़ने लगा है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई है। स्थानीय निवासी नारायण सिंह कपकोटी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सड़क का वीडियो साझा किया है। वीडियो में उन्होंने दावा किया कि सड़क का डामरीकरण कार्य दो दिन पूर्व ही पूरा हुआ था, लेकिन सड़क की परत हाथ लगाने मात्र से उखड़ रही है। वीडियो में सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाते हुए उन्होंने इसे सरकारी धन की बर्बादी बताया है।

# अभिभावक संघ के दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बने पीसी जोशी

## महात्मा गांधी इंटर कालेज में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिम्मेदारी को ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया जाए तो सम्मान अपने आप मिल जाता है। इसी का उदाहरण शनिवार को महात्मा गांधी इंटर कालेज में आयोजित अभिभावक संघ चुनाव में देखने को मिला, जहां पीसी जोशी को लगातार दूसरी बार निर्विरोध अभिभावक संघ का अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। प्रधानाचार्या रश्मि राज खेड़ा की मौजूदगी में संपन्न हुए चुनाव में अभिभावकों और शिक्षकों ने पीसी जोशी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन पर फिर भरोसा जताया।



इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सी बेलवाल, मोहम्मद आरिफ, कृष्ण कुमार समेत अन्य गुरुजन, अभिभावक संघ के सदस्य और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। पीसी जोशी के दोबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर पार्षद मनोज जोशी, पूर्व लेखा परीक्षक हरीश जोशी, कृष्ण जोशी, जीवन शर्मा, बीआर जोशी, मधुसूदन सुयाल, कृपाल मेहरा सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।

# आईएफएडी टीम ने महिलाओं के प्रयासों को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** ग्राम्य विकास समिति के अंतर्गत संचालित ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना की प्रगति का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष की टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित परियोजना गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण कर मध्यावधि समीक्षा की। टीम ने महिला स्वयं सहायता समूहों, सामुदायिक उद्यमों और स्वरोजगार इकाइयों का निरीक्षण करते हुए ग्रामीण महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। सहायक प्रबंधक रीप संदीप सिंह ने बताया कि समीक्षा के दौरान आईएफएडी टीम की सदस्य आयुरजाना, पुंतसागदावा और विनय तुली ने परियोजना उप आयुक्त नरेश कुमार तथा अनुश्रवण एवं मूल्यांकन प्रबंधक विनय गुणवंत के साथ विभिन्न इकाइयों का दौरा किया। टीम ने क्वारब के समीप चौसली में स्थापित वे-साइड ईटरी के अंतर्गत संचालित गायत्री स्वयं सहायता समूह, पतलिया का निरीक्षण किया। यहां समूह की महिलाओं से उद्यम संचालन की जानकारी ली गई तथा समूह द्वारा तैयार मडुवा मोमो और काफी का स्वाद भी लिया गया। टीम ने समूह की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए इसे ग्रामीण आजीविका का सफल मॉडल बताया। इसके बाद ग्राम भल्यूड़ा में विकास उत्पादक समूह पीजी द्वारा संचालित सामुदायिक कृषि उद्यम का निरीक्षण किया गया। समूह सदस्यों ने परियोजना से जुड़ने के बाद हुए आर्थिक लाभ और रोजगार के अवसरों की जानकारी साझा की। वहीं डीनापानी, हवालबाग में स्थापित हिमाद्री हैंडलूम में महिलाओं द्वारा हथकरघे से तैयार किए जा रहे शॉल और स्टॉल की सराहना की गई। विकासखंड लमगड़ा में संचालित जेन्स सैलून और सिलाई इकाई का भी निरीक्षण किया गया। सिलाई इकाई संचालिका किरन बिष्ट ने बताया कि सीता स्वयं सहायता समूह की महिलाएं स्कूल यूनिफार्म तैयार करने का कार्य कर रही हैं। टीम ने महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान मशरूम एवं एग्रो प्रोसेसिंग उत्पाद इकाइयों तथा महिलाओं द्वारा संचालित पिंक ई-रिक्शा सेवा का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने परियोजना के माध्यम से स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका को मिल रहे बढ़ावे की जानकारी ली। साथ ही उत्पादन प्रक्रिया, विपणन व्यवस्था और लाभार्थियों की भागीदारी का भी जायजा लिया गया। वहीं, विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें समूहों द्वारा संचालित गतिविधियों, वित्तीय प्रबंधन और स्वरोजगार कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। महिला सदस्यों ने बताया कि परियोजना से जुड़ने के बाद उनकी आय और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। आईएफएडी टीम ने स्वयं सहायता समूहों की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की परियोजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक अल्मोड़ा हरीश चंद्र तिवारी, जिला परियोजना प्रबंधक नैनीताल राजेश मठपाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# जिंदल साउथ सिटी में घर से लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** अलीगंज रोड स्थित जिंदल साउथ सिटी में अज्ञात चोर एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के सामान समेत घरेलू कीमती वस्तुएं चोरी कर ले गये। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर सीसीटीवी फुटेज खंगाली। साथ ही तहरीर के आधार पर जांच शुरू की है। एडीओ पंचायत से सेवानिवृत्त शिव प्रकाश सक्सेना पुत्र स्व. सुरेंद्र नाथ सक्सेना अलीगंज रोड स्थित जिंदल साउथ सिटी में रहते हैं। बीती 21 मई को वह अपनी बेटी के साथ महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन गए थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे घर में काम करने वाली महिला पहुंची तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला तथा अंदर कमरों का सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलने पर शिव प्रकाश सक्सेना के छोटे भाई मौहल्ला लाहौरियान, काशीपुर निवासी पंकज सक्सेना मौके पर पहुंचे और पुलिस तथा अपने बड़े भाई को घटना की जानकारी दी। शिव प्रकाश ने फोन पर बताया कि चोर घर से 10 ग्राम का सोने का सिक्का, करीब 250 ग्राम की चांदी की प्लेट, भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी की दो चांदी की मूर्तियों समेत अन्य कीमती घरेलू सामान चोरी कर ले गए हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार चोरी गए सामान की कीमत करीब तीन से चार लाख रुपये बताई जा रही है। पंकज सक्सेना के अनुसार पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकार्ड हो गई है। फुटेज में बीती रात करीब 2.30 बजे दो संदिग्ध नकाबपोश घर में प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया तथा सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जानकारी जुटाई। पंकज सक्सेना द्वारा सौंपी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू की गई है।

# उर्वशी बाली ने 50 बच्चे गोद लिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** डी बाली कंपनी डायरेक्टर उर्वशी दत्त बाली द्वारा प्रतापपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालक छात्रावास में रहने वाले जिन 50 बच्चों को गोद लिया गया। बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और नई स्किल सीखने के लिए सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। उर्वशी दत्त बाली का मानना है कि ऐसे बच्चों के लिए स्किल डेवलपमेंट बेहद ज़रूरी है, ताकि उन्हें एक अच्छा प्लेटफार्म मिल सके। इसी सोच के साथ बच्चों को सिलाई, हेयर कटिंग, इलेक्ट्रिकल वर्क, क्राफ्ट, पेंटिंग, प्लंबिंग, कुकिंग और होटल हाउसकीपिंग जैसी स्किल सिखाई जा रही हैं, ताकि वे आने वाले समय में आत्मनिर्भर बन सकें। इस पहल को सफल बनाने में छात्रावास के वार्डन देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, उनके सभी सहयोगियों तथा खंड शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा। श्रीमती बाली ने कहा कि ये वे बच्चे हैं जिनके माता-पिता नहीं हैं, या हालात ने उन्हें जिंदगी में अकेला छोड़ दिया। किसी के पिता नहीं, किसी की माँ नहीं लेकिन बच्चों में कभी कोई कमी नहीं होती, कभी-कभी हालात जिंदगी को मुश्किल बना देते हैं। जरूरत सिर्फ एक मौके, सही मार्गदर्शन और साथ की होती है।



# एसएसजे ने पीडब्ल्यूसी से मिलाया हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विवि और पीडब्ल्यूसी एग्रोटेक एलएलपी के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत दोनों संस्थान पारस्परिक सहयोग और मित्रता की भावना से विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों का संचालन करेंगे। एमओयू के तहत शैक्षणिक सामग्री साझा करने तथा पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता से जुड़े विषयों पर संयुक्त शोध कार्य किए जाएंगे। साथ ही छात्रों और शोधार्थियों को दोनों संस्थानों में उपलब्ध शोध सुविधाओं का लाभ मिलेगा, जिससे वे क्षेत्र आधारित एवं प्रयोगशाला आधारित अनुसंधान कार्य कर सकेंगे। विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि इस समझौते से शोधार्थियों को कार्बन पृथक्करण, जैव-उर्वरक, अपशिष्ट जल उपचार और जैव-ईंधन जैसे क्षेत्रीय पर्यावरणीय विषयों पर शोध करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों, शोधार्थियों और अकादमिक सदस्यों को बेहतर शोध सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वानिकी विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार यादव ने बताया कि दोनों संस्थान संयुक्त रूप से सम्मेलन, सेमिनार, संगोष्ठी, व्याख्यान और क्षेत्रीय गतिविधियों का आयोजन करेंगे। साथ ही विज्ञान से जुड़े व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए मानव संसाधनों का भी आदान-प्रदान किया जाएगा। समझौते के अनुसार वानिकी, पारिस्थितिकी, पर्यावरण और जैव विविधता के क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान एवं प्रकाशनों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। पीडब्ल्यूसी एग्रोटेक एलएलपी के वैज्ञानिकों को वानिकी, जीव विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान जैसे विषयों में स्नातकोत्तर शोध कार्यक्रमों में सह-पर्यवेक्षक के रूप में मान्यता दी जाएगी।



# भाजपा की भावना राष्ट्रहित: नयाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के जन्मदिवस के अवसर पर अल्मोड़ा में भाजपाइयों ने लेप्रोसी करबला में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान मरीजों एवं जरूरतमंद लोगों को फल वितरित किए गए तथा भोजन की व्यवस्था कर सेवा और समर्पण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि भाजपा सदैव सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना के साथ कार्य करती है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन के नेतृत्व में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है तथा कार्यकर्ता समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने कहा कि जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाना भाजपा की कार्यशैली को दर्शाता है। वहीं दर्जा राज्य मंत्री गोविंद पिलख्वाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। निवर्तमान कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष ललित लटवाल ने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए उनका योगदान प्रेरणादायी है। यहां मेयर अजय वर्मा, नवीन बिष्ट, दर्शन रावत, प्रकाश भट्ट, मनीष जोशी, मदन बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, देवेंद्र भट्ट, कैलाश गुरुरानी, आनंद भोज, जगत तिवारी, राजेंद्र सिंह, मनोज तिवारी, पंकज भाकुनी, चंदन बहुगुणा, अभिषेक जोशी, हिमांशु बनौला, शुभम रौतेला, मोहित बिष्ट, खजान पांडेय, आशीष जोशी, कमला तिवारी, निशा बिष्ट, दीपा पांडे, रेखा बिष्ट, दीपा जोशी, कविता चौधरी, हीरा कनवाल सहित अन्य मौजूद रहे।



# अब पंखों का भी निर्माण करेगी सूर्या रोशनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सूर्या रोशनी लिमिटेड में अत्याधुनिक रिचर्स एंड डेवलपमेंट लेब और एयर डिलीवरी रूम का उद्घाटन कंपनी के सीईओ वसु मित्रा पाण्डेय द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर दिल्ली हेड ऑफिस की टीम सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए 20 टॉप डिस्ट्रीब्यूटर्स और 75 सेल्स टीम की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं डीलरों को प्लांट की उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली एवं नई तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। उद्घाटन समारोह में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें शुभम चमोली, मनीष गुप्ता, संजीव कुमार एवं आशुतोष मिश्रा प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से इस नई सुविधा को कंपनी की गुणवत्ता सुधार यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।



कंपनी प्रबंधन द्वारा बताया गया कि काशीपुर प्लांट में अब पंखों का निर्माण कार्य भी प्रारम्भ किया जाएगा। इसके लिए प्लांट में आधुनिक मशीनों, परीक्षण उपकरणों एवं गुणवत्ता जांच प्रणालियों की स्थापना की जा रही है। आने वाले समय में काशीपुर प्लांट से उच्च गुणवत्ता वाले सीलिंग फैंस एवं अन्य प्रकार के पंखों का उत्पादन किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा कंपनी की उत्पादन क्षमता में भी महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। कंपनी द्वारा स्थापित उक्त प्लांट विशेष रूप से सीलिंग फैंस एवं अन्य पंखों की एयर डिलीवरी क्षमता एवं एयर क्वालिटी की सटीक जांच करने हेतु तैयार किया गया है। इस अत्याधुनिक परीक्षण कक्ष में पंखों द्वारा दी जाने वाली हवा की गति हवा की मात्रा, मोटर की कार्यक्षमता, ऊर्जा दक्षता, कंपन एवं शोर स्तर जैसे महत्वपूर्ण मानकों की वैज्ञानिक तरीके से जांच की जाएगी। दिल्ली हेड ऑफिस से आए अधिकारियों ने भी इस सुविधा को भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप एक महत्वपूर्ण निवेश बताया। इस दौरान वसु मित्रा पाण्डेय ने कहा कि सूर्या रोशनी लिमिटेड सदैव ग्राहकों को विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक एवं गुणवत्ता परीक्षण प्रणाली के माध्यम से कंपनी आने वाले समय में फैन मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भी नए मानक स्थापित करेगी।

# आधारभूत सुविधाओं के विकास पर होगा खर्च

**अल्मोड़ा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खनन न्यास समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा जनहित एवं विकास से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। जिसमें कई महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, फसल सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास से संबंधित प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला खनन न्यास समिति से प्राप्त धनराशि का उपयोग ऐसे कार्यों में किया जाए, जिनसे सीधे तौर पर आमजन को लाभ पहुंचे तथा दूरस्थ क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं मजबूत हो सकें। बैठक में चौखुटिया अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर को संचालित करने के लिए आवश्यक उपकरण एवं सामग्री की खरीद हेतु धनराशि आवंटित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामग्री की खरीद शीघ्र सुनिश्चित कर ऑपरेशन थिएटर को जल्द शुरू किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इसके अलावा बल्टा गांव में जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए चेन लिंक फेंसिंग लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। जनहित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण एवं अत्यावश्यक कार्यों को भी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

# अल्लीखां चौक पर राष्ट्रध्वज का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा काशीपुर को काशी की तरह सजाने की घोषणा के तहत महापौर दीपक बाली ने यहां वार्ड नंबर 25, अल्ली खां चौक पर 135 फीट ऊंचे विशाल राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लगाए जाने का शिलान्यास किया। इस अवसर पर भारत माता की जय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महापौर दीपक बाली जिंदाबाद के नारो से पूरा अल्ली खां क्षेत्र गूंज उठा और कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे महापौर पर पुष्प वर्षा कर उनका शानदार और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। महापौर ने कहा कि सनातन उनका धर्म है और विकास उनका शौक। महापौर दीपक बाली ने कहा की विशाल तिरंगे की स्थापना से क्षेत्र में देशभक्ति का वातावरण और सशक्त होगाऔर यह तिरंगा काशीपुर सहित शहर के अल्ली खां चौक की एक नई पहचान बनेगा। जिस तरह मुख्य चौराहे पर देश की आन बान शान तिरंगा शान से लहराता है ठीक उसी तरह अली खां क्षेत्र में भी वह शान से लहराएगा। इस तिरंगे को लगाए जाने में 26 लाख 21 हजार रुपए खर्च होंगे जिसकी टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गई है और दो-तीन दिन बाद काम शुरू हो जाएगा। कार्यक्रम में नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट, सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह व शालिनी नेगी, कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, मुक्ता सिंह, मुकेश चावला, अर्जुन सिंह, मानवेंद्र मानस, राधा चौहान, अवनीश चौहान, मनीष चावला, मनोज अग्रवाल, अभिषेक गोयल, मुनेश बिंदल, शेष कुमार सितारा, हिमांशु गर्ग, कपिल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अशोक पैगिया, सनत कुमार पैगिया, एडवोकेट नेहा चौहान, अशरफ सिद्दीकी एडवोकेट, पार्षद मोनीष आशी, शाह आलम, सादिक हुसैन, अरशद अली, मोनू काका, अनिल कुमार, मयंक मेहता, प्रिंस बाली, घनश्याम, पूर्व पार्षद कविता यादव, राजकुमार यादव, जसवीर सिंह सैनी, पार्षद संदीप मोनू, दीपा पाठक, अमन बाली, विपिन अरोरा, पूर्व पार्षद देव प्रजापति, ईश्वर गुप्ता, पार्षद संजय शर्मा, अनूप कुमार, प्रिंस बाली, कौशलेश गुप्ता, मुकेश पाहवा, आकाश गर्ग, चेतन अरोरा, अवनीश चौहान, मनोज कौशिक, चौधरी समरपाल सिंह, नसरीन खान, अवर अभियंता अभिषेक, पूर्व पार्षद सर्वेश शर्मा सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।




# अल्मोड़ा के छह परीक्षा केंद्रों में होगी यूपीएससी परीक्षा

**अल्मोड़ा।** सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा को जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा के लिए जनपद में कुल छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 1396 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा कार्य पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर समय से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुचारु बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती, प्रवेश व्यवस्था तथा आयोग के दिशा-निर्देशों के पालन को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए। नगर के रैमजे इंटर कालेज, अल्मोड़ा इंटर कालेज, एडम्स इंटर कालेज तथा सोबन सिंह जीना विवि के लोअर, मिडिल एवं अपर कैंपस में परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। बैठक में एडीएम युक्ता मिश्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शराब के नशे में दोस्त का कत्ल

## टांडा जंगल में देर रात साथी ने कुल्हाड़ी से वार कर उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** टांडा जंगल में वन विभाग के फार्म की निगरानी करने वाले दो दोस्तों के बीच शराब पीने के बाद हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। गुस्से और नशे में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरा. पी को गिरफ्तार कर वारदात में इस्तेमाल कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। पुलिस ने वन विभाग कर्मी की तहरीर पर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार मूलरूप से अलीपुर, कौशांबी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश निवासी 50 वर्षीय मेवा लाल रामपुर रोड स्थित टांडा जंगल में झोपड़ी बनाकर रहता था। यह क्षेत्र भाखड़ा रेंज में आता है और झोपड़ी में मेवा लाल के साथ तिलपुरी ललपुरी गूलरभोज गदरपुर, उधमसिंह नगर निवासी 50 वर्षीय तिवारी सिंह भी रहता था। दोनों वन विभाग में ठेके के तहत फार्म वाचर का काम करते थे और पिछले तीन वर्षों से साथ रह रहे थे, साथ ही दोनों में अच्छी दोस्ती भी थी। दोनों साथ ही खाते-पीते भी थे। बताया जा रहा कि बीते शुक्रवार रात भी दोनों ने साथ बैठकर शराब पी, लेकिन नशे में होने के बाद उनके बीच झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ी कि मेवा ने पाटल और तिवारी ने हाथ में कुल्हाड़ी उठा ली। मेवा लाल खुद को संभाल पाता, इससे पहले ही तिवारी ने मेवा लाल पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के एक ही वार से मेवा लाल की गर्दन आधी से ज्यादा कट कर लटक गई। खनू से लथपथ मेवा लाल जमीन में गिर गया। यह देख तिवारी के हाथ-पैर फूल गए। कुल्हाड़ी के साथ तिवारी मौके से फरार हो गया। रात लगभग दो बजे सूचना मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची। सुबह फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। अब तक कातिल अंजान था। पुलिस की एक टीम वनाधिकारियों तक पहुंची तो पता लगा कि मरने वाला ठेके के तहत 12 हजार रुपए प्रतिमाह की नौकरी करता था। उसकी पांच बेटियां और एक बेटा है। यहां उसके साथ तिवारी सिंह रहता था। जिसके बाद पुलिस ने तिवारी सिंह की तलाश शुरू की। शनिवार को पुलिस ने तिवारी को मय कुल्हाड़ी के गिरफ्तार कर लिया। उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरा. पी तिवारी सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### जंगल के भीतर एक ही झोपड़ी में रहते थे दोनों

जंगल के भीतर वन विभाग पौधों का रोपण कराता है। इन्हीं पौधों को रोपने और उनकी देखरेख का काम मेवा और तिवारी मिलकर करते थे। दोनों मजदूर जंगल के करीब पांच किलोमीटर अंदर झोपड़ी बनाकर रहते थे। क्षेत्र इतना सूनसान था कि वहां मोबाइल नेटवर्क तक नहीं आता था। यही वजह रही कि घटना की सूचना पुलिस को देर रात मिली।

### जंगल के बीच रोज दोनों में जमती थी महफिल

बताया जा रहा कि मेवा और तिवारी लंबे समय से एक ही झोपड़ी में साथ रह रहे थे। उनके बीच दोस्ताना माहौल बन चुका था। दोनों साथ में खाना बनाते और खाते थे। सूनसान जंगल में हाईवे से पांच किमी अंदर बनी झोपड़ी में दोनों अक्सर साथ बैठकर शराब पीते थे। मौके से शराब की कई खाली बोतलें भी बरामद हुई हैं। आरोपी ने स्वीकार किया कि शराब के नशे में दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था।

### आरोपी को छोड़कर जा चुकी है पत्नी

पुलिस जांच में सामने आया कि तिवारी सिंह का अपना भरा पूरा परिवार था, लेकिन अब वह अकेला है। उसकी शादी भी हुई थी और कई सालों तक वह पत्नी के साथ रहा, लेकिन दोनों के बीच हमेशा विवाद होते रहते थे। इसी कारण तिवारी को उसकी पत्नी छोड़ कर चली गई और बाद में उसने तलाक दे दिया। इसके कुछ समय बाद तिवारी के माता-पिता की भी मौत हो गई। जब उसके आस-पास कोई नहीं बचा तो तिवारी ने भी मेवा की तरह वन विभाग में ठेके के तहत नौकरी शुरू कर दी। दोनों अक्सर साथ बैठकर शराब पीते थे। मौके से शराब की कई खाली बोतलें भी बरामद हुई हैं। आरोपी ने स्वीकार किया कि शराब के नशे में दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था।

# त्रुटिरहित तैयार हो मतदाता सूची

## एसआईआर की तैयारियों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट ने ली बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को एनआईसी सभागार, तहसील हल्द्वानी में नगर मजिस्ट्रेट/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एपी बाजपेयी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रति. निधियों एवं उनके अधिकृत बीएलए-2 ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित एसआईआर शेड्यूल एवं दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई। बैठक में वर्चुअल माध्यम से अपर जिलाधिकारी विवेक राय भी जुड़े। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि अपात्र, मृत, स्थानांतरित एवं डुप्लीकेट नामों को हटाकर निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं विश्वसनीय बनाया जाएगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे 25 मई तक शत-प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट बीएलए की नियुक्ति सुनिश्चित करें और पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। जानकारी दी गई कि हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र के 183 पोलिंग स्टेशनों के सापेक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा 127 तथा भारतीय जनता पार्टी द्वारा 178 बीएलए नियुक्त किए गए हैं। वहीं 29 मई से 7 जून 2026 तक प्रशिक्षण एवं मुद्रण कार्य, 8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वेक्षण, 14 जुलाई 2026 को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन, 14 जुलाई से 13 अगस्त 2026 तक दावे-आपत्तियां दर्ज करने की अवधि तथा 15 सितम्बर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में तहसीलदार कुलदीप पांडेय सहित कांग्रेस से गोविंद सिंह बगडवाल, गिरीश चंद्र पांडेय, भाजपा से मनीष कुमार पाल, बसपा से शिव गणेश, आम आदमी पार्टी से अब्दुल कादिर, यूकेडी से हरीश जोशी एवं गिरीश तिवारी मौजूद रहे।



# बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

## एडीएम विवेक राय ने एसआईआर प्रक्रिया एवं दायित्वों की दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तहसील हल्द्वानी के अंतर्गत शनिवार को नगर निगम सभागार में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला अपर जिलाधिकारी विवेक राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 56-लालकुआं के 51 तथा 60-कालाढूंगी के 151 बूथ लेबल अधिका. रियों (बीएलओ) को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान एडीएम विवेक राय ने कहा कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र एवं वैध मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा अपात्र व्यक्तियों के नाम सूची से हटाए जा सकें। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं तक यह जानकारी पहुंचाएं कि पुनरीक्षण प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। इसके लिए 7 जून से 8 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर फार्म वितरित करेंगे तथा मतदाताओं से भरे हुए फार्म प्राप्त करेंगे। एडीएम ने बताया कि 14 जुलाई को प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद दावे एवं आपत्तियों की सुनवाई होगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 15 सितंबर 2026 को किया जाएगा। कार्यक्रम में तहसीलदार कुलदीप पांडे, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एचडी पांडे, सहायक परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी सहित अन्य अधिकारी एवं बीएलओ मौजूद रहे।



## खाना खाने गया व्यापारी, स्कूटी की डिग्गी से दो लाख उड़ाए

**हल्द्वानी।** खाना खाने के लिए कुछ देर होटल में रुकना एक व्यापारी को भारी पड़ गया। चोर स्कूटी की डिग्गी से दो लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। मुखानी पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर शातिर चोर की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लखनपुर गौलापार निवासी दीपक शर्मा पुत्र गोपाल दत्त शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह गौलापार क्षेत्र में अपना व्यवसाय करते हैं, और बीती 20 मई की सुबह करीब साढ़े 11 बजे वह अपनी स्कूटी से कुसुमखेड़ा पहुंचे। यहां एक बैंक से उन्होंने अपने काम के लिए दो लाख रुपए निकाले और स्कूटी की डिग्गी में रख दिए। करीब 12 बजे वह पीलीकोठी चौराहे पर पहुंचे। भूख लगने पर उन्होंने अपनी स्कूटी केएफसी के बाहर खड़ी और खाने के लिए अंदर चले गए। खाना खाने के बाद जब वह बाहर आए और स्कूटी की डिग्गी चेक की तो उनके होश फाख्ता हो गए। स्कूटी के डिग्गी में रखे रुपए गायब थे। यह देख उनके होश फाख्ता हो गए। आनन-फानन में वह पुलिस के पास पहुंच और घटना बताई। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि व्यापारी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बाजार गए बुजुर्ग से मारपीट कर मोबाइल और नगदी लूटी

**हल्द्वानी।** बाजार खरीदारी करने गए एक बुजुर्ग को दो बदमाशों ने अपना निशाना बना लिया। आरोपियों ने बुजुर्ग के साथ मारपीट कर उनका मोबाइल और नगदी लूट ली। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बुजुर्ग की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार ओखलकांडा निवासी 70 वर्षीय कुशल सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह खरीदारी के लिए बाजार आए थे। गोलछा कंपाउंड के पास दो युवकों ने उन्हें रोक लिया और अचानक मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि बदमाशों ने उन्हें जमीन पर गिराकर घसीटा, जिससे उनके कपड़े भी फट गए। पीड़ित ने तहरीर में कहा कि आरोपियों ने उनका मोबाइल फोन और करीब ढाई हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि बुजुर्ग की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जार रहा है और जल्द ही आरो. पियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## कोरियर कंपनी का ताला तोड़कर नकदी और पार्सल चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लालडांठ क्षेत्र स्थित एक कोरियर कंपनी के कार्यालय का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपये की नकदी और पार्सल चोरी कर ले गए। इस मामले में मुखानी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भगत कॉलोनी हिम्मतपुर बैजनाथ निवासी नरेश सिंह चौहान ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनकी गौरा कॉम्प्लेक्स लालडांठ में डीटीडीसी कोरियर की दुकान है। तहरीर में कहा कि बीती 19 मई की रात अज्ञात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान के अंदर रखे करीब सात हजार रुपये की नकदी के साथ दो पार्सल भी चोरी कर लिए। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि दुकान स्वामी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और चोरों की तलाश की जा रही है।

# सहकारिता समितियों के चुनाव सम्पन्न चंदन सिंह नेगी और किरन नेगी अध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड राज्य सहका. रिता के अंतर्गत कार्यरत हल्द्वानी सहकारी क्रय-विक्रय समिति एवं पर्वतीय फल साख क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सदस्य समितियों के प्रतिनिधियों का पांच वर्षीय चुनाव शनिवार को सम्पन्न हुआ। हल्द्वानी सहकारी क्रय-विक्रय समिति में चुनाव अधिकारी मोहन सिंह नेगी की उपस्थिति में अध्यक्ष पद पर चंदन सिंह नेगी तथा उपाध्यक्ष पद पर लक्ष्मी देवी निर्वाचित हुए। इसके अलावा 13 अन्य संचालकों का भी निर्वाचन किया गया, जबकि शासन स्तर से मनोज कुमार पाण्डे को संच. ालक नामित किया गया। वहीं पर्वतीय फल साख क्रय-विक्रय समिति के चुनाव में चुनाव अधिकारी चंदन लाल आर्या की उपस्थिति में अध्यक्ष पद पर किरन नेगी तथा उपाध्यक्ष पद पर पूरन चन्द्र सुयाल निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान पूर्व अध्यक्ष नैनीताल जिला सहकारी बैंक राजेंद्र सिंह नेगी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख हल्द्वानी गोपाल नेगी, जिला पंचायत सदस्य आनन्द सिंह दरम्वाल, किसान सेवा समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, किसान सेवा समिति चोरगलिया के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश बेलवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवींद्र रैकुनी, पंकज सुयाल तथा अपर जिला सहकारिता अधिकारी एवं सचिव देवेंद्र पोखरिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

# ड्रेस कोड लागू करेगा बार एसोसिएशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को हल्द्वानी बार एसोसिएशन की आमसभा बार भवन के सभागार में एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट की

### बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अधिवक्ता कल्याण, आय-व्यय और न्यायालय व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। सभा में निर्णय लिया गया कि बार एसोसिएशन हल्द्वानी में पंजीकृत नए अधिवक्ताओं को ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन उत्तीर्ण करने के एक वर्ष बाद मतदान का अधिकार दिया जाएगा। इसके अलावा न्यायालय परिसर में प्रैक्टिस और इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया। अब विद्यार्थियों को न्यायालय की गरिमा बनाए रखने के लिए टाई और अपने कॉलेज की आईडी पहनकर आना अनिवार्य होगा। न्यायालय परिसर की सुरक्षा और पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी अहम फैसला लिया गया। सर्वसम्मति से तय किया गया कि अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिका. रियों-कर्मचारियों के वाहनों के अलावा अन्य व्यक्तियों के दोपहिया और चार पहिया वाहनों का कोर्ट परिसर में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में बढ़ती गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग का प्रस्ताव भी पारित किया गया। तय हुआ कि इस संबंध में उत्तराखंड की सभी बार एसोसिएशनों को साथ लेकर प्रस्ताव उत्तराखंड बार एसोसिएशन और हाईकोर्ट को भेजा जाएगा। सभा का संचालन सचिव मोहन बिष्ट ने किया। इस दौरान ललित मेर, बसंती बिष्ट, गौरव कपूर, सुधांशु तिवारी, वानू कबडाल, गौरव बिष्ट, लोकेश राज, मयंक प्रकाश, राकेश कुकरेती, सुनीता भट्ट, तहज़ीब बानो, कैलाश पाठक, राहुल भट्ट, नीलम गोस्वामी, रिंकी आर्य, वरिष्ठ अधिवक्ता राम सिंह बसेरा, जगत घुड़दौड़ा, महेश सोराडी, बसंत जोशी, किशोर पंत, केके कपिल, मो. यूसुफ, विनीत परिहार, सोहन सिंह मेहता, मो. इरफान, सुनील पुण्डीर, किशोर जोशी, रवि जलाल, रघुनंदन जोशी, कुंदन बिष्ट, नितिन पाठक, गर्वित जोशी, आरपी पांडे, योगेश लो. हानी, योगेंद्र पाठक, विनीत नौगई, रमेश चंद्र कांडपाल आदि मौजूद रहे।




# अपर सचिव सुरेश जोशी ने नैनीताल दुग्ध संघ की व्यवस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड लालकुआं की विपणन गतिविधियों एवं दुग्ध उपार्जन व्यवस्था का अपर सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं निदेशक, डेरी विकास विभाग उत्तराखण्ड सुरेश जोशी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हल्द्वानी नगर क्षेत्र में आंचल दुग्ध विक्रेताओं से दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की बिक्री, वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं से जुड़ी विभिन्न जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान उन्होंने विपणन व्यवस्था में आ रही खामियों एवं उनके सुधार को लेकर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ आवश्यक चर्चा भी की। अपर सचिव सुरेश जोशी ने उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए वितरण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने नैनीताल दुग्ध संघ से संबद्ध दुग्ध समितियों हरीपुर कुंवर सिंह, बैडापोखरा एवं चांदनी चौक पहुंचकर दुग्ध संग्रहण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विपणन एवं उपार्जन से जुड़े सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित पाए गए। इस मौके पर नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा, सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा, संजय सिंह भाकुनी, सुभाष बाबू, शांति कोरंगा, लक्ष्मी पंत सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।



## भीषण गर्मी में बेजुबानों के लिए आगे आया वंदे मातरम् ग्रुप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीषण गर्मी के बीच वंदे मातरम् ग्रुप द्वारा बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए प्याऊ सेवा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों एवं बेसहारा पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था की जा रही है, ताकि गर्मी के इस मौसम में कोई भी बेजुबान प्यासा न रहे। इस अभियान को स्थानीय लोगों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। वंदे मातरम् ग्रुप द्वारा प्याऊ उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि पशु प्रेमी रोजाना उनमें पानी भरने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। साथ ही लोगों से भी अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में बेजुबानों के लिए पानी रखने की अपील की जा रही है। अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं का कहना है कि मानवता के साथ-साथ बेजुबानों की सेवा करना भी समाज की जिम्मेदारी है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे गर्मी के मौसम में बेहद जरूरी कदम बताया। इस सेवा अभियान में शैलेन्द्र सिंह दानू, चंदू मेहता, गौरव पांडे, सुनील सनवाल और उमेश बचखेती सहित कई लोग सक्रिय रूप से सेवा कार्य में जुटे हुए हैं।



# खाटू श्याम के भजनों पर झूमे भक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री खाटू श्याम मंदिर तल्ली बमोरी मुखानी में स्थापना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः शिव मंदिर मुखानी से निकाली गई ध्वज निशान यात्रा से हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए खाटू श्याम मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचने पर भक्तों द्वारा प्रभु खाटू श्याम जी का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद गणेश पूजन एवं श्याम पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हुआ। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री के नेतृत्व में पंडित हेम गरवाल, पंकज शर्मा, त्रिलोक भट्ट एवं पूरन चंद्र पाण्डेय द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। हवन के पश्चात प्रभु खाटू श्याम जी की आरती उतारी गई तथा भोग अर्पित किया गया। भोग के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। मंदिर समिति के जयप्रकाश अग्रवाल, मदनमोहन अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, सिद्धांत अग्रवाल, विजय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, विकास अग्रवाल एवं ओम प्रकाश गुप्ता बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन मौजूद रहे।



# कुमाऊं के युवा लिखेंगे सफलता की नई इबारत

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का हल्द्वानी कैंपस देगा सुनहरा मौका: डा. हिमांशु त्रिपाठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में पारंपरिक डिग्रियां अब युवाओं के करियर सपनों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं रह गई हैं। आने वाला समय उन्हीं युवाओं का होगा जो तकनीकी रूप से दक्ष और वैश्विक कॉर्पोरेट दुनिया के लिए पूरी तरह इंडस्ट्री-रेडी होंगे। इसी सोच के साथ चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश (सीयू यूपी) देश के पहले एआई-ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी शिक्षा मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है। करीब 2,500 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित यह हाईटेक स्मार्ट कैंपस अब हल्द्वानी और कुमाऊं क्षेत्र के युवाओं को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाने की दिशा में कार्य कर रहा है। यह बात सीयू यूपी के डीन साइंसेज़ डा. हिमांशु त्रिपाठी ने कही। शनिवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता करते हुए सीयू यूपी के डीन साइंसेज़ डा. हिमांशु त्रिपाठी ने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं में अपार प्रतिभा और नवाचार की क्षमता है, लेकिन अत्याधुनिक तकनीक, एडवांस रिसर्च और बेहतर कॉर्पोरेट एक्सपोजर की कमी के कारण उन्हें अक्सर बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सीयू यूपी इस भौगोलिक और तकनीकी दूरी को समाप्त करने का काम कर रहा है। अब क्षेत्र के छात्र अपने घर के करीब रहकर एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी और डेटा साइंस जैसी भविष्य की तकनीकों में अंत. रराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। डा. त्रिपाठी ने बताया कि पिछले सत्र में 2,000 से अधिक छात्रों को करोड़ों रुपये की स्कॉलरशिप का लाभ मिला था। हल्द्वानी और कुमाऊं के छात्र भी ऑनलाइन माध्यम से इस परीक्षा में शामिल होकर यूनिवर्सिटी में प्रवेश और स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा हाल ही में यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 'क्वांटम फॉर भारत' मिशन और देश के पहले एआई हेल्थकेयर हैकाथॉन में देशभर से 5,000 से अधिक युवाओं ने भाग लिया, जिसने सीयू यूपी के इनोवेशन आधारित विज़न को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। जिसका सीधा लाभ हल्द्वानी और कुमाऊं क्षेत्र के छात्रों को मिलेगा। पत्रकार वार्ता में दीप त्रिपाठी, विपुल गुप्ता मौजूद रहे।




## लालकुआं इकाई की भंग

**लालकुआं।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने निष्क्रियता के चलते लालकुआं नगर इकाई को भंग कर दिया है। जिला नैनीताल के अध्यक्ष कुंदन बिष्ट एवं जिला महामंत्री प्रज्ञान भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि शीघ्र ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई इकाई में ऐसे व्यापारियों को शामिल किया जाएगा जो व्यापारी हितों के लिए सक्रिय रूप से संघर्ष करने के इच्छुक हों। साथ ही यह भी घोषणा की गई कि लालकुआं के सभी व्यापारियों को संगठन की सदस्यता निशुल्क प्रदान की जाएगी। कुंदन बिष्ट एवं प्रज्ञान भारद्वाज ने कहा कि शीघ्र ही पूरे जिले का भ्रमण कर सभी इकाइयों से व्यापारी समस्याओं का समाधान किया जाएगा तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए एक जिला सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य जिले में व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने वाले नेतृत्व को प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल को एकजुट करना है।

# बकरा ईद से पहले पेयजल और सड़क मरम्मत की उठी मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बकरा ईद से पूर्व शहर में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने और टूटी सड़कों की मरम्मत कराने की मांग को लेकर स्थानीय जनप्रति. निधियों और क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि 28 मई को ईद-उल-अजहा के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों और सार्वजनिक स्थानों पर जुटेंगे। ऐसे में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई और सुगम यातायात व्यवस्था बेहद जरूरी है। वर्तमान में कई वार्डों में पानी की समस्या बनी हुई है, जबकि कई सड़कें गड्ढों और जलभराव के कारण बदहाल हैं, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बनभूलपुरा, जवाहर नगर, काठगोदाम, राजपुरा, गांधी नगर, उत्तर उजाला, लाइन नंबर-8 और लाइन नंबर-17 क्षेत्रों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और क्षतिग्रस्त सड़कों की जल्द मरम्मत कराने की मांग की गई। इस दौरान पार्षद सलीम सैफी, पार्षद सलमान सिद्दीकी, पार्षद समीर सैफी, मौकिन सैफी और नदीम सैफी मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खनन कारोबारियों का प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में खनन कारोबारियों और वन विभाग तराई पश्चिमी के बीच विवाद अब खुलकर सामने आ गया है,शनिवार को बड़ी संख्या में खनन कारोबारी तराई पश्चिमी वन प्रभाग कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने तराई पश्चिम वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्या और वन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया, गुस्साए कारोबारियों ने डीएफओ और वन विभाग का पुतला भी फूंका। उन्होंने वन विभाग पर मनमानी, उत्पीड़न और वैध वाहनों को जबरन सीज करने के आरोप लगाए हैं।

**डीएफओ का फूंका पुतला, लगाए गंभीर आरोप**

प्रदर्शन कर रहे कारोबारियों का कहना था कि वन विभाग तराई पश्चिमी द्वारा नदी क्षेत्र में छापेमारी के दौरान उनकी गाड़ियों को उस समय पकड़ लिया गया, जब सभी वाहन वैध टोकन और रॉयल्टी के साथ संचालित हो रहे थे। कारोबारियों ने आरोप लगाया कि विभाग की कार्रवाई नियमों के खिलाफ और जानबूझकर परेशान करने वाली है.

खनन कारोबारी अनंत जैन ने बताया कि उनकी गाड़ी 22 तारीख को सुबह निर्धारित टोकन के आधार पर नदी क्षेत्र में गई थी और सरकार को विधिवत रॉयल्टी भी जमा की गई थी, इसके बावजूद वन विभाग की टीम ने वाहन को पकड़ लिया,उन्होंने दावा किया कि कार्रवाई के दौरान विभागीय टीम ने मौके पर गोलियां चलाईं और पत्थरबाजी भी की, जिससे चालक जान बचाकर मौके से भागने को मजबूर हो गया।कारोबारियों का कहना है कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सूचना देकर टोकन, रवन्ना और अन्य वैध दस्तावेज दिखाए, लेकिन इसके बावजूद भी वाहन नहीं छोड़ा गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि डीएफओ ने फोन पर साफ शब्दों में कहा कि वे वह टोकन सिस्टम को नहीं मानते और किसी भी हालत में वाहन नहीं छोड़ा जाएगा। वहीं पूरे मामले में तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्या ने जानकारी देते हुए कारोबारियों के सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। डीएफओ ने कहा कि संबंधित वाहन बंद क्षेत्र से अवैध रूप से खनिज भर रहा था, जिस पर वन विभाग की टीम ने नियमानुसार कार्रवाई की।

# वनों की सुरक्षा को लेकर किया फ्लैग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा वन एवं वन्यजीव सुरक्षा, वनाग्नि सुरक्षा और मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम को लेकर उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर पार्क वार्डन बिन्दर पाल के नेतृत्व में कार्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज, सर्पदुली रेंज, सुरक्षा इकाई, रामनगर वन प्रभाग की कोसी रेंज एवं स्थानीय पुलिस बल के साथ गर्जिया वन परिसर से सांवल्दे वन परिसर तक फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। फ्लैग मार्च के लिए गर्जिया वन परिसर में एकत्रित हुये।पार्क वार्डन ने बताया कि हरिद्वार वन प्रभाग की श्यामपुर रेंज में अवैध शिकार की घटना प्रकाश में आयी है, जिस कारण प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुये कार्बेट टाइगर रिजर्व में भी हाई अलर्ट घोषित किया गया है। उनके द्वारा अवैध गतिविधियों पर कडी नजर एवं उन्हें विफल करने के लिए निर्देशित किया गया।वन एवं वन्यजीव सुरक्षा कार्य को लेकर प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के दृष्टिगत नियमित रूप से विशेष सघन गश्त आदि करने के लिए निर्देशित किया गया और सभी वनकर्मियो को फ्लैग मार्च के लिए रवाना किया गया।फ्लैग मार्च के दौरान आम जनमानस से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के देखे जाने पर उसकी सूचना स्थानीय वन चौकी में दे। इसके अतिरिक्त वनों में प्रवेश न करने के लिए अपील की गयी।बिजरानी रेंज रेंजर नवीन चन्द्र पाण्डे द्वारा कार्बेट टाइगर रिजर्व के समीपवर्ती ग्रामवासियों से विशेष अनुरोध किया गया कि वे अपने घरों के आस-पास कूड़ा न जलाये, क्योंकि कूड़े से उत्पन्न आग के वनों में फैलने की प्रबल सम्भावना बनी रहती है। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वनाग्नि काल में वन एवं वन्यजीवों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है।फ्लैग मार्च गर्जिया वन परिसर-ढिकुली-लदुवा-राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-309 से लखनपुर चौक-कोटद्वार रोड, चोरपानी, गौजानी, कानियों, हिम्मतपुर डोटियाल होते हुये सांवल्दे परिसर पहुँचा। इस दौरान फ्लैग मार्च में पार्क वार्डन बिन्दर पाल,बिजरानी रेंज रेंजर नवीन चन्द्र पाण्डे, रेंजर संजय कुमार पाण्डे,भूपेन्द्र सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह नेगी,प्रमोद कुमार सत्यवली,मोहन उप्रेती,प्रमोद डोर्बी, कृष्ण चन्द्र पंत, भूपाल सिंह बिष्ट,संजय कुमार,संदीप सिंह,महेश गौड़ाई,सरप सिंह राणा,साबरी खातून,रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दीदी की लाइब्रेरी का ब्लॉक प्रमुख एवं ज्येष्ठ उप प्रमुख ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ब्लॉक कैंपस में दीदी की लाइब्रेरी निर्माण के अंतिम चरण के कार्य का ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा एवं ज्येष्ठ उप प्रमुख भागीरथी राणा ने निरीक्षण किया। उन्होंने लाइब्रेरी के विभिन्न कक्षाओं का जायजा लिया और हाईटेक लाइब्रेरी में उपलब्ध कम्पटिशन प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधित पुस्तकों की जानकारी दी।



ब्लॉक परिसर के एक छोर पर लगभग तैयार हाईटेक दीदी की लाइब्रेरी की क्षमता 50 विद्यार्थियों की बताई गई। लाइब्रेरी को भव्य आकर्षक बनाने का वखूबी प्रयास चल रहा है। खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी ने बताया कि भव्य एवं आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देश है। दीदी की लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा अन्य प्रशासनिक सेवा में भागीदारी संबंधित कंपटीशन संबंधित पुस्तक उपलब्ध रहेंगी। ज्येष्ठ प्रमुख भागीरथी राणा ने क्षेत्र समिति अध्यक्ष एवं खंड विकास अधिकारी गांधी से अपेक्षा की कि जिस तरह विकास खंड को भव्य एवं आकर्षक बनाया गया है। उसी तर्ज पर विकासखंड क्षेत्र के बीडीसी एवं ग्रामपंचायतों का भी कायाकल्प हो तभी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गृह क्षेत्र एक मिसाल हि नहीं अनुकरणीय बनकर उभरेगा। इस अवसर पर पवन गीहार, शरद राणा आदि मौजूद रहे।

### योगगुरु बिमलेश समर कैंप में बच्चों को कर रहे हैं जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** योगगुरु स्वामी रामदेव से योग शिक्षा प्राप्त खटीमा के युवा योगगुरु कुमार विमलेश ने समर कैंप के अवसर पर शनिवार को जेके पब्लिक स्कूल सत्रह मील में बच्चों को जागरुक किया, जिसमें उन्होंने बच्चों को दैनिक दिनचर्या, खान-पान एवं बीमारियों से बचने हेतु जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने बच्चों के लिए जरूरी व्यायाम, प्राणायाम, जरूरी एक्यूप्रेशर पॉइंट, आदि घरेलू दवाओं की जानकारी दी एवं पर्यावरण जागरूकता हेतु अधिक से अधिक पेड़ पौधा लगाने पर जोर दिया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंध निदेशक अजय मौर्या ने आभार व्यक्त किया। युवा योगगुरु का कहना है कि वो इसी प्रकार विभिन्न विद्यालयों में जाकर जन जागरूकता अभियान चलाते रहेंगे।

### खटीमा की बेटी ने रचा इतिहास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** आईटीबीपी की महिला पर्वतारोही टीम ने माउंट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त की जिसमें उत्तराखंड के खटीमा चाररूबेटा की बेटी तिला सेन पुत्री मदन लाल भी शामिल है।

प्ज्ठच की महिला पर्वतारोहियों ने इतिहास रचते हुए दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराकर देश का गौरव बढ़ाया है। प्ज्ठच की पहली सर्व महिला एवरेस्ट अभियान टीम ने कठिन मौसम और चुनौतीपूर्ण रास्तों को पार करते हुए 8,848 मीटर ऊंची एवरेस्ट चोटी पर सफलतापूर्वक पहुंच बनाई। 19 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली से शुरू हुए इस मिशन में 14 सदस्य शामिल थे,जिनमें 11 महिला पर्वतारोही थीं। नेपाल के कठिन साउथ कोल रूट से चढ़ाई करते हुए टीम ने अद्‌भुत साहस, अनुशासन और हौसले का परिचय दिया। 21 मई 2026 को 6:52 बजे पहली टीम ने एवरेस्ट शिखर पर तिरंगा लहराकर नया इतिहास रच दिया।

# ठाकुर जगदीश सिंह तीसरी बार निर्विरोध बने रुद्रपुर सहकारी क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष

## पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व मेयर व अन्य समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सहकारी क्रय-विक्रय समिति के निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर ठाकुर जगदीश सिंह का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला,पूर्व मेयर रामपाल सिंह, किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं।



सम्पन्न हुए सहकारी क्रय-विक्रय समिति के चुनाव में ठाकुर जगदीश सिंह अध्यक्ष निखिल द्विवेदी उपाध्यक्ष एवं अशोक गावड़ी,सुनीता मौर्य, मनोज कुमार, ज्ञानवती, रामजी सिंह, राम भुवन, केशव संचालक पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए एवं तरुण दत्ता को उत्तराखंड सरकार द्वारा नामित किया गया।

वहीं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि ठाकुर जगदीश सिंह के नेतृत्व में समिति को नई दिशा मिलेगी तथा किसानों और सदस्यों के हितों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। स्वागत समारोह के दौरान समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि ठाकुर जगदीश सिंह लंबे समय से समाज एवं सहकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनहित में कार्य करते आ रहे हैं।

उनके निर्विरोध अध्यक्ष बनने से क्रय विक्रय समिति और अधिक मजबूत होगी तथा किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि ठाकुर जगदीश सिंह के अध्यक्ष बनने से सहकारिता क्रय विक्रय समिति को मजबूती मिलेगी और समिति विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर समिति को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर ठाकुर जगदीश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ समिति एवं किसानों के हित में कार्य करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र सौंपा गया।

# बकरीद पर खुले में पशु बलि रोकने की उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आगामी बकरीद पर्व को लेकर शहर में कानून व्यवस्था, स्वच्छता और जनभावनाओं से जुड़े मुद्दों पर हिंदू संगठनों ने नगर महापौर से सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है।

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और ब्राह्मण महासभा समेत विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने महापौर विकास शर्मा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए खुले में होने वाली पशु बलि, पशुओं के अवशेष और खून नालियों में बहाए जाने पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की। महापौर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि न्यायालय के आदेशों का पूरी सख्ती के साथ पालन कराया जाएगा और शहर में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी जाएगी। हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने महापौर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि बकरीद के दौरान कई स्थानों पर खुलेआम पशु बलि दिए जाने और उसके अवशेष सार्वजनिक स्थलों व नालियों में फेंके जाने की घटनाएं सामने आती रही हैं।

इससे न केवल शहर की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि आमजन की धार्मिक भावनाएं भी आहत होती हैं। महापौर विकास शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि शहर में कानून व्यवस्था और स्वच्छता बनाए रखने के लिए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेशों का सम्मान सर्वोपरि है और नगर निगम जल्द ही इस संबंध में एक विस्तृत एसओपी जारी करेगा। यहां राजेन्द्र सिंह मेहरा, सुलतान, सुदेव दास गुप्ता, प्रिंस कोली, मुकेश वशिष्ठ, संदीप मिश्रा, चंदन भट्ट, अभिषेक दास गुप्ता, आशीष यादव तथा अभिनव चंद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी और लू के चलते अस्पतालों में 24 घंटे चलेंगे 'हीट स्ट्रोक वार्ड'

**सीएमओ डा. केके अग्रवाल द्वारा वर्चुअल माध्यम से द्वारा जारी किए सख्त निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वर्तमान समय में बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल द्वारा जनपद की सभी चिकित्सा इकाइयों (जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ) के प्रभारियों को हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी चिकित्सा इकाइयों के प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि अस्पताल में स्थापित 'हीट स्ट्रोक वार्ड' का संचालन चौबीसों घंटे सुनिश्चित किया जाए। इन वार्डों में एसी, कूलर और पंखों की निर्बाध व्यवस्था हो ताकि मरीजों को तुरंत राहत मिल सके। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाइयों की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ उनके तीमारदारों (की सहूलियत का ध्यान रखते हुए, सभी अस्पतालों के वेटिंग एरिया में एसी/कूलर चालू रखने तथा शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आम जनता से भी अपील की है कि दोपहर के समय बिना वजह घरों से बाहर न निकलें, सूती कपड़े पहनें और शरीर में पानी की कमी न होने दें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल से संपर्क करें।

# वनखंडी महादेव ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**शिव क्लब को हराकर महादेव क्लब ने जीता उद्घाटन मुकाबला**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** चकरपुर बन्दा क्षेत्र में आयोजित वनखंडी महादेव ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि केआईआईटी डिग्री कॉलेज के एमडी कमल सिंह बिष्ट एवं सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणा द्वारा फीता काटकर किया गया। दोनों अतिथियों ने क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल के प्रति जागरूक होने के लिए कहा।

उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों एवं युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया गया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना एवं युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना है। उद्घाटन मुकाबला शिव क्लब और महादेव क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर शिव क्लब ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए महादेव क्लब की टीम ने निर्धारित ओवरों में 95 रन का लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिव क्लब की टीम 70 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार महादेव क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उद्घाटन मैच अपने नाम कर लिया। आयोजन समिति ने क्षेत्र की सभी क्रिकेट टीमों एवं खेल प्रेमियों से समय पर पहुंचकर टूर्नामेंट का आनंद लेने की अपील की है। टूर्नामेंट के आयोजन में अध्यक्ष सुरेश चंद (उपग्राम प्रधान), किशन चन्द (कुक्कू), सूरज सिंह गुसाईं, सूरज चंद दीपक यादव, गोविन्द सिंह धामी, विकास कापड़ी, विकास जोशी, शुभम खनका सहित समिति के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ रायबरेली में दिए गए अमर्यादित बयान के विरोध में शनिवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त आक्रोश व्यक्त करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया।



भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या और जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी के नेतृत्व में कार्यकर्ता रुद्रपुर के रम्पुरा काली मंदिर पर एकत्र हुए। यहां से कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए रम्पुरा रामलीला मैदान तक मार्च निकाला और राहुल गांधी का पुतला फूंक कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या ने कहा कि राहुल गांधी लगातार देश की लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार तार कर रहे हैं। देश के शीर्ष नेतृत्व को गद्दार कहना उनकी हताशा और संस्कारहीन राजनीति का परिचायक है। देश की जनता तीसरे कार्यकाल के लिए मोदी को चुन चुकी है, जिसे कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह देश का गौरव हैं, उनका अपमान देश की जनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। राहुल गांधी को अपने इस अमर्यादित आचरण के लिए पूरे देश से तुरंत बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। पुतला फूंकने वालों में संतोषचन्द्र, अजय मौर्य, हरजीत राठी, राजेश जायसवाल, सत्यप्रकाश यादव, मीना शर्मा, राजकुमार चौहान, मंडलाध्यक्ष कमलपाल, सोनू राठौर, संजय कुशवाहा, दीपक गिरी, गौरव जायसवाल, भावना गुप्ता, सुंदरम रस्तोगी, उदय ठाकुर, गुरमंत सिंह, महेंद्र पाल गंगवार, संदीप बाजवा, योगेश वर्मा, मान सिंह श्रीवास्तव, मुकेश राठौर एवं भीमसेन सहित भारी संख्या में मोर्चा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# अवैध खनन की सीबीआई जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सुल्तानपुर पट्टी, नूरपुर और मुकन्दपुर क्षेत्र के किसानों ने उत्तराखण्ड सरकार के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कोशी नदी क्षेत्र में कथित अवैध खनन की सीबीआई जांच कराने की मांग उठाई है। किसानों का आरोप है कि कैलाश रिवर मिनरल्स द्वारा निर्धारित मानकों के विपरीत जाकर अवैध खनन कराया जा रहा है, जिससे किसानों की भूमि और सरकार के राजस्व को भारी नुकसान पहुंच रहा है।

ज्ञापन में किसानों ने कहा कि कंपनी को केवल चेक पोस्टों के माध्यम से राजस्व वसूली की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन कंपनी के कर्मचारियों द्वारा कथित रूप से कोशी नदी क्षेत्र में किसानों के खेतों में अवैध खनन कराया जा रहा है। विरोध करने या शिकायत करने पर किसानों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराने और धमकाने के आरोप भी लगाए गए हैं।

किसानों का कहना है कि डम्परों में क्षमता से अधिक आरबीएम भरकर परिवहन किया जा रहा है तथा चेक पोस्टों पर बिना जांच वाहनों को पास किया जाता है। आरोप है कि प्रति वाहन सुविधा शुल्क भी वसूला जा रहा है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि अवैध खनन सामग्री को वैध दिखाने के लिए अन्य खनन पट्टों और स्टॉकों के रवन्नों का उपयोग किया जा रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि मामले को लेकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका और अवमानना याचिका भी विचाराधीन है। किसानों का दावा है कि उनके पास जीपीएस कैमरे से लिए गए फोटो और वीडियो भी मौजूद हैं, जिनमें कथित अवैध खनन दिखाई दे रहा है।

किसानों ने मुख्यमंत्री से पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराने, संबंधित खनन पट्टों और स्टॉकों की जांच पूरी होने तक संचालन बंद कराने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# मंदिर के पास अवैध शराब बिक्री पर आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या और जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन सीओ दौलत राम वर्मा को सौंपकर रमपुरा क्षेत्र स्थित काली मंदिर के समीप अवैध कच्ची शराब के कारोबार पर रोक लगाने तथा भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री अजय मौर्या को मिली जान से मारने की धमकी के मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि रमपुरा क्षेत्र स्थित पवित्र काली मंदिर के आसपास लंबे समय से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कच्ची शराब का कारोबार संचालित किया जा रहा है। मंदिर परिसर के आसपास शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे क्षेत्र में आए दिन अभद्रता, गाली गलौज और अराजक माहौल बना रहता है। इससे मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आने वाली महिलाओं और स्थानीय लोगों को भारी मानसिक परेशानी और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री अजय मौर्या पिछले करीब बीस से पच्चीस दिनों से स्थानीय नागरिकों के साथ शांतिपूर्ण आंदोलन और जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं। इस संबंध में पूर्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग भी की थी। पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा कुछ औपचारिक कार्रवाई जरूर की गई, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। शराब कारोबारियों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि अब उन्होंने जिला महामंत्री अजय मौर्या को जान से मारने की धमकी तक दे डाली है। ज्ञापन देने वालों में मान सिंह श्रीवास्तव, अजय मौर्या, यशवंत सिंह, सत्यपाल गंगवार, संदीप, हरजीत राठी, सोनू राठौर, गुरदीप सिंह, मुकेश राठौर, अजय चन्द्रा, कल पाल, सत्यप्रकाश, राज चौहान, मुन्ना चौहान आदि शामिल थे।

### पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी बाइक सवार दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** केलाखेड़ा लेवड़ा पुल के पास हाईवे 74 पर पराली से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और सड़क पर पलट गई। हादसे के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क से हटवाया। इसके बाद यातायात को सुचारु कराया गया। घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### सहकारी समिति के चुनाव में अमरजीत सिंह अध्यक्ष एवं अवधेश चौहान उपाध्यक्ष निर्वाचित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** अमरजीत सिंह अध्यक्ष एवम् अवधेश चौहान उपाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। सहकारी क्रय विक्रय समिति चुनाव में अमरजीत सिंह ने शुरू से ही अध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज करते हुए अपनी मजबूत पकड़ साबित की है। चुनाव में अमरजीत सिंह को कुल 14 में से 11 वोट प्राप्त हुए, जिसके बाद समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जीत की घोषणा होते ही समर्थकों ने मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई और एक-दूसरे को बधाई दी।वहीं समिति के उपाध्यक्ष पद पर अवधेश सिंह चौहान निर्विरोध चुने गए। दोनों पदाधिकारियों के चयन को क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। समर्थकों का कहना है कि नई टीम किसानों और समिति से जुड़े लोगों के हित में मजबूती से कार्य करेगी। इस मौके पर विधायक आदेश सिंह चौहान भी पहुंचे और नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमरजीत सिंह व उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चौहान को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# बिजली कर्मी की मौत के मामले में दो को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में बिजली विभाग में कार्यरत एक संविदा कर्मचारी की मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने बिजली विभाग के कुछ कर्मचारियों पर हत्या और अपहरण करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी।पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या और अपहरण का मुकदमा दर्ज किया।

ग्राम बैलपड़ाव निवासी सुमन देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति देवेंद्र कुमार उत्तराखंड पावर कारपोरेशन बैलपड़ाव सब स्टेशन संविदा पर लाईनमैन के पद पर कार्यरत थे।उनके पति को विद्युत विभाग के कर्मचारियों और ठेकेदार ने कुछ दिनों से परेशान कर रखा था और उनके पति बहुत ज्यादा डिप्रेशन में थे। उन्होंने बताया कि बैलपड़ाव में कार्यरत बिजली विभाग के जेई हो. शियार सिंह भण्डारी, दर्शन जोशी, कमल भट्ट, विशाल और काशीपुर के ठेकेदार द्वारा रामनगर में उसके पति का अपहरण कर उसके साथ मारपीट,गाली गलोज व उसकी हत्या कर दी। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पांचों आरोपियों के खिलाफ हत्या और अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन व चश्मदीद गवाहो के बयानो के आधार पर आरोपी हो. शियार सिंह भंडारी पुत्र अनूप सिंह भंडारी निवासी गोवाईपानी पो. चित्तौड़खाल थाना सल्ट जनपद अल्मोड़ा, हाल निवासी घासमंडी बिजलीघर रामनगर और विशाल सैनी पुत्र मदन सैनी निवासी भवानीपुर सलिया गेबुआ कालाढूगी को रामनगर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, खटीमा ( ऊधम सिंह नगर )**

पत्रांक : 159/ गृह. नामान्तरण / 2026-2027 दिनांक 23-05-2026

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण एवं सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खटीमा के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार दर्ज पूर्व भवन स्वामियों का नाम खारिज कर उनके सम्मुख अंकित कॉलम सं.-5 में उल्लेखित व्यक्तियों के नाम कॉलम सं.-6 उल्लेखित अभिलेखों के आधार पर गृहरकर वसूली हेतु गृहकर नामान्तरण / संशोधन दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | वार्ड संख्या | भवन संख्या | पूर्व भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम भवन नामान्तरण किया जाना है | नामान्तरण/ संशोधन हेतु प्रस्तुत अभिलेख का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुराना 08 नया 13 | 297/08 | श्रीमती श्यामा देवी पत्नी श्री कश्मीरी लाल | श्रीमती श्यामा देवी पत्नी श्री कश्मीरी लाल एवं श्री रोहताश कुमार पुत्र श्री नानक चन्द्र गोयल | विभाजन विलेख के आधार पर |

अत: उक्तानुसार गृहकर अभिलेखों में उक्तानुसार कॉलम सं. 4 में अंकित पूर्व भवन स्वामी का नाम खारिज कर कॉलम सं. 6 में उल्लेखित अभिलेखों के आधार पर कॉलम सं. 5 में अंकित वर्ममान भवन स्वामी का नाम गृहकर नामान्तरण/संशोधन दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय साक्ष्य एक माह के भीतर पालिका कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से अपनी आपत्ति प्रेषित कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। तथा उक्तानुसार प्रस्तावित गृहकर नामान्तरण / संशोधन करते हुये गृहकर अभिलेंखो में गृहकर की वसूली हेतु पूर्व भवन स्वामी का नाम खारिज कर वर्तमान भवन स्वामी के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**

# डीएम भटगांई की पहल बनीं प्रेरणा

- सीमांत की बेटियों को मिला सपनों को उड़ान देने का मंच
- डीएम के संवाद से बढ़ा बेटियों का आत्मविश्वास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अभिनव पहल "मेरा सपना ख मेरा लक्ष्य" कार्यक्रम निरंतर प्रभावी साबित हो रहा है। आज जिला कार्यालय सभागार में कार्यक्रम का पांचवां संस्करण आयोजित किया गया, जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कनालिछीना की विभिन्न कक्षाओं की 25 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। साथ ही उत्तराखंड परिषदीय परीक्षाओं में 10वीं एवं 12वीं कक्षा में जनपद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के 18 छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न शासकीय कार्यालयों का शैक्षिक भ्रमण कराया गया तथा महिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उनका सीधा संवाद आयोजित हुआ। इस पहल के माध्यम से छात्राओं ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा तथा अपने करियर से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कनालिछीना की छात्राओं को मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अध्ययन के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि राजकीय परिषदीय परीक्षा में जनपद पिथौरागढ़ ने पूरे राज्य में 10वीं कक्षा में 96.25% से दूसरा एवं 12वीं कक्षा में 94.11% से दूसरा स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम की विशेषता जिलाधिकारी द्वारा छात्राओं के साथ किया गया सहज, खुला एवं प्रेरणादायक संवाद रहा। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि सपने साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता तथा आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ही सफलता की वास्तविक कुंजी है।

यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एक सतत पहल है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक माह सीमांत क्षेत्रों की बालि. काओं को प्रशासनिक तंत्र से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवीण रावल द्वारा प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर जितेन्द्र वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु नौगाई, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. चंद्रकला भैंसोड़ा सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राजनीति विज्ञान प्रवक्ता का पद सृजित न होने से छात्रों का भविष्य अधर में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** राजकीय इंटर कॉलेज सैलानीगोठ में राजनी. ति विज्ञान विषय के प्रवक्ता का पद अब तक सृजित न होने से छात्र-छात्राओं का भविष्य संकट में पड़ गया है। विद्यालय में इंटरमीडिएट कला वर्ग के छात्र बिना विषय विशेषज्ञ शिक्षक के पढ़ाई करने को मजबूर हैं, जिससे उनकी बोर्ड परीक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रभावित हो रही है।

विद्यालय प्रशासन द्वारा जिलाधिकारी एवं शिक्षा विभाग को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि राजनीति विज्ञान विषय पढ़ाने के लिए कोई प्रवक्ता नियुक्त नहीं है।

छात्रों एवं अभिभावकों का कहना है कि लगातार मांग के बावजूद विभाग इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पहाड़ी एवं सीमांत क्षेत्र के छात्रों के साथ यह अन्याय है। यदि शीघ्र राजनीति विज्ञान प्रवक्ता का पद सृजित कर नियुक्ति नहीं की गई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग की है।

## एक नजर

### कुदरत का करिश्मा या मेहनत का फल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**टनकपुर।** नगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत मनिहारगोठ में इन दिनों एक अनोखी लौकी चर्चा का विषय बनी हुई है। वन वॉचर अहमद हुसैन के घर उगी लौकी की बेल को देखने लोगों की भीड़ उमड़ रही है। वजह भी खास है, एक ही बेल में करीब 20 से 25 छोटी-छोटी लौकियां गुच्छे के रूप में लटकती दिखाई दे रही हैं, जिसे देखकर हर कोई हैरान है।

बताया जा रहा है कि अहमद हुसैन ने अपने आवास पर सामान्य तरीके से लौकी का बीज लगाया था। समय के साथ पौधा बढ़ा और बेल फैलती चली गई। लेकिन जब बेल में एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लौकियां दिखाई दीं तो खुद अहमद हुसैन भी दंग रह गए। गांव के लोग इस अनोखी बेल को देखने पहुंच रहे हैं और मोबाइल कैमरों में तस्वीरें कैद कर रहे हैं। क्षेत्र में यह लौकी का गुच्छा कौतूहल और चर्चा का विषय बना हुआ है। अहमद हुसैन का कहना है कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि उनकी छोटी सी बगिया लोगों के आकर्षण का केंद्र बन जाएगी। फिलहाल यह अनोखी लौकी पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

> वन वॉचर अहमद हुसैन के घर उगी ''लौकियों की बारात''

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा, आईशा परवीन रहीं प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज सैलानीगोठ में आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। परीक्षा में कुल 50 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर कक्षा 10 की छात्रा आईशा परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं कक्षा 11 की छात्रा सानिया द्वितीय स्थान पर रहीं। कक्षा 12 की छात्राएं कविता एवं बबीता जोशी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।



विद्यालय प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजा राम पौरी ने कहा कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं सामान्य ज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान रिटायर्ड प्रधानाचार्य बंशीधर उपाध्याय, शिक्षक रमाकांत उपाध्याय, राज कुमार, विपिन बिहारी, गुणा नन्द पन्त, हरीश चंद्र जोशी, कल्याण सिंह, कविता तिवारी, आरती पाल, दीपा अधिकारी, रमेश चन्द्र भट्ट (वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी) सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### हर शनिवार 'नो व्हीकल डे'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** बढ़ती ईंधन कीमतों, संसाधनों पर बढ़ते आर्थिक दबाव और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए चम्पावत जनपद में हर शनिवार 'नो व्हीकल डे' अभियान की शुरुआत कर दी गई है। अभियान का शुभारंभ स्वयं जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अपने आवास से जिला कार्यालय तक पैदल पहुंचकर किया। डीएम के इस कदम ने प्रशासनिक व्यवस्था के साथ आम जनता को भी बड़ा संदेश दिया।



> पैदल दफ्तर पहुंचे डीएम मनीष कुमार, चम्पावत से दिया ऊर्जा बचत का संदेश

शनिवार सुबह जिलाधिकारी मनीष कुमार बिना सरकारी वाहन के पैदल कार्यालय पहुंचे। रास्ते में उन्होंने आम लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की नींव बनते हैं और यदि हर व्यक्ति सप्ताह में एक दिन निजी वाहनों का कम उपयोग करे तो इससे ईंधन बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

डीएम ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्यालयों में अनावश्यक बिजली, ईंधन और अन्य संसाधनों की बर्बादी पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। अभियान में अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी विपिन पंत, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी दीप्तिकीर्ति तिवारी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल, सहायक निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र अधिकारी समेत कई अधिकारी और कर्मचारी भी अपने आवासों से पैदल कार्यालय पहुंचे और अभियान में सहभागिता निभाई।

### कांग्रेस की बैठक में एसआईआर और मतदाता अधिकारों पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा एसआईआर से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी ऊधमसिंह नगर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य, जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा तथा जिला प्रभारी एसआईआर गणेश उपाध्याय विशेष रूप से मौजूद रहे।



बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा मतदाता हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की गई। साथ ही एसआईआर से संबंधित प्रक्रियाओं, जमीनी चुनौतियों और आम मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी मतदाता के अधिकारों का हनन, वोट चोरी अथवा लोकतांत्रिक प्रक्रिया से छेड़छाड़ को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा संविधान, लोकतंत्र और जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी रहेगी।

### पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं को राहत, काली मंदिर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बनी निर्बाध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** विश्व प्रसिद्ध मां पूर्णागिरी धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था और लगातार उमड़ रही भीड़ के बीच जिला प्रशासन मूलभूत सुविधाओं को मजबूत बनाए रखने में जुटा हुआ है। भीषण गर्मी के बावजूद धाम क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने के लिए मेला प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

मेला मजिस्ट्रेट ललित मोहन तिवारी ने बताया कि इन दिनों धाम में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए काली मंदिर क्षेत्र और आसपास के इलाकों में सुबह एवं शाम दोनों समय पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। स्थानीय निवासियों, धर्मशाला संचाल. कों और श्रद्धालुओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पानी की टंकियों को नियमित रूप से भरा जा रहा है, जिससे पानी की आपूर्ति निर्बाध बनी रहे।

# टनकपुर-बनबसा बाईपास की मांग तेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** एनएच-09 चौड़ीकरण के विरोध में टनकपुर-बनबसा क्षेत्र में बाईपास निर्माण की मांग अब जनआंदोलन का रूप लेने लगी है। "टनकपुर-बनबसा बाईपास बनाओ संघर्ष समिति" के नेतृत्व में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, किसानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रभावित परिवारों ने एक स्वर में बाईपास निर्माण को क्षेत्रहित में जरूरी बताया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित चौड़ीकरण के खिलाफ आगामी सोमवार को बड़ी संख्या में प्रभावित नागरिक तहसील पहुंचकर सामूहिक एवं व्यक्तिगत आपत्तियां दर्ज कराएंगे।

- सोमवार को तहसील में दर्ज होंगी सामूहिक आपत्तियां

समिति अध्यक्ष केशव भंडारी की अध्यक्षता एवं महासचिव दीप चंद्र पाठक तथा सावन चंद के संच. ालन में आयोजित बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा ने कहा कि जनता की भावनाओं एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जिला पंचायत सदस्य सावित्री चंद ने बाईपास निर्माण की मांग को न्यायोचित बताते हुए कहा कि इस विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया जाएगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य बिमला साजवान ने भी घनी आबादी वाले क्षेत्र से हाईवे चौड़ीकरण को स्थानीय हितों के विपरीत बताते हुए बाईपास को स्थायी समाधान बताया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान प्रस्तावित चौड़ीकरण से सैकड़ों परिवारों की आजीविका, व्यापारिक प्रतिष्ठान, आवासीय भवन, विद्यालय, धार्मिक स्थल एवं अन्य सार्वजनिक संस्थान प्रभावित होंगे। लोगों का कहना था कि देश के अन्य शहरों की तरह टनकपुर-बनबसा क्षेत्र में भी आबादी से बाहर बाईपास का निर्माण किया जाना चाहिए, जिससे जनसुरक्षा और सुनियोजित विकास सुनिश्चित हो सके। बैठक के अंत में "टनकपुर-बनबसा बचाओ, बाईपास बनाओ" के लोगों ने सोमवार को तहसील पहुंचकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराने का संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया इंजी. ललित शौर्य की पुस्तक का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कैम्प कार्यालय देहरादून में राष्ट्रीय उद्घोषक एवं बाल साहित्यकार इंजी. ललित शौर्य की पुस्तक प्रदूषण पर प्रहार का विमोचन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। यह पुस्तक विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों के प्रति जागरूकता पैदा करती है।




मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह पुस्तक निश्चित ही बच्चों एवं बड़ो को प्रेरित करेगी। ललित शौर्य द्वारा लगातार विभिन्न प्रकार की प्रेरक पुस्तकों का सृजन किया जा रहा है जो प्रशंसनीय है। प्रदूषण आज की बड़ी समस्या है, हमें इसके प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। यह पुस्तक अलग-अलग तरह के प्रदूषणों के कारण एवं उनके निदान के बारे में जागरूक करेगी। पुस्तक के लेखक इंजी. ललित शौर्य ने मुख्यमंत्री धामी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा की यह पुस्तक उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव पराग मधुकर धकाते के मार्गदर्शन में लिखी गई है। जिसका मुख्य उद्देश विभिन्न प्रकार के प्रदूषण जैसे वायु प्रदूषण, बायोमेडिकल वेस्ट, जल प्रदूषण, ई-वेस्ट आदि के बारे में लोगों को जागरूक करना है। इस पुस्तक में 8 कहानियाँ सचित्र प्रकाशित हैं।यह पुस्तक प्रदूषण से जुड़े अनछुए पहलुओं को प्रेरक कहानियों के माध्यम से पाठकों के बीच में रखेगी।

समाजसेवी इंजी विपिन ने कहा कि ललित शौर्य पुस्तक लेखन के साथ-साथ मोबाइल नहीं पुस्तक दो अभियान भी चला रहे हैं, जो आज की आवश्यकता है। आज के समय में बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करना एक चुनौती है। बाल साहित्य के माध्यम से इसे कम करने में मदद मिल सकती है। इससे पहले भी इंजी शौर्य की स्वच्छता, वन्य जीव संरक्षण, जल संरक्षण, नदियों की स्वच्छता, नैतिक शिक्षा से जुड़ी रोचक एवं रहस्य से भरी 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्हें कई राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं।

# चम्पावत के 10 कराटे खिलाड़ी राष्ट्रीय मंच पर दिखाएंगे दम, नेशनल कैंप के लिए रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** सीमांत जनपद चम्पावत के युवा खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिले के 10 होनहार कराटे खिलाड़ियों का चयन नेशनल कराटे कैंप एवं राष्ट्रीय कराटे चौंपियनशिप के लिए हुआ है। सभी खिलाड़ी उत्तराखंड राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

जानकारी के अनुसार चयनित खिलाड़ी 23 मई 2026 से 2 जून 2026 तक आयोजित नेशनल कराटे कैंप में कठिन अभ्यास और प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके बाद 3 जून से 7 जून 2026 तक आयोजित होने वाली नेशनल कराटे चौंपियनशिप में उत्तराखंड की ओर से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने जा रहे खिलाड़ियों में भावना, अनामिका, पार्थ, अभिषेक, करण, विवेक, अभिजीत, प्रश्रान, रिशव और आभाष शामिल हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी और उत्साह का माहौल है।

खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिलाधिकारी चम्पावत, अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों तथा उनके कोच को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# पैदल निकले डीएम मनीष कुमार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद में शनिवार को आयोजित विशेष 'नो व्हीकल डे' अभियान केवल वाहन मुक्त पहल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का माध्यम भी बना। मनीष कुमार पैदल चलकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और रास्ते में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने।

> चने खाकर बढ़ाया स्थानीय स्वाद का मान

पैदल यात्रा के दौरान जिलाधिकारी ने विकास भवन कार्यालय के सामने संचालित छोटे भोजनालयों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वरोजगार से जुड़े लोगों से बातचीत कर उनके व्यवसाय, आय और दैनिक चुनौतियों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि छोटे व्यवसायी स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और प्रशासन उन्हें हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दौरान जिलाधिकारी दीपक सिंह के भोजनालय में भी पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और भोजनालय संचालक से व्यवसाय संचालन, ग्राहकों की संख्या, खाद्य सामग्री एवं रोजगार संबंधी समस्याओं पर चर्चा की। दीपक सिंह द्वारा जिलाधिकारी को स्थानीय स्वाद से भरपूर चने भी खिलाए गए, जिसकी जिलाधिकारी ने जमकर सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि पारंपरिक खानपान और स्थानीय स्वाद जनपद की सांस्कृतिक पहचान हैं, जिन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने भोजनालय के विस्तार में प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर कृष्णनाथ गोस्वामी, विपिन पंत, दीप्तिकीर्ति तिवारी, देवेंद्र पटवाल, देवेंद्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# 25वीं सालाना सिल्वर जुबली कॉन्फ्रेंस हुई सम्पन्न

- मुल्क की तरक्की, नशे से दूर रहने तथा सामाजिक बुराइयों को खत्म करने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अल- जमीअतुल-गौसिया इस्लामनगर का 25वां सालाना सिल्वर जुबली कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तार बंदी बड़ी धूमधाम से आयोजित हुआ। जिसमें आस-पास और दूर-दराज के इलाकों से 100 से ज्यादा विद्वानों और धर्म गुरुओं ने हिस्सा लिया। कॉन्फ्रेंस की सरपरस्ती हुजूर कायदे-ए-मिल्लत अल्लामा असजद रजा खान बरेली शरीफ ने की जबकि सदारत खलीफ ऐ हुजूर तहसीन-ए-मिल्लत मुजा. हिदे उत्तराखंड हजरत अल्लामा मुहम्मद इरफानुल-हक काध्दरी ( फाउंडर आफ मदरसा गौघसिया ) ने की। कॉन्फ्रेंस में इस्लामिक स्कॉलर्स ने बताया की इंसान में इंसानियत होना बहुत बड़ी चीज है लोगों की खिदमत करना अच्छे बर्ताव करना और एक दूसरे की मदद करना मुल्क की खिदमत करना एक अच्छे इंसान की पहचान है। तमाम सामाजिक बुराइयों को खत्म करना हर व्यक्ति पर जरूरी है ताकि समाज एक बेहत. रीन समाज बन सके और लोग खुशहाली के साथ जिंदगी गुजार सकें। हजरत मौलाना इरफानुल हकध कघदरी ने कॉन्फ्रेंस की जानिब से एजेंडा पेश करते हुए अपील किया कि

शादी ब्याह बर्थडे में फुजूल खर्ची से बच्चे, मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए मेहनत और कोशिश करें, खूब तालीम हासिल करें ताकि एक अच्छा इंसान बना जा सके, नौजवान सोशल मीडिया पर किसी के खिलाफ बुरा कमेंट ना करें ताकि किसी भी व्यक्ति को ठेस न पहुंचे, हर तरह के नशे से दूर रहें ताकि नशा जैसी लत किसी भी इंसान को बर्बाद ना करें। इसके बाद मदरसा गौसिया से 13 बच्चों को उलेमा और मशाइखों के हाथों पगड़ी बंधवाई गई। अल्लामा इरफानुल-हक कादिरी ने कॉन्फ्रेंस के वॉलंटियर्स को ऑनरेरी अवॉर्ड देकर उनका हौसला बढ़ाया। वहीं खास मेहमान हजरत कायदे-ए-मिल्लत अल्लामा असजद मियां साहब ने संदेश मैसेज दिया कि इस्लामी शरिया पर चलना ही असली कामयाबी है और जो शरिया से भटकेगा वह नाकाम होगा। कॉन्फ्रेंस में देश के विद्वानों, मशाइखों, कवियों और लेखकों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर हजरत सैयद असलम मियां बलग्राम शरीफ, हजरत सैयद अफसर मियां, शहजाद ऐ कायदे-मिल्लत मौलाना हम्माम रजा, मौलाना हुस्साम रजा, मौलाना रईसुद्दीन, मौलाना तारिक मिस्बाही, मुफ्ती इंतिजार अहमद, मौलाना नासिर चतुर्वेदी, मौलाना नफीस अहमद मिस्बाही, मौलाना आरिफ अल-कादरी और कई विद्वान मौजूद रहे।

# क्रय-विक्रय समिति, टनकपुर के अमित जुकरिया चुने गए अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** टनकपुर क्रय-विक्रय समिति के संपन्न हुए चुनाव में अमित जुकरिया ने समिति के पूर्व अध्यक्ष भुवन चंद गहतोड़ी की धर्मपत्नी निर्मला गहतोड़ी को तीन मतों से पराजित किया। चुनाव में अमित को सात तथा निर्मला को चार मत मिले जबकि उपाध्यक्ष पद पर सुरेश चंद्र उप्रेती निर्विरोध चुने गए। निर्वाचन अधिकारी तपन गडकोटी एवं विवेक वर्मा द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों के नामो की घोषणा की गई। निर्वाचन प्रक्रिया में वीडियो शोभित अग्रवाल द्वारा भी सहयोग किया गया। कड़े सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच निर्वाचन प्रकिया संपन्न कराई गई। निर्वाचन की घोषणा के बाद अमित जुकरिया के समर्थको ने उन्हें ष्सर आंखों में उठा लियाष् इस अवसर पर अमित शाह, गोविंद बोहरा,रोहित खोलिया, पूर्व सभासद दीपक सुतेडी, विवेक ओली,कपिल खर्कवाल,चंपावत के सभासद नंदन तड़ागी, नवीन जोशी, देवी दत्त जोशी, अर्जुन मेहरा, आदि तमाम लोगों ने उन्हें बधाई दी। अमित जुकरिया एक संघर्षशील युवक हैं। उनके निर्वाचित होने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता टनकपुर क्रय-विक्रय समिति के माध्यम से किसानों के चेहरों में मुस्कान लाना होगा। इस अवसर पर लोगों ने उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित सुरेश चंद्र उप्रेती को भी बधाइयां दी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत**

पत्रांक- 260/नामान्तरण सूचना/2026-27 दिनांक 22/5/2026

**गृहकर अभिलेखों में नाम दर्ज हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कराने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण / संसोधन किया जाना प्रस्तावित हैं।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का दर्ज नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | रेनू फुलारा पुत्री श्री मोहन चन्द्र फुलारा | भवन संख्या 81वार्ड नं. 5 टनकपुर | श्रीमती नाजमा बेगम पत्नी स्व. श्री साबिर हुसैन | रेनू फुलारा पुत्री श्री मोहन चन्द्र फुलारा | आवेदन मय वय इकरारनामा, आधार कार्ड, गृहकर रसीद, श्री साबिर हुसैन पुत्र श्री मकसूदन का मृत्यु प्रमाण पत्र, श्रीमती नाजमा पत्नी श्री साबिर हुसैन का अनापत्ति शपथ पत्र रजा मुराद पुत्र श्री साबिर हुसैन का अनापत्ति शपथ पत्र, श्री कामरान पुत्र श्री साबिर हुसैन का अनापत्ति शपथ पत्र |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयअवधि प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर अभिलेखों में पूर्व में अंकित व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालम नं. 6 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जाएगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# पाटी नगर पंचायत चुनाव की सरगर्मियां तेज, निर्वाचन अधिकारियों की तैनाती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** नगर पंचायत पाटी निर्वाचन-2026 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अब तेज हो गई हैं। लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने चुनावी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार ने निर्वाचन अधिकारियों और सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार नगर पंचायत पाटी में अध्यक्ष पद के निर्वाचन की जिम्मेदारी जिला ग्राम्य विकास अभिकरण चम्पावत के परियोजना निदेशक अजय सिंह को सौंपी गई है। उनके सहयोग के लिए लोक निर्माण विभाग लोहाघाट की सहायक अभियंता प्रियंका चौहान को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं सदस्य पद के चुनाव के लिए जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है, जबकि लघु सिंचाई उपखंड बाराकोट के सहायक अभियंता रविन्द्र कुमार सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में दायित्व निभाएंगे।

# विश्वविद्यालय समाज व राष्ट्र निर्माण का केन्द्र

## राज्यपाल ने कुमाऊं विवि में शिक्षा, शोध और नवाचार को लेकर की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने शनिवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीबीएस

### एनईपी 2020 के अनुरूप कौशल विकास, रोजगारोन्मुख शिक्षा और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर



परिसर में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत एवं संकायाध्यक्षों के साथ बैठक कर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, शोध, नवाचार और विद्यार्थियों के कौशल विकास सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थाएं नहीं हैं, बल्कि ये समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण और युवाओं को सही दिशा देने वाले महत्वपूर्ण केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी विश्व. विद्यालयों की मुख्य धुरी हैं और शिक्षकों की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन के लिए तैयार करने की भी है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समर्पित शिक्षकों की भूमिका की सराहना की तथा पूर्व विद्यार्थियों (अलुमनी) को विश्व. विद्यालयों की महत्वपूर्ण शक्ति बताते हुए उनके अनुभव और योगदान को संस्थागत विकास से और अधिक जोड़ने पर बल दिया। बैठक में राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों द्वारा शैक्षणिक सुधार, शोध गतिविधियों, डिजिटल व्यवस्था एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, भारतीय ज्ञान परंपरा तथा नवाचार और शोध को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि पाठ्यक्रम समयानुकूल, रोजगारोन्मुख और व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप होने चाहिए, ताकि विद्यार्थी केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान, नवाचार और कौशल विकास में भी सक्षम बनें। उन्होंने इंटर्नशिप, प्रयोगात्मक शिक्षा, स्टार्टअप, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कुमाऊं विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग की उपलब्धियों, रसायन विज्ञान में नैनीताल झील के संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता से जुड़े प्रयासों तथा नौसेना एनसीसी की अनुशासनात्मक गतिविधियों की सराहना की। साथ ही इन सफलताओं को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को युवाओं को राष्ट्रहित, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार की भावना से जोड़ते हुए विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गति. विधियों, नवाचारों एवं अन्य उपलब्धियों की जानकारी दी। बैठक में परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा तथा विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## जल संकट पर सख्ती टुल्लू पम्प और वाहन धुलाई पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** संभावित पेयजल संकट को देखते हुए प्रशासन ने कालाढूंगी परगना क्षेत्र में सख्त कदम उठाए हैं। डीएम नैनीताल ललित मोहन रयाल के निर्देश पर एसडीएम सुधीर कुमार



ने नए पेयजल कनेक्शनों की स्वीकृति पर तत्काल रोक लगा दी है। इसके साथ ही भवन निर्माण कार्यों के लिए दिए गए अस्थायी जल कनेक्शन भी निरस्त कर दिए गए हैं। वाहन धुलाई केंद्रों पर पानी से गाड़ियां धोने पर प्रतिबंध लगाया गया है, जबकि केवल ड्राई वाश की अनुमति रहेगी। वहीं टुल्लू और सक्शन पम्प के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी गई है। एसडीएम ने बताया कि यह आदेश 25 मई से 20 जून 2026 अथवा मानसून शुरू होने तक प्रभावी रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर....

### प्राची नेगी का पीआरटी शिक्षक पद पर चयन

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर की मेधावी छात्रा प्राची नेगी का एडुटेक कंपनी वाईजूस में पीआरटी लेवल शिक्षक पद पर चयन हुआ है। प्राची नेगी न केवल अपनी पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, बल्कि वर्तमान में एक स्कूल में शिक्षक के रूप में भी कार्यरत हैं। इसके साथ ही वह डीएसबी परिसर में भी छात्रों के बीच सक्रिय भूमिका निभाती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर डीएसबी परिसर के शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है। विभागाध्यक्ष ने कहा कि प्राची नेगी की मेहनत, समर्पण और नेतृत्व क्षमता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने यह भी बताया कि परिसर लगातार विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं और प्लेसमेंट के लिए तैयार करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

### कई के शस्त्र लाइसेंस निरस्त, एक जिला बदर

**नैनीताल।** जनपद में आपराधिक गतिविधियों और कानून-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कई आरोपियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा विभिन्न मामलों में शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के साथ-साथ जिला बदर की कार्रवाई भी की गई है। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार वसीम अहमद निवासी वार्ड-21 इंदिरा नगर, थाना बनभूलपुरा पूर्व में आईपीसी की धारा 120बी, 147, 148, 149, 3/4 लोक संपत्ति विरूपण अधिनियम तथा यूएपीए एक्ट के प्रकरण में निरुद्ध रह चुका है। इसके अतिरिक्त मकसूद हुसैन, मुनव्वर अली एवं कासिम खान, सभी निवासी बनभूलपुरा क्षेत्र के शस्त्र लाइसेंस भी जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिए गए हैं। एक अन्य मामले में त्रिभुवन चंद निवासी काठगोदाम पर आरोप है कि उन्होंने मद्यपान के दौरान अपनी लाइसेंसी 0.32 बोर पिस्टल से सार्वजनिक स्थान पर वाहन में बैठकर फायरिंग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट ने उनका शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। इसके अलावा हरप्रीत विज उर्फ बुंदा निवासी गौजाजाली, थाना बनभूलपुरा के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के कई मुकदमे दर्ज होने के चलते जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने उसे छह माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं।

### लोगों को सरकार की योजनाओं की दें जानकारी

**नैनीताल।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. भुवन चंद्र आर्य ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को नैनीताल विधानसभा के बेतालघाट बलाक के ग्राम सभा मझेडा एवं डोबा का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विधान सभा चुनाव 2027 के मद्देनजर सभी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर डबल इंजन सरकार की विकास योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देने का आह्वान किया। इस दौरान डा. आर्य ने कहा कि डबल इंजन की सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी व उनके समधान का आश्वासन दिया। इस दौरान हरी राम, विशन राम, त्रिलोक राम, दीवान राम, डूंगर राम, राधा देवी, नीमा देवी, गीता देवी, प्रेम सिंह, चंदन सिंह, कैलाश राम, रेखा देवी, रमा देवी तथा रेखा देवी समेत ग्रामीण व पार्टी जन उपस्थित रहे।

### स्वास्थ समिति के अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**नैनीताल।** नगरपालिका परिषद के स्वस्थ समिति के अध्यक्ष रमेश प्रसाद ने शनिवार को मल्लीताल स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया और शौचालय में रेट लिस्ट लगाने तथा वाइंडिंग मशीन ठीक करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि टॉयलेट जाने वाले लोगों से 10 रुपए शुल्क लिया जा रहा है जो कि नियमावली के विरुद्ध है इसीलिए संचालक को शुल्क लिखकर लगाने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही वाइंडिंग मशीन ठीक करने और शौचालय खुलने का समय बढ़ने को भी कहा गया ताकि पर्यटकों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इस दौरान सभासद गजाला कमाल भी मौके पर मौजूद रहीं।

### 550 कैडेट्स ने लिया आत्मसाक्षात्कार का अनुभव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** रानीबाग स्थित एनसीसी कैंप में कैडेट्स के सर्वांगीण विकास और मानसिक सुदृढ़ता के उद्देश्य से सहजयोग ध्यान शिविर आयोजित किया गया। सहजयोग तनावमुक्त एवं एकाग्र जीवन की ओर विषय पर आयोजित



शिविर में 550 कैडेट्स और स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। शिविर में सहजयोग उत्तराखंड की सदस्या डा. सीं. चता शर्मा ने कैडेट्स को ध्यान पद्धति के माध्यम से आत्मसाक्षात्कार का अनुभव कराया। उन्होंने कहा कि नियमित ध्यान अभ्यास से विद्यार्थियों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और निर्णय क्षमता में वृद्धि होती है साथ ही यह परीक्षा के तनाव को कम कर अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने बताया कि परम पूज्य माता निर्मला देवी द्वारा प्रदत्त सहजयोग विद्या आज विश्व के 150 से अधिक देशों में प्रचलित है। सहजयोग के माध्यम से शरीर की नाड़ियों और ऊर्जा केंद्रों में संतुलन स्थापित होता हैए जिससे मान. सिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ मिलता है। इस दौरान सूबेदार मेजर झाबर सिंह चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेन्द्र मिश्रा, बीसी जोशी, केएन जोशी, नवल किशोर जोशी, भूपाल रावत, प्रभु बिष्ट, राधा बिष्ट, कमला सांवत व राजेन्द्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन 95 गोल्फरों ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** लोक भवन गोल्फ क्लब द्वारा आयोजित 21वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन शनिवार को 95 गोल्फरों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।



इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड सहित दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और उत्तर प्रदेश से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और नैनीताल स्थित लोक भवन गोल्फ कोर्स की सुरम्य प्राकृतिक छटा का आनंद भी उठाया। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शांत, प्राकृतिक और उच्च गुणवत्ता वाले वातावरण में गोल्फ खेलना उनके लिए एक अद्वितीय और आनंददायक अनुभव है। उन्होंने लोक भवन गोल्फ कोर्स की व्यवस्थाओं, आतिथ्य सत्कार और सुव्यवस्थित आयोजन की सराहना की। कई गोल्फरों ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं और हर बार यहां खेलना उन्हें नई ऊर्जा, उत्साह और प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इसी कारण वे बार-बार इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रेरित होते हैं।

# सभी अस्पतालों का होगा सुरक्षा ऑडिट

## डीएम के निर्देश पर टीम गठित, अग्नि सुरक्षा, भवन मानकों की होगी गहन जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हाल ही में हुई घटनाओं और संभावित आपदाओं को देखते हुए जिला प्रशासन नैनीताल ने जिले में संचालित सभी निजी एवं सरकारी अस्पतालों, नर्सिंग होम, क्लीनिक और ट्रॉमा सेंटरों का संयुक्त सुरक्षा ऑडिट कराने का निर्णय लिया है। जिला. धिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर इसके लिए एक संयुक्त निरीक्षण दल का गठन किया गया है। इस टीम में नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, संबंधित क्षेत्र के उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नामित अधिकारी, मुख्य अग्निशमन



अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जल संस्थान, नगर निगम तथा जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारी शामिल रहेंगे। यह टीम हल्द्वानी, रामनगर सहित पूरे जनपद के चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में फायर एनओसी की वैधता, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता, फायर अलार्म सिस्टम, स्मोक डिटेक्टर, आपातकालीन निकास द्वार, विद्युत वायरिंग सुरक्षा तथा आपातक. ालीन जल आपूर्ति व्यवस्था की जांच की जाएगी। साथ ही भवन मानचित्र स्वीकृति, पार्किंग व्यवस्था, बेसमेंट उपयोग, अवैध अतिक्रमण और जोखिमपूर्ण संरचनाओं का भी परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा आपदा प्रबंधन के तहत अस्पतालों की इमरजेंसी रिस्पॉन्स प्लान, ऑक्सीजन सिलेंडरों एवं ज्वलनशील पदार्थों का सुरक्षित भंडारण, अस्पताल कर्मियों का फायर एवं आपदा सुरक्षा प्रशिक्षण, सीसीटीवी एवं कंट्रोल रूम व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी संस्थान में सुरक्षा मानकों की अनदेखी या लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। गंभीर स्थिति में अस्पताल को सील करने या संचालन प्रतिबंधित करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। संयुक्त निरीक्षण के बाद टीम अपनी विस्तृत रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नैनीताल को सौंपेगी। प्रशासन ने सभी संस्थानों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## वांछित अभियुक्त दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मुक्तेश्वर पुलिस ने यह सफलता प्राप्त की गयी है। बताया गया है कि वर्ष 2019 के यानी 7 वर्ष पुराने विशेष सत्र परीक्षण संख्या 20/2019 के मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के अंतर्गत राजपाल पुत्र तोता राम निवासी ग्राम बिहारीपुर, अब्दुल रहमान थाना कयारा क्वेलडिया जिला बरेली उत्तर प्रदेश के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। आरोपित लगातार पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। पुलिस अधीक्षक नगर डा. जगदीश चंद्र के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी भवाली रविकांत सेमवाल के पर्यवेक्षण में मुक्तेश्वर पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपित को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है।

# 5 वर्ष पुराने मामलों में आरोपी दोषमुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन) नैनीताल उर्वशी रावत की अदालत ने

### भवाली का वर्ष 2021 का टायर चोरी प्रकरण

भवाली थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में दर्ज टायर चोरी के मामले में आरोपित कमलेश सिंह मेहरा और लॉब संग खिमाल को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन के अनुसार भवाली थाना क्षेत्र में 23-24 जनवरी 2021 की रात एक बोलेरो वाहन से स्टेपनी और पिछला टायर चोरी हो गया था। मामले में भवाली थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 379 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में पुलिस ने कमलेश सिंह मेहरा निवासी बेरीनाग पिथौरागढ़ और लॉब संग खिमाल निवासी पिथौरागढ़ को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के टायर बरामद करने का दावा किया था। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने पांच गवाहों को प्रस्तुत किया तथा सीसीटीवी फुटेज, बरामदगी फर्द और अन्य दस्तावेज साक्ष्य के रूप में दाखिल किए। वहीं बचाव पक्ष ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि आरोपितों को झूठा फंसाया गया है।

अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि सीसीटीवी फुटेज भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 65-बी की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रमाणित नहीं किया गया। साथ ही फुटेज में दिखाई देने वाले व्यक्ति की स्पष्ट पहचान भी नहीं हो सकी। न्यायालय ने यह भी माना कि कथित चोरी हुए टायरों की पहचान और बरामद टायरों के बीच स्पष्ट संबंध स्थापित नहीं किया जा सका। न्यायालय ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में असफल रहा है। इसके आधार पर दोनों आरोपितों को भारतीय दंड संहिता की धारा 379, 411 व 34 के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया गया।

### अवैध गैस रीफिलिंग मामले में आरोपित दोषमुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल की अदालत ने घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रीफिलिंग और कालाबाजारी के मामले में आरोपित खुशाल सिंह को दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन की अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के परीक्षण के बाद यह फैसला सुनाया। मामला थाना मुखानी में वर्ष 2021 में दर्ज प्राथमिकी संख्या 29/2021 से जुड़ा यानी 5 वर्ष पुराना है। अभियोजन के अनुसार 21 जनवरी 2021 को मुखानी क्षेत्र के कमलुवागांजा रोड स्थित एक परिसर में पुलिस और पूर्ति विभाग की संयुक्त कार्रवाई के दौरान खुशाल सिंह के कब्जे से चार घरेलू गैस सिलेंडर, गैस रीफिलिंग उपकरण, फुट पंप, पीतल का नोजल और 5950 रुपये बरामद किए गए थे। आरोपित पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 तथा एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर 2000 के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से छह गवाह प्रस्तुत किए गए। अदालत में पूर्ति निरीक्षक, पुलिस कर्मियों और अन्य गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। साथ ही बरामदगी से संबंधित दस्तावेज, एफआईआर, नकशा नजरिया और जबती मेमो भी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए गए। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने बरामदगी और कार्रवाई पर सवाल उठाए। अदालत ने गवाहों के बयानों में विरोधाभास, बरामदगी की परिस्थितियों तथा साक्ष्यों की विश्वसनीयता का परीक्षण किया। इसके बाद न्यायालय ने अभियोजन पक्ष द्वारा आरोप संदेह से परे सिद्ध न कर पाने के आधार पर आरोपित खुशाल सिंह को दोषमुक्त कर दिया।

# शिवालिक व विन्ध्या सीनियर हाउस विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** लेक्स इंटरनेशनल स्कूल, भीमताल में आयोजित इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में शिवालिक हाउस तथा सीनियर वर्ग में विन्ध्या हाउस ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। विद्यालय मैदान में पिछले सप्ताह से चल रही प्रतियोगिता में लीग आधार पर मुक. ाबले खेले गए। जूनियर वर्ग में शिवा. लिक और हिमालय हाउस तथा सीनियर वर्ग में नीलगिरी और विन्ध्या हाउस ने फाइनल में प्रवेश किया। जूनियर वर्ग के फाइनल में रोमांचक मुकाबले के बीच शिवालिक हाउस ने विन्ध्या हाउस को पराजित कर खिताब जीता, जबकि सीनियर वर्ग में विन्ध्या हाउस ने नीलगिरी हाउस को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित



पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्राफी एवं टीम चैंपियनशिप प्रदान की गई। जूनियर वर्ग में शिवालिक हाउस के नितिन कुमार तथा सीनियर वर्ग में नीलगिरी हाउस के नैतिक नेगी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (बेस्ट प्लेयर) के रूप में सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य/निदेशक एसएस नेगी ने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आगे आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं भी दीं। प्रतियोगिता में क्रिकेट कोच राजेश मेहता एवं मनोज आर्या ने रेफरी की भूमिका निभाई, जबकि कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक अहिन पांडे द्वारा किया गया।

## कुविवि में होलिस्टिक हेल्थ एंड वेलनेस कार्यशाला का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुविवि के भीमताल स्थित जैव प्रौद्योगिकी विभाग सर जेसी बोस तकनीकी परिसर में पीएम ऊषा मेरु के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला होलिस्टिक हेल्थ एंड वेलनेस का समापन हुआ। कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतिभागियों को विभिन्न सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक सत्रों के माध्यम से स्वास्थ्य और मानसिक सुदृढ़ता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ डा. दीपक पाण्डे ने ध्यान, मानसिक दृढ़ता के लिए भावनात्मक आत्मचिंतन, पोषण एवं स्वास्थ्यए स्क्रीन मीडिया के जिमेदार उपयोग तथा आत्म नियमन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक संतुलन बनाए रखने के उपाय भी बताए। कार्यक्रम में शामिल 150 प्रतिभागियों से कार्यशाला के संबंध में प्रतिक्रिया भी ली गई। समापन अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक प्रो. वीना पाण्डे ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के सहयोग एवं मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले डा. मंजु तिवारी, डा. रागिनी पंत, डा. संतोष कुमार, डा. ऋषेन्द्र कुमार, डा. मयंक पाण्डेय सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा और सहयोग की सराहना की।

# 'नो व्हीकल डे' को मिला लोगों का सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला प्रशासन की पहल पर शनिवार को बागेश्वर नगर में 'नो व्हीकल डे' मनाया गया। इस अभिनव अभियान को सरकारी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और आमजन का भरपूर सहयोग मिला। लोगों ने निजी वाहनों के बजाय पैदल चलने, साइकिल का उपयोग करने और साझा परिवहन अपनाकर अभियान को सफल बनाने में सहभागिता निभाई। 'नो व्हीकल डे' के माध्यम से जहां एक ओर वायु प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया, वहीं दूसरी ओर ईंधन की बचत और अनावश्यक खर्च में कमी लाने का संदेश भी दिया गया। नगर क्षेत्र में वाहनों की संख्या कम होने से ट्रैफिक जाम की समस्या से भी लोगों



को राहत मिली, जिससे आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित बना रहा। अभियान के दौरान लोगों ने पैदल चलने और साइकिल चलाने को स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी बताया। नगरवासियों ने जिला प्रशासन की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण तैयार करने में सहायक सिद्ध होंगे। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि 'नो व्हीकल डे' अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से इस पहल में निरंतर सहयोग बनाए रखने और इसे जनभागीदारी का मजबूत अभियान बनाने की अपील की है।

## अमित और हर्षित जोशी सोशल मीडिया पर बटोर रहे सुर्खियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** रामगढ़ क्षेत्र के हरतोला गांव निवासी दो छोटे भाई अमित जोशी और हर्षित जोशी इन दिनों सोशल मीडिया पर खासा चर्चा में हैं। दोनों भाई अपनी सरल और मनोरंजक कॉमेडी वीडियो के माध्यम से कुमाऊँनी संस्कृति, लोक भाषा और पहाड़ी जीवनशैली को लोगों तक पहुंचा रहे हैं। उनकी वीडियो में



पहाड़ की बोली, पारंपरिक अंदाज और ग्रामीण जीवन की झलक देखने को मिलती है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। कम उम्र में ही दोनों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर बड़ी पहचान बना ली है। जानकारी के अनुसार, इंस्टाग्राम पर इनके 28 हजार से अधिक फालोअर्स, यूट्यूब पर 56 हजार से अधिक सब्सक्राइबर तथा फेसबुक पर 10 हजार से ज्यादा लोग जुड़े हुए हैं। उनकी वीडियो को लाखों बार देखा जा चुका है और लगातार सराहना मिल रही है। दोनों बच्चे पहाड़ में रहकर डिजिटल मीडिया का सकारात्मक उपयोग कर रहे हैं। जहां सोशल मीडिया को लेकर अक्सर नकारात्मक बातें सामने आती हैं, वहीं अमित और हर्षित अपनी रचनात्मकता और संस्कृति प्रेम के जरिए युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं।

# वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन वैश्विक चुनौती: कुलपति प्रो.रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुविवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. हेम चंद्र जोशी द्वारा लिखित पुस्तक क्लाइमेट रिस्पोंसिव प्लांट बायोलॉजी का लोकार्पण शनिवार को कुमाऊँ विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत द्वारा किया गया। कुलपति प्रो. रावत ने पुस्तक की विषयवस्तु एवं इसकी वैज्ञानिक उपयोगिता की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन वैश्विक चुनौती बन चुका है और ऐसे में पौधों की जलवायु अनुकूलन क्षमता पर आधारित यह पुस्तक शोधार्थियों, वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस दौरान डा. हेम चंद्र जोशी ने बताया



कि यह पुस्तक विश्वभर के पादप वैज्ञानिकों, कृषि वैज्ञानिकों, पारिस्थितिकीविदों व पर्यावरण शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों को समर्पित है जिनके अथक प्रयास पौधों की दुनिया को समझने और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने में नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। पुस्तक में पौधों की शारीरिक क्रियाओं, जलवायु सहनशीलता एवं सतत विकास से जुड़े विभिन्न वैज्ञानिक पहलुओं को सरल एवं शोधपरक शैली में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पुस्तक उन किसानों एवं खेतों में कार्य करने वाले श्रमिकों को भी समर्पित है जो अपने अनुभव एवं पारंपरिक ज्ञान के माध्यम से मानव, पौधों और पर्यावरण के अटूट संबंध को जीवित रखते हैं। डा. जोशी ने संपादित पुस्तक को विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी को भेंट की।

## थार से खतरनाक स्टंट, पुलिस ने किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल पुलिस ने कैंची धाम मार्ग पर थार वाहन से खतरनाक स्टंट करने के मामले में चालक के विरुद्ध कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया है। नैनीताल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक राहगीर ने सूचना दी थी कि वाहन संख्या डीएल-4बीसी -7795 थार का चालक कैंची धाम मार्ग पर वाहन की बोनट और खिड़की में दो लोगों को बैठाकर खतरनाक स्टंट कर रहा है जिससे स्वयं तथा अन्य लोगों की जान जोखिम में पड़ रही थी। संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ। इसके बाद यातायात निरीक्षक महेश चंद्र ने वाहन चालक राहुल निवासी दिल्ली की पहचान कर उसके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की।

# राजेंद्र सिंह रावत ने संभाला मल्लीताल कोतवाली का कार्यभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत ने शनिवार को मल्लीताल नैनीताल के प्रभारी निरीक्षक (कोतवाल) के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनकी यह नियुक्ति जनपद में पुलिस महानि. रीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत की गई है। कार्यभार संभालने के बाद कोतवाल राजेंद्र सिंह रावत ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना होगा। उन्होंने कहा कि नैनीताल एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, ऐसे में पर्यटन सीजन के दौरान जाम की समस्या से निपटना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है, जिस पर प्रभावी रूप से कार्य किया जाएगा। उन्होंने नगर में बढ़ते नशे के प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ



सख्त अभियान चलाया जाएगा और युवाओं को इस समस्या से बचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। कानून-व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई जाएगी तथा शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित गश्त बढ़ाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और जनता के बीच संवाद को मजबूत किया जाएगा, ताकि लोग बिना किसी झिझक के अपनी समस्याएं पुलिस तक पहुंचा सकें। राजेंद्र सिंह रावत इससे पहले डीसीआरबी प्रभारी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

# लखनऊ ने पंजाब को 197 रन का टारगेट दिया

## एलएसजी के धाकड़ बल्लोबज जोश इंग्लिश ने बनाए आकर्षक 72 बड़ोनी की भी 43 रन की तेज पारी

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 197 रन का टारगेट दिया है। इकाना स्टेडियम में टास हारकर पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 196 रन बनाए।

लखनऊ के लिए जोश इंग्लिस ने सबसे ज्यादा 72 रन की पारी खेली, जबकि आयुष बडोनी ने 18 गेंदों में 43 रन बनाए। आखिर में अब्दुल समद ने नाबाद 37 रन की पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब की ओर से मार्को यानसन और युजवेंद्र चहल ने 2-2 विकेट किए, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई और शशांक सिंह को 1-1 सफलता मिली। लखनऊ सुपर जायंट्सरू जोश इंग्लिस, अर्शिन कुलकर्णी, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत ढ्कप्तान और विकेटकीपरत्रः, अब्दुल समद, मुकुल चौधरी, अर्जुन तेंदुलकर, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव। यानसन ने एक और विकेट हासिल करते हुए मुकुल चौधरी को 1 रन पर पवेलियन भेज दिया। मुकुल ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन लॉन्ग-ऑन पर सब्स्टीट्यूट फील्डर प्रवीण दुबे ने डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया। शशांक सिंह ने इंग्लिस को आउट कर पंजाब को पांचवीं सफलता दिलाई। इंग्लिस ने बड़ा शाट खेलने की को. शिश की, लेकिन लान्ग-आन पर खड़े कप्तान अय्यर ने आसान कैच लपक लिया।



इंग्लिस 44 गेंदों में 72 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 16 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर 4 विकेट पर 157 रन हो गया है। इंग्लिस 71 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं, जबकि अब्दुल समद ने यानसन के ओवर में एक शानदार छक्का जड़ा। इस ओवर से कुल 10 रन आए। चहल ने पंत को आउट कर पंजाब को एक और बड़ी सफलता दिलाई। पंत ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले पर सही तरह नहीं आई और डीप में खड़े यानसन ने आसान कैच पकड़ लिया। पंत 22 गेंदों में 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

पंत और इंग्लिस के बीच चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी हुई। इंग्लिस ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अर्शदीप सिंह की गेंद को डीप पाइंट की ओर खेलकर दो रन लिए। 10 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर 3 विकेट पर 100 रन हो गया है। इंग्लिस और पंत ने पारी को संभालते हुए क्रीज पर हैं। युजवेंद्र चहल ने आयुष बडोनी को स्टंपिंग कराकर पंजाब को बड़ी सफलता दिलाई। आफ स्टंप के बाहर तेज गेंद पर बडोनी कट शाट खेलने से चूक गए और उनका पैर हवा में उठ गया। विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह ने शानदार फुर्ती दिखाते हुए गिल्लियां बिखेर दीं। बडोनी 18 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। पावरप्ले में लखनऊ ने 2 विकेट खोकर 66 रन बनाए।

# आईसीसी बैठक में गेंद के रंग और पारी के ब्रेक टाइम पर चर्चा

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राट्रीय क्रिकेट परिाद (आईसीसी) रेड-बॉल, व्हाइट-बॉल और पिक-बॉल क्रिकेट में खेलने के हालात में बड़े बदलाव करने पर विचार कर रही है और बोर्ड की 30 मई को अहमदाबाद में होने वाली बैठक में मंजूरी मिलने पर इसे लागू किया जा सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित बदलावों में मुख्य कोच को ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत देना भी शामिल है। यह बदलाव मुख्य रूप से वनडे क्रिकेट के लिए है, जहां अभी केवल सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों को ही मैदान में आने की इजाजत है।

खेलने के हालात में मौजूदा क्लॉज में कहा गया है, मैदान पर ड्रिक्स ले जाने वाले किसी भी खिलाड़ी को सही क्रिकेट ड्रेस पहननी होगी। मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू करने पर मुख्य कोच को भी ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत होगी। हालांकि, यह स्पट नहीं है कि मुख्य कोच को भी टीम की जर्सी पहननी होगी या नहीं। एकदिवसीय क्रिकेट में, हर इनिग में दो ड्रिक्स ब्रेक की इजाजत है, हर एक एक घंटे और 10 मिनट के अंतर पर तय है। अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में, मुख्य कोच को तकनीकी कारणों से ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान पर मौजूद खिलाड़ियों से सलाह करने की इजाजत पहले से ही है। इसके अलावा आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में पारी ब्रेक का समय घटाकर 15 मिनट करने की भी योजना बना रहा है। मौजूदा प्लेइंग कंडीशन में कहा गया है: इनिग्स के बीच 20 मिनट का गैप होगा।

# सूर्या और हार्दिक को फॉर्म में वापसी करने का आखिरी मौका



**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और उपकप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए यह आईपीएल कुछ खास नहीं गया है। जहां हार्दिक ने आठ पारियों में सिर्फ 21 की औसत और 136 के स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाए हैं, वहीं 61-50 की खराब औसत और 11-90 की महंगी इकॉनमी से चार विकेट लिए हैं।

इसी तरह सूर्यकुमार ने भी 12 पारियों में सिर्फ 17-50 की औसत से एक अर्धशतक के साथ 210 रन बनाए हैं। मुंबई को रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है और इन दोनों खिलाघ्यिों के पास अपनी फॉर्म में वापसी करने का यह आखिरी मौका होगा। मुंबई की टीम तालिका में आठ अंकों के साथ नौवें स्थान पर है और प्लेऑफ की होघ् से बाहर हो चुकी है। इस मैच में भी दोनों का संघार्ा जारी रह सकता है। सूर्यकुमार को रवींद्र जडेजा, जोफ आर्चर और रवि बिश्नोई तीन-तीन जबकि संदीप शर्मा चार बार आउट कर चुके हैं। संदीप और जडेजा के सामने उनका स्ट्राइक रेट भी क्रमशः 97 और 103 का है। हालांकि बिश्नोई के सामने वह 162, जबकि आर्चर के खिलाफ वह 146 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। इसी तरह हार्दिक को आरआर के ऑलराउंडर दासुन शनाका ने चार पारियों में तीन बार आउट किया है, जबकि हार्दिक का स्ट्राइक रेट इस दौरान सिर्फ 107 का है।

# MI के खिलाफ मैच में सूर्यवंशी पर टिकी हैं RR की उम्मीदें

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन को अपनी सबसे दिलचस्प कहानी एक ऐसे खिलाड़ी में मिली है जिसकी उम्मीद कम ही थी, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी-जिनकी जबरदस्त बैटिंग ने राजस्थान रॉयल्स के अभियान को पूरी तरह बदल दिया है और टूर्नामेंट के आखिरी दौर में एक नया आयाम जोड़ दिया है। सूर्यवंशी का उभार बहुत तेजी से और जोरदार तरीके से हुआ है। अपनी पिछली तीन पारियों में 230 से ज्यादा के शानदार स्ट्राइक रेट से 175 रन बनाकर, इस टीनएजर ने न सिर्फ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, बल्कि बड़े दबाव वाले मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए हावी होने की एक अनोखी काबिलियत भी दिखाई है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में बनाए गए उनके हालिया 93 रनों ने क्रिकेट जगत में सबका ध्यान खींचा और लीग के सबसे निडर युवा बल्लेबाजों में से एक के तौर पर उनकी साख को और मजबूत किया। यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल के साथ मिलकर, सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की बैटिंग यूनिट की रीढ़ की हड्डी का काम किया है, जो आक्रामकता और इरादे पर टिकी रही है। आरआर के हालिया प्रदर्शनों ने एक ऐसी रणनीति दिखाई है जो विरोधी टीम पर शुरू में ही हमला करने और बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखने पर आधारित हैद्ध यह एक ऐसी रणनीति है जिसने इस सीजन में कई बड़े स्कोर वाले मैचों में सफलता दिलाई है। जैसे ही आरआर 24 मई को मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में संघार्ा कर रही मुंबई इंडियंस का सामना करने की तैयारी कर रही है, सबका ध्यान इस बात पर टिका है कि क्या यह युवा सनसनी एक बार फिर किसी बड़े मैच के नतीजे पर असर डाल पाएगी। वानखेड़े की पिच, जो बैटिंग के लिए मददगार हालात और छोटी बाउंड्री के लिए जानी जाती है, से एक बार फिर रनों की बौछार होने की उम्मीद है, क्योंकि इस सीजन में टीमें नियमित तौर पर 200 रनों का आंकड़ा पार कर रही हैं।


## कार्यालय नगर निगम, अल्मोड़ा

पत्रांकः 335/7-2 (2026-27) दिनांक 23/05/2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम, अल्मोड़ा के मॉल रोड स्थित स्व0 हरि प्रसाद टम्टा धर्मशाला को 2 वर्ष (2026-28) तक ई-निविदा के माध्यम से किराये पर दिये जाने हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जानी है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 23-05-2026 से उपलब्ध होगी। कार्यालय स्तर से निविदा संबंधी जानकारी नगर निगम, अल्मोड़ा के कर अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेबसाईट पर निविदा जारी होने की तिथि व समय | दिनॉक 23-05-2026 अपराह्न 05:00 बजे |
| वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | दिनॉक 06-06-2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | दिनॉक 06-06-2026 अपराह्न 04:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र शुल्क | 4000(चार हजार एक सौ रू0) +18%GST |
| निविदा खोले जाने का स्थान व पत्राचार का पता | नगर निगम, अल्मोड़ा कार्यालय। |

(सीमा विश्वकर्मा
नगर आयुक्त
नगर निगम, अल्मोड़ा।

(अजय वर्मा)
महापौर,
नगर निगम, अल्मोड़ा।

## कार्यालय नगर पंचायत दिनेशपुर (ऊधम सिंह नगर)

e-mail: eodin-mb-uk@nic.in Phone/Fax-9410302603

पत्रांक 968/ कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक : 22/05/202.6

**निविदा सूचना**

ऐतदद्वारा सूचित करना है कि नगर पंचायत दिनेशपुर द्वारा कार्यालय पत्र संख्या 923 / निविदा सूचना/2026-27 दिनांक 08/05/2026 के माध्यम से निविदा सूचना प्रकाशित की गई थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा की तिथि में निम्नानुसार परिवर्तन किया गया है-

| क्र0सं0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 01. | निविदा क्रय करने की तिथि | दिनांक 25/05/2026 प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 29/05/2026 सांय 05:00 बजे तक |
| 02. | निविदा डालने की तिथि | दिनांक 30/05/2026 सांय 05:00 बजे तक |
| 03. | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 01/06/2026 अपराह्न 03:00 बजे |

(मुहम्मद यामीन)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दिनेशपुर
ऊधम सिंह नगर।

(मनजीत कौर)
अध्यक्ष
नगर पंचायत दिनेशपुर
ऊधम सिंह नगर।

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

''सरकारी विद्यालय मेरा गौरव''

पत्रांक-365-66/नीलामी/विज्ञप्ति/2026-27 दिनांक 23.05.2026

**निष्प्रयोज्य विद्यालय अल्पकालिक नीलामी सूचना**

विकासखण्ड रुद्रपुर के अन्तर्गत निम्नांकित राजकीय विद्यालय के जीर्ण-क्षीर्ण भवन/भाग के ध्वस्तीकरण ,नीलामी की जानी प्रस्तावित है।

| क्र0सं0 | विद्यालय का नाम | पंजीकरण तिथि/समय | नीलामी की तिथि | विवरण | निष्प्रयोज्य भवन/मलुवा के आगणन की न्यूनतम धनराशि | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | रा0प्रा0वि0 दानपुर | 30.05.2026 प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक। | 30.05.2026 अपरान्हः 01:00 बजे से। | 1 कक्षा-कक्ष ( 5 फिट चहारदीवारी को छोड़कर ) | 7000/- | 1000/- |

समस्त विवरण एवं शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी रुद्रपुर एवं सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाध्यापक से प्राप्त की जा सकती हैं ।

(मो0 सावेद आलम)
खण्ड शिक्षा अधिकारी, रुद्रपुर
ऊधम सिंह नगर।

## कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ़।

पत्रांक:- 80/सह0अभि0द्वि0/ निविदा/ 2026-2027 दिनांक:- 23/05/2026

**निविदा सूचना संख्या 1/ सहा0 अभि0-द्वितीय / 2026-2027 दिनांक-23.05.2026**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहर बन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 09.06.2026 को अपराह्न 02.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। यह निविदायें दिनांक 25.05.2026 से दिनांक 08.06.2026 को अपराह्न 04.00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमाकर सहायक अभियन्ता द्वितीय, लघु डाल खण्ड डीडीहाट पिथौरागढ़ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं, तथा निविदायें दिनांक 25.05.2026 से 09.06.2026 (कार्य दिवस) को अपराह्न 1.30 बजे तक निविदा कार्यालय में जमा की जा सकती है। निविदा में उल्लेखित कार्यो की शर्तो का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय, लघु डाल खण्ड डीडीहाट पिथौरागढ में किया जा सकता है। यह निविदाये सील्ड कवर में भेजी जायेंगी, विलम्ब से प्राप्त निविदायें स्वतः निरस्त मानी जायेंगी। निविदा के लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दों में निविदा सूचना संख्या एवं लॉट संख्या अंकित होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचतपत्र, डी0डी0 अथवा राष्ट्रीय त बैंक/मान्यता प्राप्त बैंक की फिक्स डिपोजिट के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ के नाम से बन्धक बनाकर लिफाफे में रखी जायेंगी। लिफाफे स्पष्ट विवरण अंकित करना होगा। धनराशि व निविदाप्रपत्र को एक सील्डकवर लिफाफे में प्रेषित करना होगा। बिना धरोहर धनराशि जमा किये ससर्त निविदायें मान्य नहीं होंगी। अधोहस्ताक्षरी को कोई भी निविदा अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉनज्यूडिशियल स्टाम्पेपर रू0 1.00 का रसीदी टिकट चस्पा करते हुये दरों की वैधता अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि दिवस | पंजीकृत निविदादाता की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड डीडीहाट में जिला योजना नद के अन्तर्गत तुर्गाली लिफ्ट सिचाई योजना में पम्प गृह एवं सक्शन टैंक की मरम्त तथा सुरक्षा दिवार का निर्माण कार्य। | 16600.00 | 1000.00+180.00 | 3 माह | सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सिविल कार्य हेतु श्रेणी डी एव विद्युत एवं यांत्रिक कार्य हेतु श्रेणी डी में एवं उच्चतर पंजीकृत |

सहायक अभियन्ता,
द्वितीय लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ़।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघुडाल खण्ड, पिथौरागढ़।

पत्रांक 510/लडाखपि/निविदा/2026-2027/ दिनांक 23/05/2026

**आमंत्रित अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 03/लडाखपि/2026-27 दिनांक-23.05.2026**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहर बन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 08.06.2026 को अपराह्न 1:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष अधिशासी अभियंता, लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ़ के कार्यालय में खोली जायेंगी। यह निविदायें दिनांक 25.05.2026 से दिनांक 06.06.2026 को अपराहन् 04.00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमाकर अधिशासी अभियन्ता, लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ़ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं, तथा निविदायें दिनाक 25.05.2026 से दिनांक 08.06.2026 (कार्य दिवस) को अपराह्प 12:30 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियंता, लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ़ में जमा की जायेगी। यह निविदायें सील्ड कवर में भेजी जायेंगी विलम्ब से प्राप्त निविदायें स्वतः निरस्त मानी जायेंगी।निविदा के लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दों में निविदा सूचना संख्या व लॉट संख्या अंकित होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचतपत्र, डी0डी0 अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक की फिक्स डिपोजिट के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, लघुडाल खण्ड, पिथौरागढ़ के नाम से बन्धक बनाकर लिफाफे में रखी जायेंगी, लिफाफे पर स्पष्ट विवरण अंकित करना होगा।बिना धरोहर धनराशि जमा किये सशर्त निविदायें मान्य नही होंगी। कार्य की मात्रा अनुबन्ध गठित करते समय घटाई- बढ़ाई जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी को कोई भी निविदा अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदाप्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉनज्यूडिशियल स्टाम्पेपर रू0 1.00 का रसीदी टिकट चस्पा करते हुये दरों की वैधता तीन माह अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा।निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो जाने की स्थिति में अगले कार्यदिवस को निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत निविदादाता की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड बिण में जिला योजना मद के अन्तर्गत कुसौली लिफ्ट सिचाई योजना में पम्प गृह एवं सक्शन टैंक का नव-निर्माण कार्य। | 24800.00 | 1500.00+270.00 | 03 माह | सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सिविल कार्य हेतु श्रेणी डी एंव उच्चतर में पंजीकृत |
| 2 | जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड गंगोलीहाट में जिला योजना मद के अन्तर्गत बुसैल लिफ्ट सिचाई योजना में पम्प गृह एवं सक्शन टैंक आदि का नव-निर्माण कार्य। | 22000.00 | 1500.00+270.00 | 03 माह | सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सिविल कार्य हेतु श्रेणी डी एंव उच्चतर में पंजीकृत |

नोटः-अन्य शर्ते व विशिष्टियाँ निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध होंगी।
जी0एस0टी0 नियामनुसार अतिरिक्त देय होगी।

अधिशासी अभियन्ता,
लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ़।

### क्रय-विक्रय सहकारी समिति मंगलौर के चुनाव में भाजपा का दबदबा, निर्विरोध चुने गए सभी पदाधिकारी

# सन्दीप अध्यक्ष, पारुल कुमार बने उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** क्रय-विक्रय सहकारी समिति मंगलौर की प्रबन्ध समिति के चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हो गए, चुनाव की सबसे खास बात यह रही कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष समेत सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जिससे क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

राज्य सरकार द्वारा नामित एक संचालक सहित कुल 14 संचालकों वाले इस बोर्ड में अध्यक्ष सन्दीप, उपाध्यक्ष पारुल कुमार, जिला सहकारी बैंक प्रतिनिधि के लिए चिंता देवी,बबली देवी, विनोद कुमार एवं सुशील राठी, जिला सहकारी संघ प्रतिनिधि के लिए सुभाष, मंसूर, सुखवीर एवं विशाखा, राज्य सहकारी संघ देहरादून पर सुशील राठी तथा इसके अतिरिक्त थोक केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के सभी पदों पर भी निर्विरोध चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। चुनाव अधिकारी देवेन्द्र सिंह द्वारा परिणामों की आधिकारिक घोषणा के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देने वालों का तांता लग गया। इस चुनावी प्रक्रिया के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति से एकता का संदेश दिया। निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया



गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मधु सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील राठी, सुभाष वर्मा, विजेंद्र चेयरमैन, अवनीश चेयरमैन, हरेन्द्र चेयरमैन, विनोद चेयरमैन, राजू कोटवाल, मांगेराम सिरोही,पवन सैनी,सोनू जमींदार, सुशील चेयरमैन, राममूर्ति, विशु गौतम,नवनीत वर्मा, वरुण त्यागी,बिनेस कुमार, प्रदीप प्रधान समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**❖सुशील राठी प्रतिनिधि उत्तराखण्ड राज्य सहकारी संघ देहरादून तथा जिला सहकारी बैंक हरिद्वार व प्रतिनिधि केंद्रीय भण्डारण निगम दिल्ली**

ष्सहकारी समितियों का सुदृढ़ीकरण और किसानों के हितों की रक्षा हमारी प्राथमिकता रहेगी। निर्विरोध चुनाव होना कार्यकर्ताओं के आपसी समन्वय और संगठन की जीत है

# पत्रकार व सरकारी कर्मचारी के बीच विवाद ने पकड़ा तूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** तहसील परिसर में मीडिया कर्मियों और एक सरकारी कर्मचारी के बीच हुए तीखे विवाद ने तूल पकड़ लिया है। आरोप है कि तहसील में नाजिर के पद पर तैनात कर्मचारी श्याम सिंह रावत ने लक्सर प्रेस क्लब एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण सैनी के साथ बेहद अभद्र व्यवहार और बदसलूकी की। इस घटना के बाद से ही स्थानीय पत्रकारों और भाकियू (क्रांति) के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है और उन्होंने तहसील परिसर में ही मोर्चा खोल दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के बड़ी संख्या में पत्रकार तुरंत तहसील परिसर में एकत्र हो गए। आक्रोशित पत्रकारों ने आरोपी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जोरदार मोर्चा खोलते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तुरंत सख्त कार्रवाई की मांग उठाई पत्रकारों के समर्थन में उतरी किसान यूनियन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन मामले की गंभीरता और प्रशासनिक तानाशाही को देखते हुए यूनियन क्रांति के पदाधिकारी भी तुरंत मीडिया कर्मियों के समर्थन में तहसील पहुंच गए। आरोपी कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से पद से हटाया और यहाँ से स्थानांतरित किया जाए।

### दर्जाधारी मंत्री व भीम आर्मी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट का मामले में

# 4 नामजद व 12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम झबरेडी में शुक्रवार को एक बहुउद्देशीय शिविर लगाने के स्थान को लेकर दर्जाधारी व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष तथा उसकी पत्नी के साथ भीम आर्मी कार्यकर्ता के बीच हुई गालीगलौज व मारपीट के मामले में भाजपा नेता की पत्नी की ओर से चार नाम जद व 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने तथा मंगलसूत्र छिनने के आरोप में शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया है वहीं दूसरी ओर से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व दर्जा धारी तथा उनकी पत्नी को नाम जद करते हुए गाली गलौज व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व दर्जाधारी देशराज करनवाल की पत्नी वैजयंती माला द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को ग्राम झबरेड़ी में एक बहुउद्देशीय सिविर लगाया गया था। गांव के ही एक युवक संदीप द्वारा जो भीम आर्मी का कार्य करता बताया गया है अपने घर के सामने शिविर लगाने का विरोध किया तथा कार्यक्रम के प्रचार वाहन के ड्राइवर के साथ गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा मारपीट करने वाले युवक संदीप को थाने ले आई। इसी बात से झुब्ध होकर थोड़ी देर बाद ही सौरभ पुत्र दयाचंद वंश पुत्र नीटु अंजलि मीनू देवी व अन्य दस 12 लोगों द्वारा जिनके हाथों में लाठी डंडे व पलकटी आदि थी उन्होंने मुझ पर हमला कर दिया तथा गले से सोने का मंगलसूत्र भी छीन लिया। मेरा ड्राइवर अंशुल व बबलू मुझे बचाने के लिए बीच में आए तो उन पर भी जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में हम तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। किसी तरह वह उक्त लोगों के चंगुल से छूटकर थाने में आए तथा बाद में रुड़की सिविल लाइन स्थित अस्पताल में अपना मेडिकल कराया गया। अंशुल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। दूसरी ओर से सौरभ पुत्र दयाचंद निवासी ग्राम झबरेडी व आजाद समाज पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर दर्जा धारी व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देशराज करनवाल व वैजयंती माला के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि दोनों ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में वीर शौर्य क्रिकेट अकादमी, पीरपुरा के मैदान पर अंडर-19 उत्तराखंड राज्य स्तरीय इंटर स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए बालक और बालिका वर्ग की टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं।

शनिवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि और समाजसेवी जुल्फिकार ठेकेदार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया। वीर शौर्य क्रिकेट अकादमी के निदेशक अवतार सिंह और उत्तराखंड टेनिस बॉल एसोसिएशन के मुख्य कार्याधिकारी अमजद उस्मानी ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। एसोसिएशन के मुख्य कार्याधिकारी अमजद उस्मानी ने जानकारी दी कि इस राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में वीर शौर्य क्रिकेट अकादमी, आरएमपी क्लब, शिव ग्लोबल स्कूल एकेडमी, वामिक क्रिकेट क्लब और आशु पब्लिक स्कूल समेत कई प्रमुख टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच आशु पब्लिक स्कूल और एनजीए ऋषिकेश के बीच खेला गया। एक रोमांचक



मुकाबले में एनजीए ऋषिकेश की टीम ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। इस दौरान शाहनूर, वसीम, उमेश कुमार, मेजर ,अब्दुल रहमान, मनोज कटारिया और सीमांत बिष्ट समेत खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने आयोजकों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राहुल गांधी की टिप्पणी पर भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा की गई कथित टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को चंद्रशेखर चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस पर देश की जनता का अपमान करने का आरोप लगाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने कहा कि देश की जनता अब कांग्रेस की नीतियों और बयानबाजी को पूरी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि आज देश लगभग "कांग्रेस मुक्त" हो चुका है और लगातार जनसमर्थन घटने से कांग्रेस नेताओं में बौखलाहट दिखाई दे रही है। इसी कारण वे प्रधानमंत्री के खिलाफ अनर्गल और अमर्यादित बयान दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जिससे विपक्ष परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस की "जनविरोधी राजनीति" का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देते रहेंगे। भाजपा जिलामहामंत्री सागर गोयल ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को अपनी भाषा और आचरण पर संयम रखना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस जनता के मुद्दों से भटक चुकी है और केवल विवादित बयान देकर सुर्खियों में बने रहने की कोशिश कर रही है।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कांग्रेस नेतृत्व से सार्वजनिक माफी की मांग की। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री धीर सिंह रोड, सतीश सैनी, जसबीर पाल, वैद्य टेकबल्लभ, प्रदीप पाल, गौरव त्यागी, सोहन सिंह राणा, विकास प्रजापति, ललित पाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बकरा ईद को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर थाना बुग्गावाला में गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** आगामी ईद के त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थाना बुग्गावाला में गोष्ठी आयोजित की गई। सी०एल०जी० मेंबर व जनप्रतिनिधियों को क्षेत्राधिकारी भगवानपुर द्वारा सम्बोधित किया गया।

जानकारी के अनुसार आज दिनांक 23.05.2026 को थाना बुग्गावाला में आगामी ईद-उल-जुहा के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में सी०एल०जी मेंबर व जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। क्षेत्राधिकारी भगवानपुर द्वारा सभी सी०एल०जी० मेंबर व जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए ईद के त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आपसी सौहार्द बनाये रखने व पुलिस/प्रशासन के साथ सहयोग करने अपील की गई। गोष्ठी में मौजूद व्यक्ति द्वारा भी ईद-उल-जुहा को सकुशल संपन्न कराएं जाने एवं



पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया।

## युवक पर लगाया परेशान करने का आरोप

**झबरेड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती द्वारा गांव के ही एक युवक पर काफी समय से परेशान करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से शिकायत दर्ज कराई गई है।। थाना क्षेत्र के गांव सदोली निवासी एक युवती द्वारा थाने में पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव का ही एक युवक उसके साथ छेड़छाड़ कर काफी समय से परेशान कर रहा है। कई बार मना करने पर भी उक्त युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि आरोपी युवक को कोतवाली में बुलाया गया है पूछताछ कर मामले की जांच करने के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। युवक व युवती दोनों बालिग बताए गए हैं।

## खानपुर पुलिस ने वारंटी दबोचा

**खानपुर।** खानपुर पुलिस की वारंटियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक वारण्टी को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश में वारंटियों की शत-प्रतिशत तामील हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में खानपुर पुलिस द्वारा लगातार दबिश देकर फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी की जा रही है। इसी क्रम में थाना खानपुर पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए न्यायालय में उपस्थित न होने वाले 01 वारण्टी को हिरासत मे लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।नाम पता वारंटी मिलन कुमार पुत्र पितम निवासी लालचंदवाला, खानपुर है।

## चाकू के साथ एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** संदिग्ध गतिविधियों पर हरिद्वार पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। इसी के चलते गंगनहर पुलिस ने एक अदद नाजायज चाकू के साथ 01 आरोपी को पकडा है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में कोतवाली गंगनहर पुलिस लगातार सक्रिय है। दिनांक 22.05.2026 को गंगनहर पुलिस क्षेत्र भ्रमण एवं रोकथाम जुर्म-जरायम हेतु सरकारी वाहन से थाना क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा कब्रिस्तान के सामने, आशीर्वाद एंक्लेव गेट के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर चौक किया गया। तलाशी के दौरान उक्त व्यक्ति के कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ। पुलिस द्वारा चाकू रखने के संबंध में पूछताछ किए जाने पर वह कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। पूछताछ में उसने अपना नाम गजेंद्र प्रकाश उर्फ बिगाड़ा पुत्र बुद्ध प्रकाश, उम्र 36 वर्ष, निवासी मकान नंबर 225 पश्चिम अमर तालाब, थाना गंगनहर जनपद हरिद्वार बताया। संदिग्ध को उसके जुर्म से अवगत कराते हुए हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में हे0का0 दुर्गा प्रसाद व का0 राकेश राणा शामिल रहे।

## पुलिस ने एक वारन्टी दबोचा

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत हरिद्वार पुलिस द्वारा फरार चल रहे 01 वारन्टी को धर दबोचा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा वारन्टी/वांछित अभि0के विरूद्व कार्यवाही के दिशा निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के कुशल नेत्तृव में पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुऐ एक वारन्टी सद्दाम पुत्र इरफान निवासी रायपुर कोतवाली भगवानपुर हरिद्वार को पकडा गया। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## नहर के पास अज्ञात महिला का शव मिला

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा मंगलौर मार्ग ग्राम लाठरदेवा हूण के पास नहर से एक लगभग 40 वर्षीय महिला का शव पुलिस द्वारा बरामद किया गया ।शव की शिनाख्त न होने पर उसे पोस्टमार्टम के लिए रुड़की स्थित सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि ग्राम लाठरदेवा हुण नहर पुल के पास एक महिला का शव होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा महिला के शव को नहर से बाहर निकाला गया। शव कई दिन पुराना लग रहा था ।शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया गया लेकिन शिनाख्त नहीं होने से उसे रुड़की स्थित सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड में भूलवश नाम परिगगया (PARIGGYA) दर्ज है जो गलत है जबकि जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का सही नाम प्रज्ञा सैनी (PRAGYA SAINI) है इसलिए मेरी पुत्री के सही नाम प्रज्ञा सैनी से ही पढा लिखा व दर्ज किया जाये।
**मोहन पुत्र प्रकाश चंद नि. ग्राम शांतरहशाह पो. दौलतपुर, परगना व तह. रूडकी हरिद्वार।**

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र विकास कुमार का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने विकास कुमार को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद विकास के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
मदन सिंह पुत्र शम्भू सिंह नि. ग्राम भोगपुर लक्सर, हरिद्वार।

## रणसुरा की घटना का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, पुलिस की दबिश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली क्षेत्र के रणसुरा गांव में 13 मई 2026 को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिये गये थे पुलिस ने उसमें मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया था जिसको न्यायालय के द्वारा जेल भेज दिया था बाकी बचे हुए व्यक्ति फरार हो गए थे पुलिस द्वारा बचे हुए आरोपियों के खिलाफ लगातार दबिश दे रही है। पुलिस से बचने के लिए सभी आरोपी फरार चल रहे हैं एस एस आई नितिन चौहान ने बताया कि पुलिस रणसुरा कांड के फरार आरोपियों के खिलाफ लगातार मुखबिर की सूचना पर दबिश दे रही है बहुत जल्द सभी आरोपियों को पकड़ कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा

## शांति व्यवस्था भंग करने पर एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 आरोपी को पकड लिया गया है। पुलिस टीम द्वारा शिवकुमार पुत्र दाताराम निवासी शक्ति विहार कॉलोनी थाना कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार थाना कोतवाली गंगनहर उक्त शिव कुमार थाना प्रांगण मैं और प्राची और प्रार्थना पत्र देने तथा उसके के पति के साथ आमदा प्रसाद कर रहा था समझाया गया किंतु वह नहीं माना, और अधिक उत्तेजित होकर अभद्र व्यवहार करने लगा। जिस कारण शांति एवं कानून व्यवस्था भंग कार्रवाई की गई।

### ईद उल अजहा को लेकर सीओ ने ली शांति समिति की बैठक

# त्योहार पर कानून व्यवस्था बनाए रखना सब की जिम्मेदारी : पांडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) को शांति व सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने को लेकर सीओ भगवानपुर सुमित पांडे ने कोतवाली परिसर और इमलीखेड़ा चौकी में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्राम सुरक्षा समिति सदस्यों और स्थानीय लोगो के साथ बैठक आयोजित की।जिसमे शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने की अपील की।

जानकारी के अनुसार शनिवार को सीओ भगवानपुर सुमित पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुकर्बपुर, महमूदपुर,पिरान कलियर रहमतपुर, मेवहड़ कला, बाजूहेड़ी, इमलीखेड़ा, हकीमपुर तुर्रा, दरियापुर, नागल, कोटा मुरादनगर, पलूनी, सोहलपुर सिकरौड़ा, मोहम्मदपुर पांडा, तेल्लीवाला और धनौरी रसूलपुर समेत क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लोगो के साथ बैठक कर बकरीद का त्योहार आपसी प्रेम,भाईचारे और साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या



विवाद की सूचना तत्काल पुलिस को देने की बात कही गई।स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में त्योहार को सभी लोग मिलजुलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएंगे।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी, एसएसआई देवेंद्र तोमर,धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह, इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली, एसआई विशाखा असवाल,एएसआई राम अवतार, कुंदन राम आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहें।

# एसआईआर को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज

**विनित भैया**

**लक्सर।** निर्वाचन आयोग की घोषणा के बाद लक्सर में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई है।

जानकारी के अनुसार लक्सर ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित बैठक मे लक्सर एसडीएम अनिल शुक्ला व लक्सर तहसीलदार दीवान सिंह राणा और मास्टर ट्रेनर सुभाष त्यागी तथा कुलदीप सिंह ने बताया कि 19 मई से कर्मचारियों की ट्रेनिंग चल रही है। 8 जून से बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन शुरू करेगे। शुरुआती 10 दिनों में न्यूमरेटर फॉर्म बांटे जाएंगे। 7 जुलाई तक फॉर्म वितरण और कलेक्शन का काम पूरा होगा।

एसडीएम ने बताया कि उसके बाद आपत्तियों का निस्तारण और ड्राफ्ट प्रकाशन की प्रक्रिया शुरू होगी। मतदाता आयोग की वेबसाइट या वोटर हेल्पलाइन ऐप से भी फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। लक्सर तहसीलदार दीवान सिंह राणा ने बताया कि समयबद्ध कार्यक्रम के तहत सभी आपत्तियों की सुनवाई के बाद 15 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची का फाइनल



ड्राफ्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। प्रशासन ने सभी बीएलओ को पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय सत्यापन कार्य पूरा करने के निर्देश दिए है।



**कोलकाता। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सेंट टेरेसा मिशनरीज ऑफ चैरिटी के मुख्यालय मदर हाउस का दौरा करते हुए।**

## पाक प्रधानमंत्री का आर्थिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से चीन दौरा शुरू

**बीजिंग।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के चीन के चार दिवसीय दौरे का मकसद आर्थिक सहयोग को बढ़ाना, रणनीतिक रिश्तों को गहरा करना और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) परियोजनाओं को मजबूत करना है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शनिवार को 23 से 26 मई तक चीन के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे के पहले हिस्से में हांग्जो के लिए रवाना हुए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक शरीफ के साथ उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, योजना मंत्री अहसान इकबाल, सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री शजा फातिमा ख्वाजा और विशेष सहायक तारिक फातेमी का भी चीन दौरा हो रहा है।

## गाजा में इजरायली बमबारी, पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में शनिवार को एक पुलिस चौकी पर हुई इजरायली बमबारी में कम से कम पांच फलस्तीनी पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। गाजा के पुलिस महानिदेशालय ने आज एक आधिकारिक बयान जारी कर इस घटना की पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, यह हमला गाजा शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित शेख राडवान इलाके के पास एक पुलिस स्टेशन/चौकी को निशाना बनाकर किया गया। इस भीषण हवाई हमले में पांच पुलिस अधिकारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, बमबारी के वक्त पुलिसकर्मी अपनी नियमित ड्यूटी पर तैनात थे।

# ईरान पर फिर हमले की तैयारी में अमेरिका

## राष्ट्रपति ट्रम्प ने शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ किया परामर्श

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों पर आगे की चर्चा करने के लिए शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ परामर्श किया। अमेरिकी मीडिया से प्राप्त रिपोर्टों से संकेत मिला है कि राजनयिक प्रयासों के जारी रहने के बावजूद, ट्रम्प प्रशासन ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों के एक नए दौर की तैयारी कर रहा है।

हालांकि शुक्रवार दोपहर तक हमलों को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। बातचीत की धीमी गति पर निराशा व्यक्त कर चुके राष्ट्रपति ट्रम्प संभावित सैन्य कार्रवाई का विकल्प तलाश रहे हैं। खबरों के अनुसार, उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि खाड़ी देशों के अनुरोध पर रुकने से पहले वे हमले का आदेश देने से सिर्फ एक घंटे दूर थे। शुक्रवार को उन्होंने न्यू जर्सी में अपने गोल्फ रिसॉर्ट की यात्रा की

**■ बातचीत की धीमी गति पर निराशा व्यक्त कर चुके राष्ट्रपति ट्रम्प संभावित सैन्य कार्रवाई का विकल्प तलाश रहे हैं**



योजना रद्द कर दी और कहा कि वह सप्ताहांत में अपने बेटे की शादी में शामिल नहीं होंगे और वाशिंगटन में ही रहेंगे, जिसका कारण उन्होंने 'सरकार की परिस्थितियां और अमेरिका के प्रति मेरा प्रेम' बताया। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने शुक्रवार को कहा कि कतर और पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल तनाव कम करने के उद्देश्य से तेहरान पहुंचे हुए हैं। यह जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। आईआरएनए ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने देर रात मुलाकात कर तनाव को रोकने और संघर्ष को समाप्त करने पर चर्चा की। सीबीएस ने सूत्रों के हवाले से कहा कि अमेरिकी सेना और खुफिया समुदाय के कुछ सदस्यों ने संभावित हमलों की आशंका मद्देनजर मेमोरियल डे वीकेंड की अपनी योजनाएं रद्द कर दीं। यह कदम ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई की आशंकाओं के बीच उठाया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत जारी रहने के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्हाइट हाउस में नियमित रूप से होने वाली बैठक हुई लेकिन आगे की कार्रवाई पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। खुफिया अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार, माना जा रहा है कि ईरान अपनी सैन्य-औद्योगिक आधार को बहुत तेजी से पुनर्निर्मित कर रहा है और पहले से ही ड्रोन बना रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प की अगली कार्रवाई अभी स्पष्ट नहीं है। इस सप्ताह की शुरुआत में, उन्होंने ईरान को संघर्ष समाप्त करने के लिए एक स्वीकार्य प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए अगले सप्ताह की शुरुआत तक की एक अस्पष्ट समय सीमा दी थी।

# ट्रम्प की धमकियों पर ईरान का पलटवार

## तेहरान की दो टूक, कहा: हमारी मांगें मानने के अलावा यूएस के पास कोई रास्ता नहीं बचा



**■ ट्रम्प का अहंकारी रवैया अमेरिका को युद्ध के दलदल में और गहराई तक ले जाएगा**
**■ इस बीच, ईरान व अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है**

**तेहरान।** ईरान-अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है। दोनों ओर से एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी भी खूब हो रही है। शनिवार को ईरान के रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेकर बड़ा बयान दिया गया है।

मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि अमेरिका-इजरायल के पास हमारी मांगों को मानने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। मंत्रालय के प्रवक्ता रजा तलाए-निक ने कहा कि ट्रम्प के पास ईरानी की मांगें मानने और ईरान के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि चाहे जंग हो या बातचीत, दोनों हालात में अमेरिका और इस्राइल के लिए यही एक रास्ता बचा है। अगर वह ईरान की मांगों को नहीं मानते, तो दोनों को नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रीय हितों को नजरअंदाज कर रहे हैं और वह पूरी तरह इजरायल के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प का अहंकारी रवैया अमेरिका को युद्ध के दलदल में और गहराई तक ले जाएगा। इस बीच, ईरान-अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है।

शनिवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कई देशों के अपने समकक्षों संग टेलीफोन वार्ता की। बातचीत का मकसद क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर गंभीर मंत्रणा करना था। अराघची ने अपने तुर्की, कतर, जापान, ओमान और इराक के समकक्षों के साथ हालिया क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। हाकान फिदान, शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी, तोशिमित्सु मोतेगी और फुआद मोहम्मद हुसैन के साथ अलग-अलग फोन वार्ताओं में अराघची ने द्विपक्षीय मुद्दों पर विचारों पर बात किया है। अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से भी फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में तेजी से बदल रहे हालात और युद्ध रोकने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा की। बातचीत में क्षेत्रीय हालात, तनाव कम करने और संघर्ष समाप्त करने के प्रयासों को लेकर दोनों पक्षों ने बात की।

## आईआरजीसी से जुड़े आतंकवादी ने रची थी ट्रम्प की बेटी को मारने की साजिश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी इवांका ट्रम्प को कथित तौर पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े एक आतंकवादी ने मारने की साजिश रची थी। गौरतलब है कि आईआरजीसी की आधिकारिक स्थापना मई 1979 में ईरानी क्रांति के बाद रुहोल्ला खोमैनी द्वारा एक सैन्य शाखा के रूप में की गई थी। द न्यूयॉर्क पोस्ट ने खुफिया सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा है कि हत्या की यह साजिश 2020 के उस अमेरिकी ड्रोन हमले को लेकर उपजे गुस्से से जुड़ी हुई है, जिसमें ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी मारे गए थे। सुलेमानी ईरान के आईआरजीसी की बाहरी संचालन शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी थे। संदिग्ध की पहचान इराकी नागरिक मोहम्मद बाकर साद दाऊद अल-सादी के रूप में हुई है। उस पर आरोप है कि उसके ईरान-समर्थित गुटों से संबंध थे, जिनमें आईआरजीसी और इराकी अर्धसैनिक नेटवर्क 'कताइब हिजबुल्लाह' से जुड़े समूह शामिल हैं। बताया जा रहा है कि उसे 15 मई को तुर्की में गिरफ्तार किया गया था और बाद में अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया, जहां अब उस पर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कथित हमलों या हमलों के प्रयासों से जुड़े आतंकवाद के कई आरोप लगाए गए हैं। अधिकारियों का आरोप है कि अल-सादी ने न केवल ऑनलाइन स्पष्ट धमकियां दीं, बल्कि उसने निगरानी-शैली की तैयारी भी की, जिसमें इवांका ट्रम्प के फ्लोरिडा स्थित आवास का नक्शा (ब्लूप्रिंट) अपने पास रखना भी शामिल था। द न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अल-सादी ने पहले ऑनलाइन चेतावनियां जारी की थीं कि वह अमेरिका के उच्च-प्रोफाइल लक्ष्यों की निगरानी कर रहा है।

## चीन की कोयला खदान में गैस विस्फोट, 90 लोगों की मौत

**बीजिंग।** उत्तरी चीन की एक कोयला खदान में गैस विस्फोट होने से कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं और कुछ लोग अब भी लापता हैं। यह हादसा शुक्रवार देर रात शांक्सी प्रांत में चांग्झी शहर के पास स्थित लियुशेन्यू कोयला खदान में उस वक्त हुआ, जब लगभग 247 खिनक जमीन के नीचे काम कर रहे थे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, माना जा रहा है कि खदान के भीतर कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर सुरक्षा मानकों से काफी ऊपर चला गया था, जिसके चलते यह जोरदार धमाका हुआ। बचाव अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर तक नौ मजदूर अब भी मलबे में फंसे हुए थे और उन्हें निकालने के लिए बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी प्रसारक 'चाइना सेंट्रल टेलीविजन' ने बताया कि घायल हुए कई लोग जहरीली गैस की चपेट में आ गए हैं। शुरुआती खबरों में मरने वालों की तादाद कम बताई गई थी, लेकिन जैसे-जैसे शवों को बाहर निकालने का काम आगे बढ़ा, मृतक संख्या में इजाफा होता गया।

# ट्रम्प सरकार की अधिकारी तुलसी गबार्ड का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** ट्रम्प की सरकार की टॉप हिंदू अधिकारी तुलसी गबार्ड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। तुलसी अमेरिका की 'डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस' हेड हैं, उनके अंडर 18 सीक्रेट एजेंसियां काम करती हैं। उनके पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे हैं और गबार्ड इस मुश्किल समय में उनके साथ रहना चाहती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गबार्ड ने ओवल आफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के दौरान उन्हें अपने इस्तीफे की जानकारी दी।

आफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में उनका आखिरी दिन 30 जून होने की उम्मीद है। गबार्ड ने अपने चिट्ठी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का धन्यवाद भी किया और कहा कि नेशनल इंटेलिजेंस आफिस का नेतृत्व करना उनके लिए सम्मान की बात रही। ट्रम्प ने 13 फरवरी 2025 को तुलसी गबार्ड को खुफिया विभाग की जिम्मेदारी दी थी। गबार्ड ने अपने 11 साल के वैवाहिक जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि अब्राहम (पति) हमेशा उनके सबसे मजबूत सहारे रहे हैं। उन्होंने लिखा कि पूर्वी अफ्रीका में मेरी तैनाती हो, कोई



**■ 18 अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की हेड हैं, पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे**

राजनीतिक अभियान हो या फिर इस पद पर मेरी सेवा। हर मुश्किल समय में वे मजबूती से मेरे साथ खड़े रहे। उन्होंने आगे कहा कि उनकी ताकत और प्यार ने मुझे हर चुनौती से लड़ने की शक्ति दी है। ऐसे में मैं उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकती कि वह इस कठिन लड़ाई का अकेले सामना करें जबकि मैं इतने व्यस्त और जिम्मेदारी वाले पद पर बनी रहूं। गबार्ड ने यह भी कहा कि उन्होंने आफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में काम करते हुए खुफिया तंत्र में पारदर्शिता बढ़ाने और उसकी विश्वसनीयता बहाल करने की दिशा में अहम प्रगति की है।

# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 12वां टेस्ट

## इंजन फेल होने के बाद भी हिंद महासागर में लैंडिंग, पहली बार न्यू जनरेशन स्टारशिप का इस्तेमाल

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट श्स्टारशिपश के नए और बड़े वर्जन (वी-3) का पहला लॉन्च सफलताओं और नाकामियों का मिला-जुला सफर रहा। टेक्सास के दक्षिणी छोर पर स्थित श्स्टारबेसश लान्चिंग पैड से उड़ान भरने के बाद इंजन में खराबी आ गई। इस कारण राकेट के नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा था। इसके बावजूद लगभग एक घंटे बाद स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट हिंद महासागर में सुरक्षित लैंड करने में कामयाब रहा।

स्टारशिप सीरीज के पहले भी कई लॉन्च हो चुके हैं, लेकिन इस तीसरी पीढ़ी (वी-3) के अपग्रेड राकेट का पहला ही टेस्ट था और स्टारशिप का 12वां टेस्ट था। इसे भारतीय समय के अनुसार 23 मई की सुबह लॉन्च किया गया। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा



**■ लगभग एक घंटे बाद स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट हिंद महासागर में सुरक्षित लैंड करने में कामयाब रहा**

जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप सीरीज के पहले भी कई लॉन्च हो चुके हैं, लेकिन इस तीसरी पीढ़ी (वी-3) के अपग्रेड राकेट का पहला ही टेस्ट था। राकेट का पहला हिस्सा यानी 'सुपर हैवी बूस्टर' अपना 'बूस्ट बैक' बर्न पूरा नहीं कर सका। यह वह प्रक्रिया होती है जिसकी मदद से बूस्टर वापस आकर जमीन पर या समुद्र में एक नियंत्रित लैंडिंग करता है। बर्न पूरा न होने की वजह से यह बूस्टर पूरी तरह नियंत्रित तरीके से पानी में नहीं गिर सका। बूस्टर से अलग होने के बाद जब मुख्य स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट को आगे बढ़ना था, तब उसके छह में से केवल पांच इंजन ही चालू हो पाए। एक इंजन स्टार्ट न होने के कारण यह पूरी तरह से सटीक आर्बिटल पाथ पर नहीं पहुंच पाया। इसके बावजूद इसकी ट्रेजेक्टरी इतनी सुरक्षित सीमा के भीतर थी कि यह एक 'सबआर्बिटल' फ्लाइट को पूरा कर सका। इस तकनीकी खराबी के चलते टीम अंतरिक्ष में दोबारा इंजन स्टार्ट करने का टेस्ट नहीं कर पाई। इस टेस्ट का मुख्य मकसद राकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च करना, उसे ऊपर ले जाना, ऊपर के हिस्से (स्टारशिप) से अलग करना और फिर इंजन को दोबारा चालू करके समुद्र (गल्फ ऑफ अमेरिका) में तय जगह पर सुरक्षित लैंड कराना था।

## महंगाई में तेल के दाम बढ़ाकर जनता पर दोहरी मार न करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी को महंगाई के बोझ तले दबे आम लोगों पर दोहरी मार बताते हुए कहा है कि एक सप्ताह में पेट्रोल के दाम में पांच रुपये की वृद्धि कर जनता लूटा जा रहा है और सरकार परेशान लोगों को राहत देने के बजाय उनका बोझ बढ़ा रही है। कांग्रेस शोद्ध विभाग के प्रमुख प्रोफेसर राजीव गौड़ा तथा पार्टी नेता डॉली शर्मा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पेट्रोल की कीमत 100 रुपये के पार पहुंच रही है और रुपये की कीमत लगातार घट रही है।



**फ्रांस। कान शहर में आयोजित 79वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फिल्म 'द बर्थडे पार्टी' के प्रीमियर पर पहुंचने पर एरियाना ग्रीनब्लास्ट, ईवा लोंगोरिया व ऐश्वर्या राय बच्चन पोज देते हुए।**

# बांग्लादेश के दो पोर्ट अमेरिका इस्तेमाल करेगा

## इनमें से एक अंडमान ने सिर्फ 1100km दूर, सीक्रेट जानकारी शेयर करने का भी समझौता

**ढाका।** बांग्लादेश ने अमेरिका को दो महत्वपूर्ण बंदरगाहों के इस्तेमाल की इजाजत देने का फैसला किया है। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सीक्रेट जानकारी शेयर करने को लेकर भी समझौता हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और बांग्लादेश के बीच कुल तीन बड़े समझौते हुए हैं। इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है। अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाहों तक पहुंच मिलेगी। इन बंदरगाहों का इस्तेमाल अमेरिकी नौसेना और सैन्य जहाज कर सकेंगे। इससे अमेरिका को हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में अपनी सैन्य और रणनीतिक ताकत बढ़ाने में मदद मिलेगी। चिटगांव बंदरगाह भारत के अंडमान-निकोबार क्षेत्र से सिर्फ 1100 किमी दूर है। अमेरिका की



**■ इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है**

खास नजर मलक्का स्ट्रेट पर है। यह दुनिया के सबसे जरूरी ट्रेड रूट्स में से एक माना जाता है। दुनिया का लगभग 60 प्रतिशत समुद्री व्यापार इसी रास्ते से होता है। तेल, गैस और अन्य जरूरी सामानों की सप्लाई के लिए भी यह मार्ग बेहद अहम है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस इलाके में अपनी मौजूदगी बढ़ाकर अमेरिका चीन की एक्टिविटी पर भी नजर रखना चाहता है। दो बंदरगाहों के इस्तेमाल का करार-अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाह इस्तेमाल करने की इजाजत दी जाएगी। अमेरिकी युद्धपोत और सैन्य जहाज यहां आ-जा सकेंगे। खुफिया जानकारी साझा करने का करार- दोनों देश सैन्य और सुरक्षा से जुड़ी खुफिया सूचनाएं एक-दूसरे के साथ साझा करेंगे। समुद्री गतिविधियों और सुरक्षा पर मिलकर निगरानी रखी जाएगी। सैन्य और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का करार-बंगाल की खाड़ी और मलक्का स्ट्रेट रीजन में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी बढ़ाने, समुद्री निगरानी और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर सहमति बनी है। मलक्का को पूरी दुनिया के ट्रेड की लाइफलाइन कहा जा सकता है। यहां से तेल के साथ-साथ इलेक्ट्रानिक्स, मशीनें और बाकी सामान भी बड़ी मात्रा में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचते हैं। चीन के लिए तो मलक्का को सबसे बड़ी रणनीतिक कमजोरी माना जाता है। चीन के करीब 80 प्रतिशत तेल आयात इसी रास्ते से आते हैं। ये इंडस्ट्रियल इकानमी और एक्सपोर्ट सिस्टम के लिए बेहद जरूरी है। इसी वजह से चीन लंबे समय से इस पर अपनी निर्भरता को एक कमजोरी मानता है। यही कारण है कि पूर्व चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने इसे 'मलक्का डिलेमा' कहा था। हाल में चीन ने इलाके के आसपास समुद्री मैपिंग और मानिटरिंग गतिविधियां बढ़ाई हैं। मलक्का स्ट्रेट भारत के लिए भी उतना ही अहम है। देश का करीब 55 प्रतिशत व्यापार इसी रास्ते और सिंगापुर क्षेत्र से होकर गुजरता है।

# परमाणु अप्रसार संधि समीक्षा सम्मेलन बेनतीजा

**न्यूयॉर्क।** परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के मकसद से बनाई गई वैश्विक संधि की समीक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र का चार सप्ताह का सम्मेलन बिना किसी आम सहमति के समाप्त हो गया।

परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के 191 सदस्य देशों की भागीदारी वाले इस सम्मेलन में ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़ी भाषा पर पैदा हुए विवाद के बाद एक बेहद सामान्य या कमजोर अंतिम दस्तावेज को भी मंजूरी नहीं दी जा सकी। संयुक्त राष्ट्र में वियतनाम के राजदूत और सम्मेलन के अध्यक्ष दो हुंग वियत ने बैठक के समापन पर आम सहमति न बन पाने का एलान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी ने भी सहमति को जानबूझकर नहीं रोका, लेकिन उन्होंने इसके पीछे मुख्य अड़चन मसौदा दस्तावेज के उस

**■ समाप्त ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़ी भाषा पर पैदा हुए विवाद से बिगड़ा खेल**
**■ एक बेहद सामान्य या कमजोर अंतिम दस्तावेज को भी मंजूरी नहीं दी जा सकी**

प्रावधान को बताया, जिसमें कहा गया था कि ईरान 'कभी परमाणु हथियार हासिल करने, बनाने या विकसित करने की कोशिश नहीं कर सकता'। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और परमाणु प्रसार व रणनीतिक स्थिरता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, यह नाकामी एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के लिए एक और बड़ा झटका है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मायूसी जताई और कहा कि 11वां समीक्षा सम्मेलन किसी ठोस और अंतिम निर्णय पर पहुंचने में नाकाम रहा। महासचिव के प्रवक्ता की ओर से जारी बयान में गुटेरेस ने कहा कि इस सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने का बेहद अहम मौका गंवा दिया है।

प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा कि महासचिव ने एनपीटी के 11वें समीक्षा सम्मेलन में किसी ठोस नतीजे पर आम सहमति न बन पाने और दुनिया को सुरक्षित बनाने के बेहद अहम मौके को गंवा दिए जाने पर गहरी मायूसी जताई है। एनपीटी एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जिसका मकसद परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकना, परमाणु निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना और परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल का समर्थन करना है।

## आईसीजी ने की कांगो शांति स्थापित करने की अपील

**वाशिंगटन।** ग्रेट लेक्स के लिए अंतर्राष्ट्रीय संपर्क समूह ने पूर्वी कांगो में जारी लड़ाई और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव पर चिता व्यक्त की और शांति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए जा रहे हालिया राजनयिक प्रयासों का स्वागत किया। समूह ने कहा कि वह क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के नेतृत्व में चल रहे मध्यस्थता प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। समूह ने सभी पक्षों से आग्रह किया कि वे संघर्ष का स्थाई राजनीतिक समाद्धान प्राप्त करने के लिए हाल के समझौतों को आगे बढ़ाएं। बेल्जियम, डेनमार्क, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका से मिलकर बने इस समूह ने कहा कि वह पूर्वी कांगो में जारी हिसा और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव को लेकर चिंतित है।



# पेड्डी दे सकती है रामचरण के करियर को नई पहचान

**मुंबई।** अपने करियर के ज्यादातर हिस्से में राम चरण की स्टारडम उनकी भव्य और बड़े पैमाने की फिल्मों पर टिकी रही है। चिरूथा से लेकर मगधीरा की ऐतिहा. सिक सफलता तक, उन्हें हमेशा ऐसे स्टार के रूप में पेश किया गया जो बड़े कैनवास और ग्रैंड सिनेमा के लिए बने हैं। दमदार स्क्रीन प्रेजेंस, शानदार फिजिकलिटी और जबरदस्त मास अपील उनकी पहचान बन गई। राचा , नायक और एवडू जैसी फिल्मों ने उनकी इसी बड़े-हीरो वाली छवि को और मजबूत किया, जहां स्टाइल, स्वैग और बड़े-से-बड़ा हीरो. इज्म केंद्र में था।यहां तक कि जब राम चरण एक अभिनेता के तौर पर विकसित हुए, तब भी उनकी स्टार इमेज वैसी ही बनी रही।

ध्रुवा में उन्होंने शहरी दर्शकों को आकर्षित किया। ब्रुसली: द फाइटर में भी फोकस पूरी तरह स्टाइलिश हीरोइज्म पर ही रहा और फिर आरआरआर आरआरआर के जिरए उन्होंने अल्लूरी सीताराम राजू के किरदार में वैश्विक पहचान हासिल की। इस फिल्म ने उन्हें भारतीय सिनेमा का अंतर्राष्ट्रीय चेहरा बना दिया और उनकी लोकप्रियता स्थानीय सीमाओं से बहुत आगे निकल गई। शायद यही वजह है कि पेड्डी इतना दिलचस्प बदलाव महसूस होती है। बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही यह फिल्म, आरआरआर के बाद किसी और चमकदार पैन-इंडिया स्पेक्टेकल का रास्ता नहीं चुनती।

इसके बजाय राम चरण एक बिल्कुल अलग दिशा में जाते दिख रहे हैं - ऐसी दुनिया की ओर जो मिट्टी, पसीने, मेहनत और ग्रामीण पहचान से बनी है। फिल्म के प्रमोशनल मटेरियल में यह बदलाव साफ दिखाई देता है।राम चरण की पिछली फिल्मों वाली संतुलित और सलीकेदार बॉडी लैंग्वेज यहां गायब है। उसकी जगह एक ऐसा आदमी नजर आता है जिसके लंबे बाल हैं, आंखों में थकान है, चेहरे और शरीर पर संघर्ष के निशान हैं, और जिसकी चाल-ढाल में बरसों की मेहनत और दर्द महसूस होता है। यह किरदार किसी मजदूर, पहलवान या गांव के खिलाड़ी जैसा लगता है। सुकुमार की 2018 की ब्लॉकबस्टर फिल्म राम चरण के करियर में बड़ा मोड़ साबित हुई थी, क्योंकि उसने स्टार और दर्शकों के बीच की दूरी को तोड़ दिया था। वहां वह परफेक्ट नहीं थे, बल्कि भावुक, आवेगी और बेहद मानवीय थे। उस प्रदर्शन ने राम चरण के अंदर की वह संवे. दनशीलता दिखाई, जिसे दर्शकों ने पहले पूरी तरह महसूस नहीं किया था। सबसे अहम बात यह थी कि उस फिल्म ने साबित किया कि राम चरण की सबसे ताकतवर स्क्रीन प्रेजेंस तब उभरती है जब उनका किरदार जमीन से जुड़ा होता है, लेकिन रंगस्थलम की रंगीन नॉस्टैल्जिया वाली दुनिया के विपरीत, पेड्डी कहीं ज्यादा कठोर और भारी नजर आती है।

फिल्म की दुनिया स्थानीय खेल संस्कृति, मर्दाना स्वाभिमान, गांव की राजनीति और जीवित रहने की लड़ाई से संचालित होती दिखती है। इसका एक्शन हिसक, कीचड़ से भरा और बेहद रॉ है। यहां तक कि टीजर में दिखाए गए क्रिकेट सीक्वेंस भी राम चरण के अब तक के करियर में देखी गई किसी भी चीज से अलग लगते हैं। तेलुगु सिनेमा में पारंपरिक मेगा हीरो की छवि अक्सर एक दूरी पर टिकी होती है - जहां स्टार आम लोगों से ऊपर, सपनों जैसे और छू पाना मुश्किल लगते हैं। लेकिन लोकनायक अलग तरह से काम करते हैं। वे दर्शकों के अपने लगते हैं। उनकी लोकप्रियता इस बात से आती है कि लोग उनके भीतर अपने संघर्ष, गुस्से और सम्मान को महसूस कर पाते हैं और यही शायद पेड्डी राम चरण के साथ करने की कोशिश कर रही है।सालों तक एक बड़े स्टार की छवि निभाने के बाद, पेड्डी वह फिल्म बन सकती है जो राम चरण को सिर्फ सुपरस्टार नहीं, बल्कि ऐसा नायक बना दे जो थिएटर की फ्रंट रो में बैठने वाले आम लोगों का अपना लगे।

## फिल्म स्वयंभू में दिखाई देगा विजुअल्स का महा धमाका

**मुंबई।** निखिल सिद्धार्थ स्टारर फिल्म स्वयंभू अपने भव्य विजुअल्स और ऐतिहासिक कहानी को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई है। 750 से अधिक सीजी आर्टिस्ट्स और 2700 से ज्यादा वीएफएक्स शॉट्स के साथ तैयार हो रही यह फिल्म दर्शकों को एक बड़े स्तर का सिनेमाई अनुभव देने का दावा कर रही है। चाहे टीजर हो या पहला ट्रैक रा रा धीवरा, स्वयंभू की हर एक झलक ने दर्शकों के दिलों को छुआ है।

सच्ची घटनाओं से प्रेरित और सेंगोल के इर्द-गिर्द केंद्रित, यह फिल्म भारत की वीरता और गौरव की समृद्ध विरासत को दोबारा जीवंत करती है, और अपनी भव्य रिलीज के लिए लगातार एक्साइटमेंट बढ़ा रही है। जब से स्वयंभू का टीजर रिलीज हुआ है, यह कार्तिकेय 2 की सफलता के बाद निखिल सिद्धार्थ की लाइनअप में सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है। टीजर ने अपने भव्य पैमाने, समृद्ध ऐतिहासिक बैकड्रॉप, शानदार विजुअल्स और जबरदस्त एक्शन सीक्वेंसेज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

18 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार करके, इसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को काफी बढ़ा दिया और इसके लार्जर-दैन-लाइफ सिनेमैटिक विजन के लिए काफी तारीफें बटोरीं। इस बढ़ते बज को और बढ़ाते हुए, फिल्म का पहला सिगल रा रा धीवरा भी एक सेंसेशन बन गया, जिसने यूट्यूब पर 13 मिलियन व्यूज हासिल किए, जिससे प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ गई। इसी बीच, 'स्वयंभू' के मेकर्स ने अब सोशल मीडिया पर एक एक्साइटिंग बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो शेयर किया है। वीडियो में निखिल सिद्धार्थ के साथ जाने-माने डीओपी सेंथिल कुमार फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम संभाल रहे वीएफएक्स का खुद दौरा करते हुए दिख रहे हैं। आर्टिस्ट्स के साथ बारीकी से बातचीत करते, शॉट्स का रिव्यू करते और क्रिएटिव प्रोसेस को गाइड करते हुए देखा गया।

### एक नजर

## हूज योर गायनाक के अभिनेता कुणाल ठाकुर ने पुरुषों की मानसिक सेहत पर रखी बात

**मुंबई।** अभिनेता कुणाल ठाकुर इन दिनों हूज योर गायनाक में डा. अर्थ धमेचा के किरदार से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। इसके साथ ही वह पुरुषों की मानसिक सेहत और समाज में पुरुषों को अपनी भावनाएं दबाने की सीख देने वाली सोच पर भी खुलकर अपनी बात रख रहे हैं। अपने विचारों और बातचीत के जिरए कुणाल पुरुषों को मजबूत दिखने के दिखावे के बजाय अपनी भावनाओं को स्वीकारने और संवेदनशीलता को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस विषय पर खुलकर बात करते हुए कुणाल ने कहा, ष्संवे. दनशील होना वास्तव में सबसे बड़ी ताकत है और मैं यह सिर्फ इसलिए नहीं कह रहा, क्योंकि मैं एक अभिनेता हूं, बल्कि इसलिए क्योंकि अभिनेता बनने के बाद मैंने समझा कि इंसान एक बेहतर व्यक्ति कैसे बन सकता है। लोगों की भावनाओं से कैसे सीखा जा सकता है, वे जीवन में कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं, कौन-से सबक छोड़कर जाना चाहते हैं या क्या सीखकर आगे बढ़ना चाहते हैं।

## बॉबी देओल की बंदर के ट्रेलर ने सिर्फ 48 घंटों में पार किए 10 मिलियन व्यूज

**मुंबई।** बॉबी देओल की फिल्म बंदर के ट्रेलर ने यूट्यूब पर रिलीज के सिर्फ 48 घंटों के भीतर एक करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित और निखिल द्विवेदी द्वारा निर्मित इस ट्रेलर ने प्रदर्शन के ऐसे संकेत दिए हैं, जो इस श्रेणी के सामान्य स्तर से लगभग 6 गुना अधिक माने जा रहे हैं। खास बात यह है कि दर्शकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जबकि आमतौर पर इतने बड़े स्तर पर यह रफ्तार समय के साथ धीमी पड़ जाती है। 21 मई को दोपहर 12:36 बजे जारी किए गए इस ट्रेलर ने अब तक दो लाख नौ हजार से अधिक वॉच आवर्स दर्ज किए हैं ।

## ऋचा और अली न्यूजीलैंड के पहले फिल्म फेस्टिवल की करेंगे शुरुआत



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार ऋचा चड्ढा और अली फजल जल्द ही न्यूजीलैंड में बॉलीवुड का रंग बिखेरते नजर आएंगे। दोनों दो जून 2026 को देश के पहले इंडियन फिल्म फेस्टिवल द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड के आधिकारिक लॉन्च में शामिल होंगे। यह अभिनेता-निर्माता जोड़ी इस लॉन्च इवेंट की मुख्य आकर्षण होगी। इस मौके पर उनकी बतौर प्रोड्यूसर पहली फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स की खास स्क्रीनिग भी रखी जाएगी। इस फिल्म को दुनियाभर के बड़े फिल्म फेस्टिवल्स जैसे सनडांस और इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवॉर्ड्स में काफी सराहना मिल चुकी है। अक्टूबर 2026 में शुरू होने जा रहा द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड, न्यूजीलैंड का पहला समर्पित इंडियन फिल्म फेस्टिवल होगा। इसकी स्थापना पेट्रीना डी' रोजारियो ने की है। इस फेस्टिवल का उद्देश्य भारतीय सिनेमा का जश्न मनाने के साथ-साथ भारत और न्यूजीलैंड के बीच रचनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाना है। इस लॉन्च इवेंट में सबसे ज्यादा चर्चा ऋचा और अली की मौजूदगी को लेकर है, क्योंकि दोनों अपनी दमदार पहचान और विश्वसनीयता के लिए जाने जाते हैं। मेनस्ट्रीम फिल्मों के साथ-साथ अर्थपूर्ण और स्वतंत्र सिनेमा को समर्थन देने के लिए मशहूर यह जोड़ी, अभिनेता और निर्माता दोनों रूपों में हमेशा नए और वैश्विक कहानियों को आगे बढ़ाती रही है।

## पुलकित सम्राट ने ग्लोरी के सेट से शेयर की वीडियो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता पुल्कित सम्राट ने हाल ही में अपनी हालिया रिलीज सीरीज ग्लोरी के सेट से एक बिहाइंड-द-सीन्स (बीटीएस) वीडियो शेयर किया है, जिसमें फैंस को उनके दमदार ट्रेनिंग सीक्वेंस की झलक देखने को मिल रही है। इस रील में पुलि. कत एक इंटेंस ट्रेनिग रूटीन करते नजर आ रहे हैं, जहां वह एक शॉट के लिए भारी टायर्स को बार-बार उठाकर जमीन पर पटकते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में मजेदार ट्विस्ट जोड़ते हुए अभिनेता ने क्लिप पर लिखा, क्या आप टायर्स के नम्बर्स बता सकते हैं? सिर्फ गलत जवाब। हालांकि पुलकित ने कैप्शन में हेटर्स पर तंज करते हुए भी मजाकिया अंदाज में लिखा, हेटर्स कहेंगे कि ए एआई है। इसी के साथ उन्होंने हैशटैग ग्लोरी और बीटीएस लिखा है। फिलहाल इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। ऐसे में एक तरफ जहां फैंस पुलकित की हाई-एनर्जी परफॉर्मेंस और उनके फनी कैप्शन पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## द वायरल फीवर के सपने वर्सेज एवरीवन 2 ने आईएमडीबी पर हासिल किया नंबर 1 स्थान

**मुंबई।** द वायरल फीवर के शो सपने वर्सेज एवरीवन 2 ने आईएमडीबी पर नंबर 1 स्थान हासिल किया है। द वायरल फीवर ने पिछले कुछ वर्षों में खुद को भारत के सबसे सम्मानित प्रोडक्शन हाउस में से एक के रूप में स्थापित किया है। द वायरल फीवर ने सालों से मिडिल क्लास की रोजमर्रा की जिदगी को बेहद प्रामाणिक तरीके से दिखाने में महारत हासिल की है, ऐसे किरदार और पल रचे हैं जिनसे दर्शक तुरंत जुड़ जाते हैं। हालांकि सपने वर्सेज एवरीवन का दूसरा सीजन अभी हाल ही में प्रीमियर हुआ है, लेकिन दर्शक इसे खूब पसंद कर रहे हैं और यह अब आईएमडीबी की पॉपुलर इंडियन टीवी सीरीज की लिस्ट में पहले स्थान पर पहुंच गया है। क्रिएटर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए सपने वर्सेज एवरीवन 2 के आईएमडीबी की पॉपुलर इंडियन टीवी शोज की लिस्ट में नंबर 1 रैंक हासिल करने की इस उपलब्धि का जश्न मनाया। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, सपने देखने वालों द्वारा बनाई गई एक कहानी, जिसे हर किसी ने सराहा।

## कांस 2026 सफायर ब्लू गाउन में पहुंचीं ऐश्वर्या



**कांस।** कांस फिल्म फेस्टिवल से ऐश्वर्या राय बच्चन के ग्लैमरस लुक लगातार सामने आ रहे हैं। ऐश्वर्या ने कांस रेड कार्पेट पर अमित अग्रवाल का डिजाइनर सफायर गाउन पहना। उनके साथ बेटी आराध्या भी कांस पहुंची हैं, जिन्होंने अन ऑफिशियली कांस में ग्लैमरस लुक में डेब्यू किया है।

ऐश्वर्या राय ने साल 2002 में कांस में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वो लगातार कांस में मौजूद रहती हैं। बीते साल ऐश्वर्या ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सफेद-गोल्डन साड़ी पहनी थी। रेड डायमंड जूलरी और सिंदूर के साथ ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत दिखीं। उनका ट्रेडिशनल लुक काफी चर्चा में रहा था। कांस के दूसरे लुक में ऐश्वर्या राय ने गौरव गुप्ता के कलेक्शन की ब्लैक सिक्वल गाउन के साथ ट्रेल कैरी की थी। खुले बालों और मिनिमल जूलरी में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लगी थीं।